रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित * * रांची, शनिवार 15 जून 2024 ● ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 09 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 67 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

सूख गया... जोन्हा फॉल

प्रकृति का कोप: रांची का मशहूर जोन्हा फॉल इस भीषण गर्मी में पूरी तरह सूख चुका है. देख कर लगता ही नहीं कि यहां कभी पानी का लगातार झरना प्रवाहित होता रहता था. फोटो। रमीज

झुलस रहा झारखंड

प्रमुख शहरों का अधिकतम तापमान

पलामू	गढ़वा	धनबाद	जमशेदपुर	चतरा	रामगढ़	हजारीबाग	गुमला	खूंटी	लोहरदगा	रांची
45.2^0	44.9^0	44.7^0	43.4^0	43.2^0	43.1^0	42.1^0	41.6^0	41.1^0	40.4^0	40.0^0

झारखंड में मॉनसून हुआ लेट, 19 जून तक देगा दस्तक

- पूरे राज्य में हीट वेव, सूख गए नदी-नाले और जलप्रपात
- जून में बारिश होगी कम, जुलाई में हो सकती है भरपाई

रांची। भीषण गर्मी और मॉनसून में देरी के कारण झारखंड में बारिश में कमी बढ़ कर 54 प्रतिशत हो गई है तथा यह कमी और बढ़ सकती है, क्योंकि राज्य में मॉनसून 19 जून के आसपास आने की संभावना है. झारखंड के अधिकांश भागों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक है और गुरुवार को डाल्टनगंज में राज्य का सबसे अधिकतम तापमान 46.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है. रांची मौसम विज्ञान केंद्र के प्रभारी अभिषेक आनंद ने बताया, मॉनसून की मौजूदा प्रगति धीमी है. 16 जून के बाद इसमें तेजी आने की संभावना है और हम 19 जून के आसपास झारखंड में मॉनसून के आने की उम्मीद कर रहे हैं. झारखंड में मॉनसून के आगमन की सामान्य तिथि 10 जून है. हालांकि, मौसम विभाग के मॉनसून आगमन रिकॉर्ड के अनुसार, 2010 से यह 12 जून से 25 जून के बीच झारखंड पहुंचता रहा है. आनंद ने कहा कि मौजूदा स्थिति से पता चलता है कि जून में बारिश कम और जुलाई में ज्यादा हो सकती है. झारखंड में 1 जून से 13 जून तक 43.4 मिमी की सामान्य वर्षा के मुकाबले मात्र 20.2 मिमी वर्षा हुई है, जो 54 प्रतिशत कम है. चार महीने के बरसात के मौसम के लिए बारिश की गिनती 1 जून से शुरू होती है.

54% झारखंड में बारिश की कमी

12 जून तक पहले आ जाता था मॉनसून

सर्राफा

सोना (बिक्री)	67,600
चांदी (किलो)	95,000

ब्रीफ खबरें

रेड्डी ने की कोयला, खान विभाग की समीक्षा बैठक

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने अपने दोनों मंत्रालयों- कोयला और खान मंत्रालय का दायित्व संभालने के बाद पहली समीक्षा बैठक की है. रेड्डी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच ''एक्स'' पर एक पोस्ट में कहा, दिल्ली में खान मंत्रालय एवं कोयला मंत्रालय का कार्यभार संभालने के बाद पहली समीक्षा बैठक की. राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे और मंत्रालय के अन्य अधिकारी भी बैठक के दौरान मौजूद थे. रेड्डी ने कहा कि दोनों ही मंत्रालय एक साथ मिलकर एक टीम के तौर पर काम करेंगे.

मई में महंगाई उच्च स्तर 2.61% पर पहुंची

नयी दिल्ली। भीषण गर्मी के प्रकोप के बीच खाद्य वस्तुओं और महंगे विनिर्मित वस्तुओं की कीमतें बढ़ने से मई के महीने में थोक मुद्रास्फीति बढ़कर 15 महीने के उच्चतम स्तर 2.61 प्रतिशत पर पहुंच गई. इसके कारण महंगाई बढ़ गई है. आम लोगों का बजट गड़बड़ा गया है.

हजारे सभी घोटालों को उजागर करें : राउत

मुंबई। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने शुक्रवार को कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन चलाने वाले अन्ना हजारे को चुनावी बॉण्ड से जुड़े कथित घोटाले सहित देशभर के घोटालों को उजागर करना चाहिए. उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार पर अन्ना हजारे की चुप्पी संदेह पैदा करती है.

पुतिन ने संघर्ष विराम के लिए रखी शर्त

मॉस्को। रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने शुक्रवार को वादा किया कि यदि यूक्रेन अपने कब्जे वाले चार क्षेत्रों से सैनिकों की वापसी शुरू कर देता है और नाटो में शामिल होने की योजना छोड़ देता है, तो वह तत्काल यूक्रेन में संघर्ष विराम का आदेश देंगे और बातचीत शुरू करेंगे.

बैंकर्स समिति के पदाधिकारियों के साथ कृषि मंत्री बादल ने की बैठक

किसानों के दो लाख तक के कर्ज होंगे माफ

- किसानों के एनपीए लोन को भी सरकार करेगी माफ

विशेष संवाददाता। रांची

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा है कि किसानों के दो लाख रुपए तक के लोन माफ किये जाएंगे. इसके लिए उन्होंने सभी बैंकों से प्रस्ताव प्रस्तुत करने को कहा है. 31 मार्च 2020 तक किसानों द्वारा लिया गया 50 हजार से लेकर दो लाख तक के ऋण को वन टाइम सेंटलमेंट के माध्यम से माफ किया जाएगा. इसके लिए सभी बैंकों से प्रस्ताव आमंत्रित किया गया है.

वह शुक्रवार को नेपाल हाउस स्थित सभागार में राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति के पदाधिकारियों के साथ केसीसी लोन सहित कृषि कार्य के लिए किसानों द्वारा लिए गए ऋण की माफी योजना को लेकर बैठक कर रहे थे. मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने अपने वादे के मुताबिक ऐसे किसानों को राहत दी है, जो बैंक ऋण की वजह से चिंताग्रस्त रहते थे. बैठक में मुख्य रूप से विकास आयुक्त अविनाश कुमार, योजना एवं विकास विभाग के प्रधान सचिव मस्तराम मीणा, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दिकी सहित बैंकर्स समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे.

सभी बैंकों से मांगा गया प्रस्ताव : बादल ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वैसे किसानों के खाते, जो एनपीए हो चुके हैं, उनको बंद करने के लिए सरकार के पास प्रस्ताव भेजें, ताकि किसानों को ऋणमुक्त किया जा सके. बादल ने कहा कि ऐसे ऋणी, जिनकी मौत हो चुकी है तथा जिनके खाते एनपीए हो गए हैं, वैसे किसानों के लिए सक्षम साक्ष्य प्रस्तुत करने के उपरांत उन्हें भी बिना केवाईसी के लाभुकों की श्रेणी में शामिल किया जाएगा.

मृत किसानों के ऋण भी बिना केवाईसी के होंगे माफ

कृषि मंत्री बादल पत्रलेख शुक्रवार को राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक करते हुए.

अब तक 4,73,000 किसानों के 50 हजार तक के ऋण माफ

मंत्री ने जानकारी दी कि राज्य के करीब 4 लाख 73 हजार से ज्यादा किसानों के 50 हजार रुपए तक के ऋण माफ किए जा चुके हैं. इस मद में सरकार द्वारा 1900 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि बैंकों को दी गयी है. विदित हो कि 2021-22 में सरकार ने किसानों को राहत देने के मकसद से 50 हजार रुपए तक की राशि की ऋण को माफ करने की घोषणा की थी. अपने वादे के मुताबिक सरकार ने वैसे सभी आवेदनों का निष्पादन कर लिया है, जिनकी केवाईसी हो चुकी है. उन्होंने बताया कि बहुराज्यीय भूमि सहकारी विकास बैंक समिति, पटना के 10 हजार के कर्जदार किसानों के कर्ज माफ करने पर विचार किया गया. लोन लेने वाले एससी/एसटी और कमजोर वर्ग के किसानों के ऋण माफ किए जाने का निर्णय भी बैठक में लिया गया. साथ ही देवघर को-ऑपरेटिव ग्रेन बैंक, लिमिटेड, देवघर द्वारा 14 हजार 346 ऋणी किसानों के कर्ज को भी माफ करने पर विचार किया गया.

कल्याण मंत्री दीपक बिरुआ भी एक्शन में, बोले-

साइकिल वितरण तय समय में पूरा करें

रांची। मुख्यमंत्री के कड़े तेवर के बाद अब उनके मंत्री रेस हैं. आदिवासी कल्याण मंत्री शुक्रवार को विभागीय अफसरों के साथ बैठक की. अफसरों को निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है. इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं हो. लंबित आवेदनों का निष्पादन एक सप्ताह में करें. साथ ही जिला स्तर पर आवेदनों की अनुशंसा की गति तेज करें. इसमें आ रही सभी बाधाओं को दूर कर युवाओं के स्वरोजगार के मार्ग को प्रशस्त करें. उन्होंने अपने आवासीय कार्यालय में आयुक्त अजय नाथ झा को निर्देश दे रहे थे. मंत्री ने कहा, इसकी सतत निगरानी होनी चाहिए, ताकि युवाओं को लाभ दिया जा सके. स्कूली बच्चों को साइकिल वितरण योजना में शामिल करें. तय समय पर बच्चों को साइकिल मिले. 2023-24 में जो साइकिल वितरण किया जाना है वह तय समय के अंदर हो, पक्का करें. बच्चों को छात्रवृत्ति ससमय मिले, इसमें कोई कोताही नहीं हो.

छात्रों को छात्रवृत्ति समय पर उपलब्ध मिले

मंत्री ने कहा, धुमकुड़िया केंद्रों में जिला स्तर पर जिन वाद्य यंत्रों का वितरण किया जाना है, उसकी स्थिति क्या है. इसपर आदिवासी कल्याण आयुक्त ने बताया कि वितरण जिलास्तर पर होगा. वाद्य यंत्रों के क्रय की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी. मंत्री ने उन्हें जल्द से जल्द से प्रक्रियाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया है.

लातेहार में ट्रेन हादसा, चार के मरने की पुष्टि, कई लोग घायल

आशीष टैगोर। लातेहार

सासाराम-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस से शुक्रवार को बड़ा हादसा हुआ है. इसमें कई लोगों के हताहत होने की खबर है. इस हादसे की पुष्टि जिले एसपी अंजनी अंजन ने की है. बताया गया है कि जिले के कुमंडीह स्टेशन के पास शुक्रवार की रात भीषण रेल हादसा हुआ है. इस दुर्घटना में चार यात्रियों के मरने की पुष्टि की गई है. हादसे में बहुत लोग घायल भी हैं.

जानकारी के अनुसार सासाराम-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस जैसे ही कुमंडीह स्टेशन के पास पहुंची थी, इस दौरान किसी ने हल्ला मचा दिया कि ट्रेन के इंजन में आग लग गई है. अफवाह आग की तरह फैली और इसे सुनने के बाद यात्रियों में अफरा तफरी मच गई. यात्री ट्रेन से उतर कर भागने लगे. इसी दौरान अचानक विपरीत दिशा से एक मालगाड़ी आ गई, जिसकी चपेट में कई यात्री आ गए. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार चार लोगों की मौत हुई है. मृतकों में दो पुरुष, एक महिला और एक बच्चा शामिल है. मृत यात्रियों की पहचान नही हो पाई है. मौत का आंकड़ा बढ़ सकता है. कई लोग घायल हो गए हैं. धनबाद रेल डिवीजन के प्रवक्ता ने बताया कि इस पूरे मामले में विस्तृत जानकारी ली जा रही है जानकारी लेने के बाद इसे साझा किया जाएगा. घटना की जानकारी मिलने के बाद बरवाडीह से रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं. इस दुर्घटना में घायल लोगों का इलाज स्थानीय स्तर पर झोलाछाप डॉक्टर कर रहे हैं. मौके पर अफरा-तफरी का माहौल थी. इसके साथ ही लोगों के चीखने चिल्लाने की आवाजें भी आ रही थीं.

- बढ़ सकती है हताहतों की संख्या, टीम पहुंची

खेल में तेल का खेल

वेंडर ने सौंपा माफीनामा

हमसे गलती हो गई

शुभम किशोर। रांची

राजधानी रांची में महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के आयोजन में जिन गाड़ियों का इस्तेमाल हुआ, उनके नाम खेल हो गया. शुभम संदेश में खेल में तेल का खेल की खबर प्रकाशित होने के बाद वेंडर बीके ट्रेवल्स ने अपनी गलती स्वीकारते हुए खेल निदेशक को माफीनामा दिया है. साथ ही डीजल पर वसूली गयी जीएसटी की राशि भुगतान की भी बात कही है.

बता दें आयोजन में चार पहिया वाहन बीके ट्रेवल्स ने किराये पर उपलब्ध कराया था. इसके एवज में जो बिल बीके ट्रेवल्स ने निदेशालय में जमा किया, उसमें 27 वाहनों के डीजल पर 6,49,504 का भुगतान लिया था. लेकिन वाहनों के किराये के जीएसटी के साथ ही साथ डीजल मद की राशि का बिल भी बना दिया. ऐसे में गाड़ियों का किराया और डीजल मद में जीएसटी जोड़ कर ले लिया. डीजल के बिल पर भी पांच प्रतिशत की दर से 51,321रु जीएसटी वसूल लिया. खेल निदेशालय ने भी आंख मूंद कर बिल वेरिफाई कर बीके ट्रेवल्स को डीजल के एवज में जीएसटी का भुगतान भी कर दिया था. अब बीके ट्रेवल्स ने जीएसटी मद में भुगतान ली गयी राशि वापस करने की बात कही है. खेल निदेशक सुशांत गौरव ने बताया कि बीके ट्रेवल्स ने अपनी गलती मानी है कि जो बिल जमा किया गया था, उसमें टाइपिंग की गड़बड़ी हो गयी थी. जिस गाड़ी में डीजल भरवाया गया था, उसका नंबर जेएच 01ईएवाई 2455 था, लेकिन टाइपिंग मिस्टेक के कारण नंबर जेएच 01ईएक्स 2455 अंकित हो गया था.

-शेष पेज 7 पर

शुभम संदेश में खबर प्रकाशित होने के बाद वेंडर ने खेल निदेशक को सौंपा माफीनामा

महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के आयोजन में गड़बड़झाला

डीजल के बिल पर लगाया 5% जीएसटी, खेल विभाग ने भुगतान भी किया

खेल में तेल का खेल

बीके ट्रेवल्स पर निदेशालय मेहरबान!

24 की जगह खेल निदेशक ने किया 27 वाहनों का भुगतान

2655 लीटर डीजल भराया, बिल जमा हुआ 2112.78 लीटर का

ई-रिक्शा में भी भरवा दिया डीजल

चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान इस्तेमाल की गई गाड़ियों के नंबर और तेल की मात्रा

शुभम संदेश में 14 जून को छपी खबर.

सभी काम पूरी प्रक्रिया के तहत हुए : निदेशक

खेल निदेशक ने कहा, सभी काम पूरी प्रक्रिया से हुए हैं. पहले टेंडर हुआ, जो कंपनी एल वन हुई, उसे वर्कऑर्डर दिया. वर्क ऑर्डर के अनुसार ही काम हुआ. बिल के अनुरूप भुगतान हुआ. चाहे वह काम किसी भी विभाग ने किया या कराया, सभी ने बिल दिया है. गाला डिनर पर जो खर्च की बात आई है, वो जिला प्रशासन के अप्रूव्ड रेट के अनुरुप एजेंसी को किया गया है.

पेपर लीक समेत अन्य गड़बड़ियों के आरोपों की सीबीआई जांच की मांग

केंद्र और एनटीए को 'सुप्रीम' नोटिस

लगातार न्यूज नेटवर्क। नयी दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने नीट-यूजी, 2024 में कथित अनियमितताओं की सीबीआई से जांच के अनुरोध वाली याचिका पर शुक्रवार को केंद्र एवं एनटीए से जवाब मांगा. न्यायमूर्ति विक्रम नाथ व संदीप मेहता की पीठ ने सीबीआई और बिहार सरकार से दो सप्ताह में जवाब मांगा. पीठ हितेन कश्यप द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी.

पीठ ने कहा, कि अन्य याचिकाओं के साथ जनहित याचिका पर 8 जुलाई को सुनवाई की जाएगी, जब कोर्ट गर्मी की छुट्टियों के बाद बैठेगी. केंद्र और एनटीए ने पहले कोर्ट को बताया था कि उसने एमबीबीएस और ऐसे अन्य पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए परीक्षा देने वाले 1,563 बच्चो को दिए गए कृपांक रद्द कर दिए हैं. केंद्र ने कहा था कि उनके पास या तो दोबारा परीक्षा देने या कृपांक को छोड़ने का विकल्प होगा. बिहार जैसे राज्यों में पेपर लीक होने और परीक्षा में कई अन्य गड़बड़ियों के आरोप लगे हैं. आरोपों के कारण कई शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए और सात उच्च न्यायालयों एवं सर्वोच्च न्यायालय में मामले दायर किए गए. राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक' (नीट-यूजी) देश भर के सरकारी और निजी संस्थानों में मेडिकल शिक्षा से जुड़े संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एनटीए द्वारा आयोजित की जाती है.याचिका पर 8 जुलाई को सुनवाई की जाएगी.

-शेष पेज 7 पर

पीठ ने क्या कहा?

जस्टिस विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने सुनवाई की. इस दौरान एनटीए के वकील की इस दलील पर गौर किया कि पेपर लीक होने और अन्य गड़बड़ियों के आरोपों के आधार पर नीट-यूजी को रद्द करने की मांग करने वाली कई याचिकाएं कई हाईकोर्ट में लंबित हैं. पीठ ने कहा कि हम नोटिस जारी कर रहे हैं. इन पर 8 जुलाई को सुनवाई होगी. इस बीच एनटीए ने तीन अन्य याचिकाओं को वापस ले लिया. जो हाईकोर्ट से मामलों को शीर्ष कोर्ट में स्थानांतरित करने की मांग वाली थीं, क्योंकि वे 1,563 बच्चों को अनुग्रह अंक देने से संबंधित थीं.

उपलब्धि देश में सिर्फ 19 स्कूलों को मिली है मान्यता, ये गौरव पाने वाला झारखंड का पहला स्कूल

बोकारो के चिन्मय स्कूल को नाबेट से मिली मान्यता

संवाददाता। बोकारो

नेशनल एक्रिडेशन बोर्ड ऑफ एजुकेशन एंड ट्रेनिंग (नाबेट) से मान्यता प्राप्त करने वाला झारखंड का पहला और एकमात्र स्कूल बनकर बोकारो के चिन्मय विद्यालय ने इतिहास रच दिया है. पूरे भारत में 19 स्कूलों को ये मान्यता दी गई है. शुक्रवार को सेक्टर 5 स्थित स्कूल प्रांगण में आयोजित प्रेस वार्ता में नाबेट द्वारा स्कूल को उक्त सर्टिफिकेट कुरियर द्वारा भेजा गया.

प्रेस के सामने खोल इसका लोकार्पण किया गया. बता दें कि चिन्मय स्कूल को मान्यता की घोषणा 10 मई को की गई थी. स्कूल समिति के अध्यक्ष और चिन्मय शिक्षा सेल के पूर्वी क्षेत्र के निदेशक विश्वरूप उपाध्याय ने इस उपलब्धि पर खुशी और गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि नाबेट की मान्यता गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है.

उन्होंने भारत सरकार के क्वालिटी सर्कल ऑफ इंडिया की एक संवैधानिक इकाई के रूप में नाबेट की भूमिका पर प्रकाश डाला, जिसका उद्देश्य मान्यता और प्रशिक्षण के माध्यम से भारत की शिक्षा प्रणाली को विश्व स्तरीय मानकों तक बढ़ाना है. स्कूल सचिव महेश त्रिपाठी ने विश्वरूप उपाध्याय के नेतृत्व और मान्यता प्रक्रिया की निगरानी के लिए उनकी प्रशंसा की और इस बात पर जोर दिया कि पूरा चिन्मय परिवार इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर गर्व कर रहा है.

हमारे लिए मील का पत्थर: प्रिंसिपल

प्रिंसिपल सूरज शर्मा ने कहा, चिन्मय स्कूल न केवल झारखंड का पहला स्कूल है, बल्कि नाबेट मान्यता प्राप्त कुछ राष्ट्रीय संस्थानों में से एक है. शर्मा ने इस मील के पत्थर के लिए निदेशक, मानव संसाधन विभाग प्रमुख सुप्रिया चौधरी और सभी शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मियों को बधाई दी. उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि स्कूल को ब्रिटिश काउंसिल और सीबीएसई द्वारा न्यू जेनरेशन स्कूल के रूप में मान्यता दी गई है, जिससे इसकी प्रतिष्ठा में और इजाफा हुआ है. यह मान्यता स्कूल के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है.

नाबेट ने भी दी बधाई

नाबेट ने आधिकारिक तौर पर चिन्मय को मान्यता पर बधाई दी, इसे बोकारो में एक रत्न के रूप में मान्यता दी, जिसकी प्रतिष्ठा पूरे भारत में फैली है. ज्ञात हो कि पूरे भारत में नाबेट ने 19 स्कूलों को यह मान्यता प्रदान की है. इसकी अवधि चार साल 2028 तक है. बोकारो और झारखंड के लिए यह गर्व का विषय है. प्रेस वार्ता में स्कूल के प्रिंसिपल सूरज शर्मा, विश्वरूप उपाध्याय, स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती, उप प्राचार्य नरमेंद्र कुमार, आरएन मल्लिक, सचिव महेश त्रिपाठी, मानव संसाधन विकास विभाग प्रमुख सुप्रिया चौधरी, स्कूल के पीआरओ संजीव कुमार, रणविजय ओझा सहित अन्य उपस्थित थे.

पीसीसी का हाल: जहां व्यक्तिगत छवि पर चुनाव लड़ा गया, वहां हार का अंतर कम रहा

जहां संगठन की बदौलत लड़ा गया चुनाव, वहां नुकसान कुछ ज्यादा हुआ

कौशल आनंद ।रांची

- जहां सांगठनिक तौर लड़ा गया चुनाव वहां हार का अंतर काफी अधिक

प्रदेश कांग्रेस पांच सामान्य लोकसभा चुनाव में हार गयी. इसको लेकर हर स्तर पर पार्टी-संगठन में मंथन हो रहा है. जिस पर ग्रास रूट तक समीक्षा की बात तो चल रही है, मगर जवाबदेही किसकी तय की जाएगी, यह तय नहीं हो पा रहा है. ग्रास रूट समीक्षा की रिपोर्ट कब आएगी, किस पर कार्रवाई होगी, यह तो समय के गर्त में चला गया. कई तरह की शिकायतें विभिन्न माध्यमों से प्रदेश अध्यक्ष और प्रभारी गुलाम अहमद मीर के पास पहुंच रही हैं. इसमें एक अहम रिपोर्ट और शिकायत सामने आयी है, जिसमें कहा गया है कि जहां-जहां नए प्रत्याशी जो पूरी तरह से संगठन और गठबंधन की बदौलत चुनाव लड़े, वहां पर पार्टी को करारी हार का सामना करना पड़ा है. हार का अंतर काफी अधिक रहा. मगर जहां पर नेता और प्रत्याशी अपने व्यक्तिगत छवि-ताकत के बल पर चुनाव लड़े, वहां पर हार का मार्जिन कम रहा. अब इसको लेकर भी संगठन को कसौटी पर कसे जाने की तैयारी चल रही है.

तीन सीट, जहां उतारे गए नए प्रत्याशी, हार का अंतर काफी रहा

इस बार पार्टी ने तीन सीट पर नए प्रत्याशी मैदान में उतारे. जहां पर संगठन के रूप में चुनौती अधिक थी. मगर इन सीटों पर प्रत्याशियों को करारी हार का सामना करना पड़ा है. चतरा सीट से डालटनगंज निवासी पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी को मैदान में उतारा गया, जहां पर पूरी तरह से संगठन कसौटी पर थी, मगर इस सीट से त्रिपाठी 2,20,959 लाख मत से पराजित हुए. हजारीबाग सीट की बात करें तो यहां पर एकदम नया जो दूसरे दल से आकर चुनाव लड़े जय प्रकाश भाई पटेल. पटेल को हजारीबाग संसदीय सीट के लोकल और प्रदेश कांग्रेस की ओर कोई खास सपोर्ट नहीं मिला. जबकि नए प्रत्याशी होने के कारण संगठन की अधिक जिम्मेवारी बनती थी. अगर खड़गे के चुनावी सभा को छोड़ दें तो अंत तक अकेले मोर्चा संभाले रहे. अंतत: पटेल को 2,76,686 लाख मत से हार मिली. यही हाल धनबाद का रहा. धनबाद से भी नए प्रत्याशी अनुपमा सिंह को मैदान में उतारा गया. धनबाद में उन्हें 3,31,583 लाख मत से करारी हार का सामना करना पड़ा. जबकि उनके पति अनूप सिंह विधायक भी हैं. उनके छोटे भाई युवा आयोग के चेयरमैन भी हैं. यानि कि दोनों भाई और संगठन कहीं न कहीं पूरी तरह से नाकाम साबित हुए.

व्यक्तिगत छवि पर लड़े गए दो सीट पर हार का अंतर रहा कम

रांची सीट की बात करें तो चुनाव भले ही सुबोधकांत सहाय की बेटी यशस्विनी सहाय लड़ रही थीं. मगर असल परीक्षा सुबोधकांत सहाय की थी. उनकी छवि की थी. रांची में यशस्विनी सहाय, जो पहली बार चुनाव लड़ीं, पिछले बार से करीब डेढ़ लाख अधिक वोट लायीं. हार का अंतर भी कम रहा. वे 1,01,813 मतों से हारीं. अगर रांची में सांगठनिक और गठबंधन दलों का सपोर्ट ठीक से मिलता तो रांची सीट पार्टी की झोली में जा सकती थी. मगर रांची लोकसभा में चुनावी अभियान से लेकर बूथों तक प्रदेश के बड़े नेता, मंत्री, बोर्ड निगम के चेयरमैन, विभिन्न विंग के पदाधिकारी हवा-हवाई में रहे. ग्राऊंड लेबल तक वोटरों को बूथ तक पहुंचाने और मोदी विरोधी मतों को मत दिलाने में विफल रहे. गोड्डा सीट की बात करें तो यहां पर प्रदीप यादव की व्यक्तिगत छवि काम आयी. गोड्डा में हार का अंतर कम रहा. प्रदीप यादव 1,20,220 मत से हारे. गोड्डा में प्रत्याशी बदलने और बदले हुए प्रत्याशी का सपोर्ट नहीं मिलने, संसाधन में कमजोरी के कारण यह सीट हाथ से निकल गयी. नहीं तो यह सीट भी पार्टी की झोली में आ सकती थी. हालांकि महगामा विधानसभा जहां से दीपिका सिंह पांडेय विधायक हैं, वहां पर वोट की स्थिति अच्छी रही. खुद प्रदीप यादव अपने विधानसभा पोड़ैयाहाट से करीब 20 हजार वोट से पिछड़ गए.

ब्रीफ खबरें

तीन विधायकों ने कल्पना सोरेन से की मुलाकात

रांची। गांडेय विधायक कल्पना सोरेन से शुक्रवार को रांची के कांके रोड स्थित आवास पर कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह सहित तीन विधायकों ने मुलाकात की. इनमें झामुमो विधायक मंगल कालिंदी और विधायक स्टीफन मरांडी शामिल हैं. तीनों ने अलग-अलग मुलाकात की. तीनों विधायकों की मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया गया है.

सीएम को रथयात्रा के लिए किया आमंत्रित

रांची। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से शुक्रवार को मोरहाबादी स्थित आवास में धुर्वा के जगन्नाथपुर मंदिर के प्रथम सेवक सह मंदिर न्यास समिति के सदस्य ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव और सेवक अमरदीप कौशल ने मुलाकात की. इस दौरान मुख्यमंत्री को उन्होंने सात जुलाई को आयोजित होने वाले ऐतिहासिक जगन्नाथपुर मंदिर रथयात्रा महोत्सव में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया.

आजसू के कई नेता झामुमो में शामिल

रांची । जुगसलाई के पूर्व विधायक मंगल कालिंदी की उपस्थिति में जुगसलाई विधानसभा के कई आजसू नेता झामुमो में शामिल हो गये. पार्टी कार्यालय हरमू में पार्टी महासचिव विनोद कुमार पांडेय के समक्ष जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बोड़ाम प्रखंड के आजसू प्रखंड अध्यक्ष मानिक चंद्र महतो, बोड़ाम जिला परिषद सदस्य सह आजसू पार्टी की महिला मोर्चा की केन्द्रीय सचिव गीतांजलि महतो, भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति झारखंड, ओडिशा पश्चिम बंगाल के प्रभारी संजय कुमार भगत, कर्मा महतो एवं राम दास सोरेन सहित महिला नेत्री और युवा पार्टी में शामिल हो गये. सभी ने केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन के मार्गदर्शन तथा पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन के नेतृत्व पर आस्था व्यक्त करते हुए झामुमो की सदस्यता ग्रहण की. पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने सभी को पार्टी का पट्टा दिया.

शेयर बाजार घोटाला और नीट धांधली का एक ही दिन उजागर होना महज इत्तेफाक नहीं

नीट परीक्षा धांधली की सीबीआई व प्रभाव मुक्त ईडी जांच हो : सुप्रियो

विशेष संवाददाता।रांची

प्रधानमंत्री अपने नाकाबिल मानव संसाधन मंत्री को बर्खास्त करें क्योंकि वह पेपर लीक और धांधली की बात से इनकार कर रहे हैं

10 वर्षों के मोदी शासन में 41 बार पेपर लीक हुआ, जिसमें 17 बार केवल यूपी में

सुप्रियो ने कहा कि विगत दस वर्षों के मोदी शासन में 41 बार पेपल लीक हुआ. उसमें 17 बार यूपी में हुआ केवल साढ़े सात साल में. एमपी में हुआ, गुजरात में हुआ. उत्तराखंड में हुआ. यह साधारण बात नहीं है. लाखों बच्चों के साथ, लाखों विद्यार्थी, जो विभिन्न तरह की प्रतियोगिता परीक्षा का एग्जाम देते हैं. उनके साथ यह भद्दा मजाक किया जाता है. क्यों नहीं आज तक कुलिन वर्ग है, उनके दायरे के जो परीक्षाएं हैं, क्या कारण है उनका पेपर लीक नहीं होता है. केवल मध्यम एवं निम्न वर्गीय लोग के बच्चों का ही पेपर लीक क्यों. जो एक-एक पैसा जोड़कर परीक्षा देते हैं, अपना भविष्य संजोते हैं, अपनी पीढ़ी मजबूत करने के सपने देखते हैं,उनके साथ ऐसा क्यों.

झामुमो ने नीट परीक्षा धांधली को एक बड़ा घोटाला करार देते हुए सीबीआई और प्रभाव मुक्त ईडी जांच की मांग की है. क्योंकि इसमें बड़े पैसे का लेन-देना हुआ है. झामुमो ने सवाल किया है कि क्या यही पैसा शेयर बाजार में गया. क्योंकि दोनों की तिथि एक ही है. प्रधानमंत्री अपने नाकाबिल मानव संसाधन मंत्री को तत्काल बर्खास्त करें. उन्होंने कहा कि गुजरात का पैन इंडिया पेपर लीक का एक हब कोटा बन गया है. उस पर जब तक पैनी नजर न जाए. कोटा का प्रतिनिधि कौन हैं, यह सभी जानते हैं. यह बातें पार्टी के महासचिव एवं प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान कही.

शेयर बाजार और नीट घोटाला एक बड़ी साजिश : उन्होंने कहा कि चार जून को देश के लोकसभा का परिणाम और एनटीए के द्वारा लिए गए प्री-मेडिकल एग्जाम नीट का उसका भी रिजल्ट निकला. हमें पता चला कि रांची का एक मेधावी छात्र को 720 में 720 नंबर मिला. एक बार हमारे लिए यह गर्व का विषय था कि हमारे शहर का नाम पूरे देश में गौरवपूर्ण तरीके से सामने आया है. मगर कुछ देर बाद 719 और 720 का असली फिगर जब सामने आया तो पूरा देश दंग रह गया. कुछ लोग चुनाव के आपा-धापी में भूल गए थे कि बिहार, गुजरात और राजस्थान में तीन भाजपा शासित राज्यों में पुलिस ने नीट के पेपर लीक प्रकरण में कई लोगों को गिरफ्तार किया. यह बातें उस समय चुनावी शोर में दब गया था, क्योंकि उस समय 400 पार के नारे लग रहे थे, मगर सारे कुचक्र मेधावी छात्रों का भविष्य का बेड़ा गर्क कर रहा था, उस पर किसी का ध्यान नहीं किया गया. 23 लाख बच्चे 17 से 18 साल की उम्र के, आप समझ सकते हैं दिन-रात एक करके जिन्होंने इस परीक्षा में शामिल होने का काम किया, उसके साथ केंद्र सरकार ने कितना बड़ा धोखा दिया. कितना बड़ा भ्रष्टाचार किया. उनका पहला भ्रष्टाचार 4 को दो बार सामने आया, एक बार जब सेंसेक्स लुढ़का, 30 लाख करोड़ के बाजार का भ्रष्टाचार सामने आया. इसके बाद नीट में कितने लाख करोड़ का भ्रष्टाचार हुआ, इसका पता लगाना बाकी है.

केंद्रीय एचआरडी मिनिस्टर झूठ बोल कर देश के भावी डॉक्टरों के साथ भद्दा मजाक कर रहे हैं.

इससे आगे सुप्रियो ने कहा, सरकार गठन के बाद जब यह मामला केंद्र के पास आया तो मदर डिपार्टमेंट एचआरडी उसके लिए मिनिस्टर धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि कहीं कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ. कहीं पेपर लीक नहीं हुआ, मगर उन्हीं के शासित राज्यों के पुलिस ने इसे उजागार किया, पेपर लीक हुआ, लोग पकड़े गए. 30 लाख से 1-1 करोड़ में बेचा गया. यह पूरी तस्वीर साफ करता है कि किस पैमाने पर सरकार में बैठे लोग, केंद्र सरकार में बैठे लोग और उनके संपोषित दलाल गैंग, खासकर कोचिंग संस्थान चलाने वाले लोग किस मात्रा में इस काम को किये. यह सभी लोगों का लिंक, कहीं न कहीं गुजरात और राजस्थान से जुड़ा हुआ है. कौन देगा इसका जवाब. एनटीए ने कहा कि हमने ग्रेस मार्क्स दिया था. क्यों दिया था, जब दिया तो कह रहे हैं कि इसे वापस लेते हैं, पुनःपरीक्षा लेना पड़ेगा. क्या यह स्टुडेंटस के साथ शोषण और भद्दा मजाक नहीं है. क्या उसको आप चने की झाड़ पर चढ़ा दिए. अब बोल रहे हैं कि फिर से परीक्षा दो. जो बच्चे सुप्रीम कोर्ट गए, केवल उन्हीं का विड्रॉ किया गया. एक तरफ बोल रहे हैं, हम काऊसलिंग भी चलाएंगे. यह कौन सा मजाक चल रहा है. क्या इससे गुणवत्ता पूर्वक डॉक्टर आ पाएंगे क्या. तो भविष्य को हम किसको हवाले कर रहे हैं. जब आपके पास आधारभूत संचरना नहीं है, तो आप क्यों लेते हैं इतने बच्चों का एग्जाम.

व्यवसायी भयमुक्त होकर करें व्यवसाय सरकारी पूरी सुरक्षा देगी : स्वास्थ्य मंत्री

संवाददाता।रांची

रांची के पंडरा स्थित न्यू पंचवटी ज्वेलर्स में हुई लूट की घटना के बाद शुक्रवार को स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन मंत्री बन्ना गुप्ता ने पीड़ित दुकानदार और उनके परिजनों से मुलाकात कर घटना की पूरी जानकारी ली. साथ ही मौके पर उपस्थित सिटी एसपी को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द मामले का खुलासा कर अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजें. मंत्री ने पुलिस गश्ती बढ़ाने, अपराधियों पर नकेल कसने, नशाखोरी रोकने, रात्रि गश्ती तेज करने और अपराधमुक्त रांची बनाने के लिए विशेष अभियान चलाने का भी निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि व्यवसायी भयमुक्त होकर व्यवसाय करें. सरकार पूरी सुरक्षा देगी. दूसरी ओर, मंत्री बना गुप्ता ने धनबाद के सरायढेला थाना क्षेत्र अंतर्गत संजय अग्रवाल के घर चोरी की घटना का भी संज्ञान लेते हुए धनबाद के वरीय पुलिस अधिकारीयों से फोन पर बात कर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष दिशा-निर्देश दिए. उल्लेखनीय है कि गुरुवार को पंडरा स्थित पंचवटी ज्वेलर्स में गुरुवार की दोपहर तीन अपराधियों ने दिनदहाड़े लगभग 45 लाख रुपये के आभूषण लूट लिए थे. मामले को लेकर दुकान के संचालक दीपक साहू ने पंडरा ओपी में प्राथमिकी दर्ज कराई है.

साहिबगंज में गंगा फेरी के टेंडर को हाईकोर्ट में दी गई चुनौती

रांची । साहिबगंज अवैध खनन मामले में प्रवर्तन निदेशालय के गवाह अंकुश राजहंस यादव ने झारखंड हाईकोर्ट में साहिबगंज जिला प्रशासन द्वारा गंगा नदी पर फेरी टेंडर को चुनौती दी है. कोर्ट ने अंकुश यादव की याचिका को स्वीकार करते हुए 18 जून को मामले की सुनवाई निश्चित की है. गंगा नदी पर फेरी के लिए टेंडर 19 जून को होना है. अंकुश ने अपनी याचिका में कहा है कि साहिबगंज जिला प्रशासन खनन माफिया के सिंडिकेट को लाभ देने के लिए जबरन नियमों को बदल रही है. नियमों में जो बदलाव किए गए हैं, उससे किसी खास व्यक्ति को लाभ पहुंचाने की तैयारी है. इस मामले की जल्द सुनवाई के लिए हाईकोर्ट के समक्ष अधिवक्ता पार्थ जालान ने आग्रह किया. जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है.

शेखर कुशवाहा से तीन दिनों तक ईडी करेगी पूछताछ, कोर्ट ने दी अनुमति

रांची। जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा से ईडी तीन दिनों तक रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी, कोर्ट ने इसकी अनुमति दे दी है. बुधवार को शेखर कुशवाहा की गिरफ़्तारी के बाद उसे गुरुवार को रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ़ मनी लाउंड्रिंग एक्ट) के विशेष कोर्ट में पेश किया गया था. पेशी के दौरान एजेंसी के अधिवक्ता ने कोर्ट से यह आग्रह किया कि शेखर कुशवाहा को रिमांड पर लेकर पूछताछ की अनुमति दी जाये. जिसका बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने विरोध किया. ईडी ने भूमि घोटाले से संबंधित केस में कुशवाहा गिरफ्तारी की है.उम्मीद की जा रही है कि शेखर कुशवाहा से होने वाली पूछताछ में कई अहम खुलासे हो सकते है और कई ऐसे लोगों के नाम भी सामने आ सकते हैं.

विलुप्त हो रही जनजातीय भाषाओं को बचाना चुनौती है: डॉ निशांत

सेमिनार में मंच पर उपस्थित वक्ता.

संवाददाता।रांची

जनजातीय भाषा व अनुवाद प्रणाली विषय में रुम्बुल व टीआरआई के संयुक्त तत्वावधान में डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान रांची में एक दिवसीय सेमिनार हुआ. मुख्य वक्ता आईआईटी गुजरात के सहायक अध्यापक डॉ निशांत चोकसी शामिल हुए. इसमें उन्होंने छात्रो को संबोधित करते हुए कहा कि शिकागो विश्वविद्यालय में जनजातीय भाषाओं में जनजातीय भाषा मुंडारी और संताली भाषा शामिल थे. इन दोनों भाषाओं को बारीकी से समझना जरूरी है. इसके लिए उनकी संस्कृति को जानना आवश्यक है. जनजातीय भाषाओं से संबंधित कार्य देश-विदेशों में हो रहा है. आज आदिवासी भाषाओं के बहुत सारे शब्द विलुप्त हो रहे हैं. उसे बचाए रखना एक चुनौती है.

पुस्तक इन साइक्लोपिडिया मुंडारिका में मुंडाओं के जीवन-दर्शन समाहित

वक्ताओं ने कहा कि मुंडारी शब्द आटा- माटा, जलाड- कलाड, अलाए- बलाए, गुडु- गुडु, गुले-गुल, सदोर- बदोर आदि शब्दों का अनुवाद सावधानी पूर्वक करना होगा. अनुवाद में शब्द भंडार के व्याकरण का सही जानकारी अर्थपूर्ण अनुवाद होना जरूरी है. डॉ रामदयाल मुंडा के पुत्र गुंजल इकिर मुंडा ने कहा कि इन साइक्लोपीडिया मुंडारिका में बहुत ऐसे शब्द हैं, जो वर्तमान में कम प्रयोग होते हैं. इस पुस्तक में मुंडाओं के जीवन-दर्शन समाहित हैं. मौके पर मधु पूर्ति ने भी अपना विचार रखे. मौके पर डॉ जुरन सिंह मानकी, प्रोफेसर विसेश्वर मुंडा, डॉ अजीत मुंडा, प्रोफेसर करम सिंह मुंडा मौजूद रहे.

विधानसभा चुनाव से पहले अपडेटेड मतदाता सूची के लिए कवायद

संवाददाता।रांची

वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक करते पदाधिकारी.

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार लोकसभा चुनाव में मतदाताओं द्वारा प्राप्त शिकायतों के निराकरण के लिए कार्रवाई की जा रही है. इसी कड़ी में शुक्रवार को सभी जिलों के निर्वाचन संबंधी पदाधिकारियों के साथ के. रवि कुमार ने निर्वाचन सदन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की. उन्होंने कहा कि मतदाता सूची से गलत विलोपन की कुछ शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनका नियमानुसार सत्यापन करते हुए कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाए. उन्होंने कहा कि वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप के आवंटन के क्रम में बनाई गई एएसडी सूची से मिलान करते हुए मतदाता सूची से शिफ्टेड, डुप्लीकेट व मृत मतदाताओं का नियमानुसार विलोपन करें.

अभी भी जिन मतदाताओं के पास पुराना लेमिनेटेड मतदाता पहचान पत्र है, उसे बदलते हुए नए रंगीन मतदाता पहचान पत्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए, साथ ही किसी भी कारण अब तक छूटे मतदाताओं को भी मतदाता सूची से जोड़ने का कार्य किया जाए.

के. रवि कुमार ने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले पदाधिकारी अपने क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए स्वच्छ मतदाता सूची के निर्माण कार्य की प्रक्रिया को गति दें. उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी बीएलओ सुपरवाइजर घर-घर जाकर बीएलओ द्वारा किए गए कार्यों का सत्यापन करें. बीएलओ द्वारा सत्यापित घरों में से 10% घरों का बीएलओ सुपरवाइजर भौतिक सत्यापन करें व मुख्यालय द्वारा दिए गए स्टिकर चिपकाएं. उन्होंने कहा कि एक जुलाई से मुख्यालय के पदाधिकारी जिलों का भ्रमण करेंगे इस दौरान जिला कार्यालय द्वारा मतदाता सूची को स्वच्छ बनाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बताए गए मापदंडों के अनुरूप किये गए कार्यों की समीक्षा करेंगे. बैठक में ओएसडी गीता चौबे, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता समेत वर्चुअल सभी विधानसभा क्षेत्रों के एईरओ, आरओ, कंप्यूटर ऑपरेटर, हेल्प डेस्क मैनेजर सहित जिलों में निर्वाचन कार्य से जुड़े पदाधिकारी जुड़े थे.

क्लासिफाइड

कार्यक्रम फैमिली प्लानिंग चैंपियंस के एक्सपीरियन्स शेयरिंग सह कंसल्टेशन मीट का आयोजन

सहभागिता से ही परिवार नियोजन कार्यक्रम होगा सफल : बर्नस

संवाददाता।रांची

परिवार नियोजन के क्षेत्र में काम करने वाले रांची और हजारीबाग के फैमिली प्लानिंग चैम्पियंस का एक्सपीरियन्स शेयरिंग कम कंसल्टेशन मीट का आयोजन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और ममता एचएमआईसी के संयुक्त प्रयास से होटल बी एन आर चाणक्या में शुक्रवार को संपन्न हुआ. कार्यक्रम में यह बात उभर कर आई कि बिना समुदाय की सहभागिता से समाज में बदलाव संभव नहीं है. कार्यक्रम में धर्म गुरु, पंचायती राज के प्रतिनिधि, सहिया और अन्य हितधारकों ने बातें रखीं. पैलेडियम इंटरनेशनल के चीफ ऑफ पार्टी जेएफ बर्नस ने कहा कि बिना समुदाय की सहभागिता के बदलाव मुश्किल है. परिवार नियोजन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समुदाय का योगदान सबसे आगे है. राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के कोषांग प्रभारी डॉ आरएन शर्मा ने कहा कि देश की कुल आबादी का 22 प्रतिशत जनसंख्या 10 से 19 आयु वर्ग की है. ऐसे में किशोर स्वास्थ्य के सभी पहलुओं पर ध्यान देने की आवश्यकता है.

परिवार नियोजन कोषांग प्रभारी डॉ पुष्पा ने कहा कि परिवार नियोजन को लेकर समुदाय में जो भ्रांतियां और मिथ्या है, उसे दूर करने की जरूरत है. उन्होंने भारत सरकार द्वारा गर्भनिरोध की अस्थायी प्रक्रिया अंतरा और छाया के बारे में समुदाय को और विस्तार से बताने की जरूरत पर बल दिया. राज्य आईईसी कोषांग प्रभारी डॉ लाल मांझी ने कहा कि छोटा परिवार सुख का आधार है. बढ़ती जनसंख्या की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए परिवार नियोजन के साधन एवं संसाधन को आम जन-मानस तक पहुंचाने की जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग बखूबी निभा रहा है. ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फोर मदर एंड चाइल्ड के डिप्टी सीईओ संजीव धाम और डिप्टी डायरेक्टर प्रियंका श्रीनाथ ने कहा कि परिवार नियोजन कार्यक्रम में समुदाय के सभी घटकों की भागीदारी जरूरी है. इसमें धर्म गुरुओं, पंचायती राज प्रतिनिधियों, सहिया, ग्रामीण चिकित्सक, दिव्यांगजनों, सखी मंडल सहित सभी हितधारकों के सहयोग से कार्य हो रहा है. यही कारण है कि दृष्टिबाधित दिव्यांग जनों के लिए ब्रेल लिपि में परिवार नियोजन के इन्फॉर्मेशन बुकलेट और सहिया के कार्यों पर प्रकाश डालने वाले पोस्टर जारी किया गया है.

कंसल्टेशन मीट में शामिल प्रतिनिधिगण.

यूसेड फैमिली हेल्थ की डिविजन चीफ मोनी सागर ने किशोरी और महिलाओं के यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य के विषय पर व्याख्यान दिया. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की राज्य कार्यक्रम प्रबंधक अनिमा किस्कु ने फैमिली प्लानिंग में सेक्टोरल कनवर्जेंस पर बल दिया और थर्ड जेंडर के बीच यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य जागरुकता पहुंचाने की जरूरत की वकालत की. कार्यक्रम में पैलेडियम इंडिया के सीईओ अमित पतजोशी, यूनिसेफ से डॉ वनेश माथुर, रांची के सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार, परिवार नियोजन कोषांग की राज्य समन्वयक गुंजन खलखो, राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम की राज्य समन्वयक रफत फरजाना सहित अन्य ने भी विचार व्यक्त किए.

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | जमशेदपुर, शनिवार 15 जून 2024 ● ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 09 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 5 ● वर्ष : 2, अंक : 67 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

ब्लैक फ्राइडे

हादसों में छह लोगों की मौत

दो बच्चों के साथ ट्रेन से कटकर दी जान

बच्चे के साथ मृतक की फाइल फोटो.

संवाददाता । जमशेदपुर

जमशेदपुर के गोविंदपुर हाल्ट के समीप डाउन लाइन के समीप हावड़ा की ओर शुक्रवार तड़के तीन बजे मालगाड़ी की चपेट में आकर दो बच्चे समेत तीन की मौत हो गई. लोको पायलट ने तत्काल इसकी सूचना गोविंदपुर हाल्ट के स्टेशन मास्टर को दी जिसके बाद गोविंदपुर पुलिस को सूचित किया. गोविंदपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.

घटना के 12 घंटे बाद पुलिस ने मृतकों की पहचान कर ली. मृतकों में 30 वर्षीय लालटू गोप, 3 वर्षीय बेटी लक्ष्मी गोप और 2 साल का बेटा अंकित गोप शामिल है. सभी परसुडीह थाना क्षेत्र के ही महतोडीह निवासी नयन दास के घर किराए के मकान में रहते थे. लालटू मूल रूप से पोटका प्रखंड के शंकरदा गांव का रहने वाला था और जमशेदपुर में रहकर मजदूरी कर जीवन यापन करता था.

पुलिस शव की पहचान के बाद जब मंटू के आवास पहुंची तो वहां से लालटू की पत्नी मंगला गोप को गायब पाया. पुलिस ने जब उसके मोबाइल नंबर पर फोन किया तो उसका मोबाइल बंद आया. पुलिस ने नयन दास से पूछताछ की तो पाया कि पति-पत्नी के बीच रिश्ते ठीक नहीं थे. अक्सर दोनों के बीच विवाद होता था. दोनों ने चार साल पहले प्रेम विवाह किया था और उनके मकान में किराए पर रह रहे थे. बताया जा रहा है कि पत्नी तीन महीने से गायब है जिस कारण लालटू अपने बच्चों की देखभाल और काम नहीं कर पा रहा था. जिस कारण डिप्रेशन में आकर लालटू ने बच्चों के साथ आत्महत्या कर ली.

लालटू के गांव में उसकी मां और बहन रहती है. मां किसी तरह जंगल से लकड़ी बेचकर जीवन-यापन करती थी. उनपर दुख का पहाड़ टूट पड़ा है. गोविंदपुर थाना प्रभारी प्रकाश कुमार ने बताया कि पुलिस मंटू की पत्नी मंगला की तलाश में जुटी है. मंगला के मिलने पर ही आत्महत्या का राज खुल पाएगा.

स्टंट करने के दौरान बाइक स्किट करने से एक की मौत, एक घायल

जमशेदपुर । कदमा थाना अंतर्गत मरीन ड्राइव रामजनम नगर टोल ब्रिज के पास शुक्रवार की सुबह स्टंट करने के दौरान बाइक स्किट करने से दो युवक गंभीर रुप से घायल हो गए. उन्हें स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल पहुंचाया. वहां इलाज के क्रम में हल्दीपोखर दामुडीह निवासी 21 वर्षीय नीतेश सीट की मौत हो गई, जबकि उसका साथी विभीषण सरदार का दायां पैर टूट गया है. नीतेश और विभीषण दोनों गुजरात के सूरत स्थित टाइल्स फैक्ट्री में काम करते थे.

दोनों गुरुवार रात ही ट्रेन से शहर पहुंचे थे. परिजनों ने बताया कि वापसी में रात होने की वजह से दोनों स्टेशन में ही सो गए. सुबह 4 बजे दोनों आदित्यपुर श्रीडुंगरी स्थित घर पहुंचे. आराम करने के बाद दोनों बाइक लेकर कदमा में रहने वाले रिश्तेदार से मिलने के लिए निकले और वहां से दोनों हल्दीपोखर घर जाने वाले थे. इसी बीच टोल ब्रिज पार करने के बाद टाटा स्टील यार्ड के पास बाइक स्किट करने से दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए. इस दौरान वहां से गुजर रहे राहगीर ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया. साथ ही इसकी सूचना फोन कर परिजनों को भी दी. इसके बाद परिजन भी अस्पताल पहुंचे. नीतेश की मौत सिर में गंभीर चोट लगने से हुई है. वह घर का इकलौता बेटा था.

नदी में डूबने से आर्मी के जवान व बच्चे की मौत

संवाददाता । चक्रधरपुर

पश्चिमी सिंहभूम जिला के मनोहरपुर थाना क्षेत्र के कोयल नदी में नदी में डूबने से एक आर्मी जवान और 11 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई. बताया जाता है कि मनोहरपुर के इंदिरा नगर निवासी 45 वर्षीय रंजन कुजूर अपने 10 वर्षीय पुत्र अनेक्स कुजूर व पुत्र के दोस्त 11 वर्षीय ऐरोन होरो के साथ कोयल नदी में नहाने गये थे. नदी में नहाने पहले दोनों बच्चे गये. वहीं रंजन कुजूर नदी के समीप एक पत्थर पर बैठकर मोबाइल में व्यस्त हो गये. इसी बीच नहाते-नहाते दोनों बच्चे नदी के गहरे पानी में चले गये और डूबने लगे.

इस दौरान स्थानीय लोगों ने अनेक्स कुजूर को किसी तरह बचा लिया. दूसरे बच्चे ऐरोन होरो को डूबता देख रंजन कुजूर भी नदी में कूद पड़े. ऐरोन होरो और रंजन कुजूर नदी के गहरे में डूब गये. इसके बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस-प्रशासन को दी. सूचना मिलने पर मनोहरपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी शक्तिकुंज व मनोहरपुर पुलिस के अधिकारी व जवान कोयल नदी पहुंचे और दोनों की खोजबीन शुरू की. लेकिन दोनों के नदी में नहीं मिलने पर स्थानीय गोताखोर टिंकू महतो व चमन बड़ाईक ने खोजबीन शुरू की. लगभग दो घंटे बाद आर्मी जवान रंजन कुजूर व ऐरोन होरो को नदी से बाहर निकाला गया. दोनों को इलाज के लिए मनोहरपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया. वहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया. स्थानीय लोगों के अनुसार रंजन कुजूर एक आर्मी जवान है. वह तमिलनाडु में पोस्टेड था. वह झारखंड के गुमला निवासी थे. वहीं उनकी पत्नी कुसुम कुजूर मनोहरपुर प्रखंड के छोटानागर स्थित विद्यालय में शिक्षिका के पद पर कार्यरत हैं. इधर इस घटना से पूरे मनोहरपुर क्षेत्र में शोक की लहर डूब गई. पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल भेज दिया.

पांचवीं शहादत दिवस पर जवानों को दी श्रद्धाजंलि

चांडिल । कुकडु गोली कांड में 14 जून 2019 को शहीद हुए पुलिस जवानों की याद में तिरूलडीह थाना परिसर में शहीद दिवस मनाया गया. थाना प्रभारी आलम चांद महतो समेत सभी पुलिसकर्मियों ने शहीद पांचों जवानों के तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की. थाना परिसर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पुलिस अधिकारी व जवानों ने शहीद जवानों की तस्वीर के समक्ष पुष्प चढ़ाकर उन्हें नमन किया. चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के कुकडू साप्ताहिक हाट परिसर में पुलिस गश्ती दल पर हमला कर पांच जवानों की हत्या करने के बाद उनके हथियार लूटे जाने की घटना का शुक्रवार को पांच साल पूरे हो गए.

पांच साल पहले नक्सलियों ने दिल दहला देने वाली घटना को अंजाम दिया था. साप्ताहिक बाजार के दिन भीड़ के बीच नक्सलियों द्वारा अंजाम दिए गए घटना का मंजर लोगों के जेहन में आज भी ताजा है. पांच साल बाद भी लोग उस खौफनाक घटना का भूल नहीं पा रहे हैं. तिरुलडीह थाना परिसर में शुक्रवार को पांचों शहीद जवानों को श्रद्धाजुलि अर्पित की गई.

मालूम हो कि चांडिल अनुमंडल अंतर्गत तिरुलडीह थाना के पांच पुलिसकर्मियों की आज ही के दिन यानी 14 जून 2019 को तीन साल पहले दिन के उजाले में करीब शाम पांच बजे के आसपास कुकडू साप्ताहिक हाट में वारदात को अंजाम दिया था.

कुकडू साप्ताहिक हाट के दिन गश्ती कर रही तिरुलडीह थाना की पुलिस कुकडु हाट पर रुक कर कोल्ड्रिंक्स पी रहे थे. तभी पहले से घात लगाए नक्सलियों ने पांचों पुलिसकर्मियों को पहले भुजाली से और उसके बाद गोली मार कर शहीद कर दिया था. जिसके बाद नक्सली बाइक पर बैठकर मौके पर से फरार हो गए थे.

महिला ने बताया डॉक्टर को फर्जी, जांच जारी

किसी दूसरे के प्रमाणपत्र पर प्रैक्टिस करने का लगाया आरोप

संवाददाता । जमशेदपुर

किन इन झोला छाप और फर्जी डॉक्टरों का धंधा बंद नहीं हो रहा है. जिला प्रशासन और पुलिस ने कई बार इनके खिलाफ कार्रवाई भी की है. इसके बावजूद कुकुरमुत्ते की तरह झोला छाप डॉक्टर पैदा हो रहे हैं. ऐसा ही एक मामला फर्जी डॉक्टर का सामने आया है. इस संबंध में मानगो निवासी लक्की सिंह ने पूर्वी सिंहभूम और झारखंड सरकार के स्वास्थ्य सचिव से लिखित शिकायत भी की है. उन्होंने डॉ अभय सिंह के खिलाफ जांच के लिए मानगो थाना में भी शिकायत की थी. लक्की सिंह ने कहा है कि जमशेदपुर में कदमा के भाटिया बस्ती, अरविंद पथ में रहने वाले संजीव कुमार सिंह फर्जी डॉक्टर हैं. संजीव कुमार सिंह गलत तरीके से डॉक्टर अभय कुमार सिंह का प्रमाणपत्र और लेटर पैड दोनों का इस्तेमाल कर रहे हैं. उनके नाम पर संजीव कुमार सिंह प्रैक्टिस कर रहे हैं. शिकायतकर्ता का कहना है कि डॉ अभय सिंह का निधन हो चुका है. संजीव कुमार सिंह अब डॉक्टर अभय कुमार सिंह के नाम से जाने जाते हैं और इस संबंध में पिछले दिनों सिविल सर्जन कार्यालय द्वारा जांच के दौरान बागबेड़ा के महालक्ष्मी मेडिकल स्टोर के मालिक से भी पूछताछ की गई थी. जांच के लिए संजीव कुमार सिंह को भी सिविल सर्जन कार्यालय में बुलाया गया था, लेकिन वे उपस्थित नहीं हुए थे. इस तरह वे इंसानों की जिंदगी से खेल रहे हैं. लक्की सिंह ने झारखंड सरकार के स्वास्थ्य सचिव से लिखित शिकायत भी की थी. उन्होंने स्वास्थ्य सचिव को तीन मई 2024 को लिखे पत्र में कहा है कि पूर्व में संजीव कुमार सिंह के खिलाफ पूर्वी सिंहभूम के सिविल सर्जन ने पत्रांक 723 दिनांक 26 फरवरी 2024 को जांच की अनुशंसा की थी, लेकिन उन्होंने अपने प्रभाव से इसे रूकवा दिया था. लक्की सिंह ने स्वास्थ्य सचिव से मामले की जांच कर लोगों की जिंदगी बचाने की गुहार लगाई है. उन्होंने इस संबंध में पूर्व में छह जनवरी 2017 को मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त, मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया, घाटशिला के तत्कालीन विधायक और निगरानी विभाग को भी पत्र लिखा था.संजीव कुमार सिंह पूर्व में बागबेड़ा महालक्ष्मी मेडिकल स्टोर में डॉ अभय सिंह के नाम पर मरीजों का इलाज करते थे. अब उन्होंने वहां प्रैक्टिस बंद कर दी है. वर्तमान में बागबेड़ा ट्रैफिक कॉलोनी के पास महालक्ष्मी मेडिकल स्टोर से कुछ दूरी पर डॉ अभय क्लिनिक के नाम पर अपना क्लिनिक खोल मरीजों का इलाज कर रहे हैं.लक्की सिंह ने बताया कि उन्होंने मानगो थाना में संजीव कुमार सिंह के खिलाफ शिकायत की तो उसने हत्या करने की धमकी दी. उसने 10 लाख रुपए रंगदारी भी मांगी. उसने कहा कि उसके खिलाफ फर्जी प्रमाणपत्र की जांच रुकवाने को कहा. नौ जनवरी 2024 को दोपहर में उसने पीछा भी किया और बीएच एरिया में रोक कर जबरन कार में बैठाने की कोशिश की. उसके साथ दो अन्य लोग भी थे. लेकिन खींचतान देख वहां पर लोगों की भीड़ जमा हो गई तो फर्जी केस में फंसाने की धमकी देते हुए अपने साथियों के साथ फरार हो गया.

लक्की सिंह के लगाए आरोप झूठे हैं : डॉ अभय

डॉ अभय कुमार सिंह से इस संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि लक्की सिंह उनकी पत्नी की बहन है. उसके द्वारा लगाए गए सारे आरोप झूठे हैं. उन्होंने अपने नाम के संबंध में कहा कि संजीव उनका घर का नाम है और अभय कुमार सिंह उनके शैक्षणिक सर्टिफिकेट में है. उन्होंने लक्की सिंह पर केस किया है. वह केस उठाने के लिए दबाव बना रही है. इसलिए झूठे आरोप लगा रही है.

अगले सप्ताह फिर होगी जांच : सिविल सर्जन

इस मामले में सिविल सर्जन डॉ जुझार माझी से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि इसके खिलाफ जांच का आदेश एसीएमओ को दिया था. अगले सप्ताह वे फिर इस संबंध में जांच करेंगे. यदि संजीव कुमार सिंह डॉ अभय के नाम पर प्रैक्टिस कर रहे हैं तो उनके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगीइसके लिए उन्होंने शुक्रवार को अपने मातहत अधिकारियों को पुन: पत्र जारी करने का आदेश दिया है.

इन बिंदुओं पर हो रही जांच

- डॉ अभय सिंह के प्रमाणपत्र पर प्रैक्टिस कर रहे संजीव सिंह
- संजीव सिंह पर मानगो थाना में दर्ज है एफआईआर
- जांच के लिए सिविल सर्जन कार्यालय नहीं गए संजीव

रेड क्रॉस के शिविर में 153 यूनिट रक्त संग्रह

जमशेदपुर । रेड क्रॉस सोसाइटी, पूर्वी सिंहभूम शाखा की ओर से शुक्रवार को विश्व रक्तदान दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. यह आयोजन मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी के सहयोग से किया गया.. शिविर में 153 यूनिट रक्त संग्रह किया गया. इससे पूर्व उपायुक्त सह रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष अनन्य मित्तल ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया. इस अवसर पर रक्तदान में रेड क्रॉस सोसाइटी को सहयोग करने वाली 71 संस्थाओं को सम्मानित किया गया. साथ ही शिविर में आये रक्तदाताओं को भी सम्मानित किया गया. इस अवसर पर सोसाइटी के मानद महाचिव विजय सिंह, विकास सिंह, मंच के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल,कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष मोहित मुनका,नंद किशोर अग्रवाल,प्रांतीय महामंत्री सार्थक अग्रवाल समेत अन्य लोग उपस्थित थे.

दूसरी तरफ कुड़मी संस्कृति विकास समिति एवं ग्राम पंचायत मौदासौली, चुकरीपाड़ा के संयुक्त तत्वावधान में विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन शुक्रवार को पंचायत भवन मौदासोली में किया गया. एमजीएम अस्पताल ब्लड बैंक के चिकित्सक डॉ ईए सोरेंग के नेतृत्व में 43 पुरुष एवं 2 महिलाओं ने रक्तदान किया. रक्तदान शिविर में कुल 49 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था. इसमें कुल 45 लोगों ने रक्तदान किया. इस संबंध में जानकारी देते हुए अमित अधिकारी ने बताया कि आज से कुडमी संस्कृति विकास समिति की ओर रक्तदान पखवाड़ा की शुरूआत की गई. शिविर में समिति के लोगों एवं एमजीएम ब्लड बैंक की हुस्न आरा, पूनम शबनम बारा, राघव कुमार, सूरज कुमार, गोपाल पांडेय आदि ब्लड बैंक की टीम के सहयोग से शिविर संपन्न हुआ.

दु:खद लापता सीआरपीएफ जवान की बरामदगी की गुहार लगाकर थक चुकी है पत्नी

बादल मुर्मू को जमीन निगल गयी या खा गया आसमान !

मुख्य संवाददाता । जमशेदपुर

सीआरपीएफ जवान बादल मुर्मू पिछले 17 महीने से लापता हैं. उनके परिजन चाईबासा स्थित एसपी कार्यालय से लेकर सीआरपीएफ 197 बटालियन तक का चक्कर लगाने के बाद राजभवन के समक्ष दो बार धरना दे चुके हैं. लेकिन बादल मुर्मू को जमीन निगल गयी या आसमान, अबतक पता नहीं चल सका है.

दरअसल जिले में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान मुठभेड़ के क्रम में नक्सलियों ने उनका अपहरण कर लिया था. उसके बाद से अबतक उनका पता नहीं चल सका है. अगर जवान की हत्या हुई है तो शव नहीं मिलने के कारण हत्या की पुष्टि नहीं हो रही है. अभी तक नक्सलियों ने हत्या की जिम्मेवारी नहीं ली है. जवान की पत्नी झानो मुर्मू ने सरकार से विनती की है कि उनके मेरे पति को खोजे. क्योंकि विभाग से सिर्फ तलाशे जाने का आश्वासन ही मिलता रहा है.जवान बादल मुर्मू के परिजन यथासंभव हर जगह गुहार लगा चुके हैं, लेकिन किसी ने गंभीरता से नहीं लिया. अंततः बादल मुर्मू की पत्नी अपने परिजनों समेत रांची स्थित राजभवन के पर धरने पर बैठ गई है. जवान बादल मुर्मू सरायकेला-खरसावां जिला के राजनगर निवासी और सीआरपीएफ 197 बटालियन में तैनात थे. बादल मुर्मू की पत्नी झानो मुर्मू के अनुसार उनके पति बादल मुर्मू ड्यूटी के दौरान गुमशुदा हो गये. कई अधिकारियों को पत्र लिख कर गुहार लगायी गयी. कई लोगों से मिलकर गुहार लगायी. बावजूद कोई सुराग हीं मिला. बादल मुर्मू फिलहाल कहां और कैसे हैं, अभी तक कुछ पता नहीं चल सका है.

उन्होंने बताया कि चाईबासा एसपी से भी मुलाकात की थी. उन्होंने आश्वासन भी दिया. मीडिया में भी उनका बयान आया था कि जंगल में गाड़ दिया. अगर ऐसा है तो सबूत दें. उन्होंने बताया कि बादल मुर्मू को वीरता के लिए 19 फरवरी 2022 को पुलिस पदक से सम्मानित किया गया था. वह पूर्व में 204 कोबरा बटालियन में तैनात थे. उस दौरान 22 जून 2017 को नक्सलियों के खिलाफ अभियान में आईईडी विस्फोट में घायल हो गये थे. उनके पैर में चोट आयी थी. पिछले गुरुवार को लापता जवान बादल मुर्मू की पत्नी व परिजन के राजभवन के समक्ष धरना पर बैठ थे. सीआरपीएफ के अधिकारियों को इसकी भनक लगी, तो वहां उनका पहुंचना शुरू हो गया. वे जवान की पत्नी और परिजन को समझाने-बुझाने में जुट गये. साथ ही उन्होंने 197 बटालियन के अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन सवाल का जवाब नहीं मिल सका. जवान की पत्नी और परिजन पहले भी धरने पर बैठे थे. उस वक्त भी अधिकारियों ने आश्वासन दिया था.

धरने पे बैठी लापता सीआरपीएफ जवान की पत्नी. (फाइल फोटो)

कुछ पता नहीं चला : पत्नी

लापता जवान बादल मुर्मू की पत्नी झानो मुर्मू ने कहा कि उनके पति कहां और कैसे हैं, अबतक कुछ पता नहीं चल सका है. एसपी साहब ने आश्वासन दिया, लेकिन कुछ नहीं हुआ.

जांच चल रही है : एसपी

बादल मुर्मू की गुमशुदगी के मामले में पूछने पर पश्चिमी सिंहभूम जिले के एसपी आशुतोष शेखर से बात की गयी, तो उन्होंने बताया कि फिलहाल इसकी जांच चल रही है.

नक्सली अभियान के दौरान हुए थे लापता

विगत 6 जनवरी 2023 को नक्सलियों के खिलाफ अभियान में वह शामिल थे. नक्सलियों ने पुलिस को ट्रैप करने के लिए जगह-जगह स्पाइक हॉल्स और आईईडी लगा रखा था. अभियान के दौरान ही बादल मुर्मू नक्सलियों के ट्रैप में फंस गये थे और नक्सलियों ने उनका अपहरण कर लिया था. उसके बाद से बादल के संबंध में कोई सुराग नहीं मिल सका है. पिछले ही साल संभवत: सितंबर 2023 में एक एनकाउंटर के बाद एक नक्सली का कॉल इंटरसेप्ट किया गया था. तब उस नक्सली को अपने साथी नक्सलियों से मोबाइल पर बात करने के दौरान यह कहते सुना गया कि जो जवान कब्जे में था, उसकी हत्या कर शव को जंगल में दफना दिया गया है. हालांकि पुलिस का मानना था कि जवान को नक्सलियों ने कोल्हान में ही कहीं अपने कब्जे में रखा है.

मॉनसून की सुस्ती से कहर ढा रही गर्मी

मुख्य संवाददाता । जमशेदपुर

भीषण गर्मी और लू की मार से कोल्हान के तीनों जिले तप रहे हैं. अभी दो-तीन दिन तक तापमान में खासा गिरावट आने की संभावना हीं है. मॉनसून की रफ्तार धीमी पड़ जाने से बरसात का इंतजार भी लंबा हो रहा है. वर्ष 2016 के बाद प्री मानसून का यह सीजन सबसे गर्म रह सकता हैं.

मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि फिलहाल कोल्हान में आगामी 16 जून तक लू और तपिश की स्थिति बनी रहेगी. इस बीच तेज हवा और गरज के साथ मध्यम से हल्के दर्जे की बारिश भी हो सकती है. वज्रपात भी हो सकता है. बावजूद अभी तपिश से राहत मिलने की संभावना नहीं है.मौसम विज्ञानियों के अनुसार मॉनसून अभी तक अपनी रफ्तार से आगे बढ़ रहा है. फिलहाल यह दक्षिणी गुजरात, उत्तरी महाराष्ट्र एवं विदर्भ के कुछ हिस्सों तक पहुंचा है, लेकिन अब इसकी रफ्तार धीमी पड़ने लगी है. 17 जून तक मॉनसून बहुत धीमी गति से आगे बढ़ेगा. मानसून की धीमी रफ्तार से हाल फिलहाल बारिश की कोई संभावना नजर नहीं आ रही है. भीषण गर्मी और लू का कहर जारी है. लेकिन माना जा रहा है कि 17 जून के बाद मॉनसून रफ्तार पकड़ेगा.मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार की तुलना में आज जमशेदपुर के अधितम तापमान में थोड़ी कमी आयी है.

ब्रीफ खबर

डुमरिया में बकरीद को लेकर थाना में बैठक

डुमरिया । डुमरिया थाना परिसर में बीडीओ निलेश कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई. बीडीओ ने उपस्थित लोगों से बकरीद के पर्व को शांति और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की. उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन और ब्लॉक प्रशासन हर समय ग्रामीणों के सहयोग करने के लिए तत्पर है.

लू से युवक की मौत, वृद्ध महिला की हालत गंभीर

घाटशिला । लू की चपेट में आने से घाटशिला थाना क्षेत्र के दहीगोड़ा निवासी 40 वर्षीय डीवर पूर्ति की मौत गुरुवार की देर रात अनुमंडल अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई. जबकि लालडीह निवासी वृद्ध महिला मीरा विश्वास को गंभीर अवस्था में देर रात भर्ती कराया गया. गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें एमजीएम अस्पताल रेफर कर दिया गया.

नए ग्रेड रिवीजन के लिए यूनियन ने मांगपत्र सौंपा

जमशेदपुर । टाटा पावर इंप्लाई यूनियन का ग्रेड रिवीजन आगामी दिसंबर माह में समाप्त हो रहा है. नए ग्रेड रिवीजन के लिए यूनियन ने अपना चार्टर्ड ऑफ़ डिमांड शुक्रवार को कंपनी प्रबंधन को सौंपा. मांगपत्र सौंपनेवालों में यूनियन की ओर से अध्यक्ष राकेशवर पांडेय व अन्य पदाधिकारी शामिल थे.

जय साहू हत्याकांड के आरोपी मनीष को जमानत

जमशेदपुर । सोनारी थाना अंतर्गत खूंटाडीह के अजय साहू की हत्या के मामले में जेल में बंद मनीष कुमार को झारखंड हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है. शुक्रवार को मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस राजेश कुमार की अदालत ने जमानत दे दी. हाईकोर्ट में अजय की ओर से अधिवक्ता विशाल त्रिवेदी ने बहस की. मनीष हजारीबाग जेल में बंद है.

आदित्यपुर में जमीन कारोबारी को मारी गोली

आदित्यपुर ।आदित्यपुर थाना क्षेत्र के शांति नगर में जमीन कारोबारी रॉकी कालिंदी और उसके पांच वर्षीय बेटे को शुक्रवार की शाम अज्ञात अपराधियों ने गोली मार दी. स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों बाप-बेटा को टीएमएच पहुंचाया गया है. वहां दोनों का इलाज चल रहा है. पुलिस मौके पर पहुंच गई है.

कदमा में घर में घुसकर चोरी करने वाला धराया

जमशेदपुर । कदमा थाना अंतर्गत तानसा रोड स्थित टीआर टाईप 61/62 क्वॉर्टर में चोरी करने वाले सुरज कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. सुरज कदमा थाना क्षेत्र के ब्लॉक नंबर 4 का रहने वाला है.सुरज के पास से पुलिस ने चोरी किया गया गला का चेन, कान की दो बाली और नकद बरामद किया है.

मानगो में ट्रक के धक्के से युवक घायल, मामला दर्ज

जमशेदपुर । मानगो थाना अंतर्गत मानगो पुल दुर्गा मंदिर के पास एक ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी. इस घटना में मानगो गुनमय कॉलोनी निवासी सरदार अवतार सिंह घायल गो गए. घटना के बाद अवतार सिंह ने मानगो थाना में वाहन चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है. पुलिस जांच कर रही है.

कालू बगान में दो पक्षों के बीच विवाद, फायरिंग

जमशेदपुर । सिदगोड़ा थाना अंतर्गत कालू बगान में शुक्रवार रात दो पक्षों में विवाद हो गया. मामला इतना बढ़ गया कि दोनो पक्षों ने एक दूसरे पर फायरिंग शुरू कर दी. दोनों तरफ से ताबड़तोड़ फायरिंग हुई. इस घटना में एक युवक को भी गोली लगी है. इधर, सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई.

ब्रीफ खबरें

टाटा कॉलेज के शिक्षक की मां दोमुहानी के पास मिलीं

जमशेदपुर । चाईबासा स्थित टाटा कॉलेज में पदस्थापित प्रो प्रभाष रंजन साहू की मां बासंती देवी (85) पिछले गुरुवार की दोपहर दो बजे से लापता थीं. प्रो साहू ने बताया कि उनकी यादाश्त काफी कमजोर है. उनकी गुमशुदगी के संबंध में कदमा उलियान निवासी प्रो साहू ने कदमा और सोनारी दोनों ही थानों में सूचना दी थी. इसके साथ ही परिजन व सगे-संबंधी बीती शाम से लेकर पूरी रात उन्हें तलाशते रहे. प्रो साहू ने बताया कि शुक्रवार की सुबह सोनारी के दोमुहानी के पास इधर-उधर घर का रास्ता ढूंढते मिलीं.

बाजारों में फायर हायड्रेंट सिस्टम लगाने की मांग

जमशेदपुर।शहर के बाजारों में आये दिन हो रही आगजनी की घटनाओं के मद्दनजर सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने उपायुक्त से प्राथमिकता के आधार पर विभिन्न स्थानों पर फायर हायड्रेंट सिस्टम लगाने की मांग की है. चैंबर के अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने कहा है कि जमशेदपुर के बाजारों मे लगातार आगजनी की घटनाएं हो रही हैं. विगत दिनों जमशेदपुर के साकची एवं बर्मामाइंस के बाजारों में आगजनी की दो-दो घटनाएं हुईं. सुरक्षा के दृष्टिकोण से बाजारों में फायर हायड्रेंट सिस्टम आवश्यकता है.

मंत्री का होर्डिंग जलाने के मामले में भाजपा नेता बरी

जमशेदपुर। सतरह वर्ष पूर्व तत्कालीन पेयजल स्वच्छता मंत्री व आजसू नेता चंद्र प्रकाश चौधरी की मानगो गोलचक्कर पर तस्वीर लगी होर्डिंग्स जलाने के मामले में गुरुवार को जमशेदपुर न्यायालय का फैसला आया. न्यायिक दंडाधिकारी पूजा लाल की अदालत ने लंबी बहस के भाजपा नेता विकास सिंह समेत सात भाजपा और भाजमो नेताओं को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया. बता दें कि आजसू पार्टी के तत्कालीन जिला अध्यक्ष चंदेश्वर पांडे ने उक्त नेताओं के खिलाफ फ मानगो थाना में मामला दर्ज करवाया था.

घाटशिला लैम्पस को मिला 5 क्विंटल धान का बीज

घाटशिला । घाटशिला लैम्पस के प्रबंधक सह सचिव तपन मार्डी ने बताया कि घाटशिला लैम्पस को 5 क्विंटल स्वर्णा धान का बीज मिला था. इस बीज को 19 किसानों के बीच वितरण कर दिया गया. धान बीज किसानों को 50 प्रतिशत सब्सिडी पर दिया गया है. 25 किलोग्राम का पैकेट 1020 रुपया की दर से आया था. किसानों को 510 रुपए की दर पर दिया गया. ज्ञात हो कि घाटशिला लैम्पस में 15 क्विंटल धान बीज की मांग थी. जबकि घाटशिला लैम्पस में निबंधित किसानों की संख्या 120 है और प्रधानमंत्री सम्मान निधि के निबंधित किसान लगभग 400 हैं.

19 जून को सांसद की धन्यवाद सह आभार रैली

बहरागोड़ा । बहरागोड़ा ब्लॉक रोड स्थित सांसद कार्यालय में शुक्रवार को जिलाध्यक्ष चंडी चरण साव की अध्यक्षता में बैठक हुई. इसमें 19 जून को सांसद विद्युत वरण महतो के धन्यवाद सह आभार यात्रा को लेकर विस्तार से चर्चा की गई. बैठक में निर्णय लिया गया कि शाम 4:00 बजे बहरागोड़ा शिरिश चौक से मुख्य बाजार होते हुए नेताजी शिशु उद्यान के समीप शाखा मैदान तक एक भव्य रैली निकाली जाएगी. इसमें जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो तीसरी बार ऐतिहासिक व शानदार जीत के लिए लोगों को धन्यवाद देंगे और आभार प्रकट करेंगे.

रैयती जमीन पर मनरेगा कुंआ खोदने की शिकायत

डुमरिया । प्रखंड के खड़ीदा पंचायत अंतर्गत पाथरासाई टोला डेराकोचा के गुणोधर भकत ने डुमरिया के बीडीओ, सीओ और थाना प्रभारी को अपने रैयती जमीन पर जबरदस्ती कब्जा कर मनरेगा से कुंआ खोदने की शिकायत की है. शिकायत में कहा गया है कि पाथरासाई टोला दांड़केघुटू के बुद्धेश्वर भकत द्वारा जबरन कुंआ खोदा जा रहा है. मना करने पर मार-पीट करने की धमकी दी जा रही है. खाता संख्या 25 प्लॉट संख्या 347 रकवा 11 डिसमिल जमीन के खतियान अधिकारियों को देकर नापी करने और आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई है.

दो वर्ष में भी नहीं बन सकी बासाडेरा गांव से झाटीझरना तक जाने वाली सड़क, अब तो विधायक भी निराश

गाड़ी कब-कहां-कैसे पलट जाए कहना मुश्किल

घाटशिला।संवाददाता

- कभी मरम्मत के नाम पर चालू होता है काम, कभी रूक जाता है
- ठेकेदार से लेकर प्रशासन तक कहीं नहीं हो रही सुनवाई

बासाडेरा गांव से झांटीझरना गांव तक जाने वाली सड़क काफी जर्जर होने के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है. पिछले दो वर्षों से यह सड़क निर्माणाधीन है. लेकिन आज तक यह सड़क बन नहीं सकी. कभी मरम्मत के नाम पर काम चालू होता है कभी रुक जाता है तो कभी 124 करोड़ की लागत से टू लेन के लिए पास होता है. इसके लिए जिसे जितना बन सका सब ने प्रयास किया और अंत में थक हार कर सब लोग बैठ गए. ठेकेदार सुजीत कुमार का लाखों रुपये का सामान भी पड़ा हुआ है.

ज्ञात हो कि इस सड़क के लिये उत्क्रमित उच्च विद्यालय झांटीझरना के शिक्षक डॉ. कमर अली ने रास्ते में आने वाले सारे गांव के ग्रामीण का हस्ताक्षर युक्त आवेदन लेकर उपायुक्त के कार्यालय में जमा किए थे. परंतु आज तक उस पर भी सुनवाई नहीं हुई. ठेकेदार से मिलने के लिए मनीष कुमार ओझा और डॉ. कमर अली जमशेदपुर का भी चक्कर लगा चुके हैं. लेकिन कुछ भी सुनने के लिए कोई तैयार नहीं. यहां तक कि विधायक रामदास सोरेन ने भी कहा कि लगता है यह सड़क कभी नहीं बन पाएगी. बुरुडीह डैम से बसडेरा गांव तक की सड़क तो बन गई थी . यह अलग बात है कि वह टूटने भी लगी है, फिर भी उस पर तो आराम से आवाजाही जारी है. लेकिन बसडेरा से आगे बढ़ते ही आदमी की हालत पतली हो जाती है.

सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे एवं बेसकोस निकल जाने से लोगों की गाड़ी कब कहां कैसे पलट जाए, कौन दुर्घटनाग्रस्त हो जाए किसका टायर पंचर हो जाए कुछ कहा नहीं जा सकता. प्रशासन से लोगों का कहना है कि थोड़ा ध्यान हम गरीबों पर भी दे और सड़क निर्माण के लिए आवश्यक कार्रवाई करें ताकि ग्रामीणों का कुछ तो भला हो सके.

जुलाई से सितंबर तक चलेगा व्यस्क बीसीजी टीकाकरण अभियान

जमशेदपुर । टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत व्यस्क बी.सी.जी टीकाकरण अभियान को लेकर शुक्रवार को जिला टास्क फोर्स की बैठक जिला सभागार में हुई. बैठक में आगामी जुलाई माह से शुरू होने वाले अभियान को लेकर चर्चा की गई. बैठक में मौजूद सिविल सर्जन डॉ. जुझार मांझी ने बताया कि टीबी मरीजों की पहचान करने एवं उन्हें टीबी रोग से बचाव के लिए बीसीजी टीका दिया जाना है. इसके लिए जिले के अलग-अलग संभावित क्षेत्र जहां वर्तमान में टीबी मरीज इलाजरत हैं अथवा उन क्षेत्रों में जहां लोगों के टीबी रोग से पीड़ित होने की संभावना है, उसे चिन्हित कर बृहद रूप से सर्वे किया जाना है.

सर्वे के उपरांत चिन्हित व्यक्तियों को पहली जुलाई से बीसीजी का टीका दिया जाएगा. उप विकास आयुक्त मनीष रंजन ने कहा कि वर्तमान में टीबी का इलाज संभव है, वहीं सदर अस्पताल सहित अन्य सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों में उक्त बीमारी की निःशुल्क दवाईयां भी उपलब्ध हैं. इसके बावजूद जागरूकता के अभाव में कुछ लोग टीबी से ग्रसित होने के बाद भी स्वास्थ्य केन्द्र तक नहीं पहुंच पाते हैं, जिन्हें चिन्हित करना इस कार्यक्रम का उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक में भी टीकाकरण कार्यक्रम को लेकर पूरी रूपरेखा बना लें.

आदित्यपुर एसटीएफ को मिली बड़ी सफलता

बालू लदा तीन हाइवा जब्त, चालक फरार

एसपी को मिली गुप्त सूचना पर की गई कार्रवाई

- कांड्रा गिद्दीबेड़ा टोल प्लाजा से पीछा कर पकड़ा
- ईचागढ़ के रास्ते आ रहे थे आदित्यपुर
- बालू लदे दो हाइवा भागने में सफल

संवाददाता। आदित्यपुर

सरायकेला एसपी मनीष टोप्पो द्वारा गठित एसटीएफ को शुक्रवार को अहले सुबह बड़ी सफलता मिली है. गुप्त सूचना पर एसटीएफ ने कार्रवाई करते हुए अवैध बालू लदे तीन हाइवा को जब्त किया है. हालांकि तीनों हाइवा के चालक हाइवा छोड़कर भाग निकले हैं.

एक हाइवा (जेएच05सीएच 5781) टाटा-कांड्रा मार्ग पर स्थित आरआर एक्विकॉन्स प्लांट के अंदर धर्मकांटा में खड़ा मिला जिसे एसटीएफ ने जब्त कर लिया है. हाइवा संख्या (जेएच05बीके1700) और (जेएच05सीयू9082) को एसटीएफ मुख्य मार्ग से जब्त कर गम्हरिया थाना ले गई.

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के एसपी मनीष टोप्पो के निर्देश पर चांडिल एवं सरायकेला अनुमंडल के लिए अलग-अलग एसटीएफ का गठन किया गया है. एसपी को गुरुवार देर रात सूचना मिली कि ईचागढ़ के रास्ते पांच हाइवा अवैध बालू लेकर कांड्रा के रास्ते आदित्यपुर में प्रवेश करने जा रहे हैं. एसपी ने दोनों एसटीएफ को अलर्ट कर दिया. जैसे ही पांचों हाइवा गिद्दीबेड़ा टोल प्लाजा से कांड्रा में प्रवेश किया, एसटीएफ ने का पीछा करना शुरू किया. पुलिस की भनक लगते ही दो हाइवा चालक रूट बदलकर भागने में सफल रहा, जबकि तीन हाइवा को एसटीएफ ने पकड़ लिया. पुलिस की इस कार्रवाई के बाद बालू माफियाओं में हड़कंप मचा गया है. बता दें कि एनजीटी के निर्देश पर अक्टूबर 2024 तक बालू खनन पर रोक लगा है, इसके बावजूद अवैध खनन जारी है.

केंद्रीय मंत्री बनने के बाद पहली बार आज चांडिल पहुंचेंगे सांसद संजय सेठ

चांडिल । लोकसभा चुनाव जीतने और केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री बनने के बाद सांसद संजय सेठ शनिवार को पहली बार ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र पहुंचेगे. इस दौरान वे विधानसभा क्षेत्र के चारों प्रखंड का दौरा कर जगह-जगह लोगों से मिलेंगे और उनका आभार जताएंगे. केंद्रीय मंत्री संजय सेठ सुबह 11 बजे रांगामाटी के पास टीकर चौक पहुंचेंगे. जहां ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता व कार्यकर्ता उनका स्वागत करेंगे.

संजय सेठ सुबह 11.15 बजे टीकर दुर्गा मंदिर चौक में लोगों से मुलाकात करेंगे. इसके बाद मिलन चौक, तिरुलडीह शहीद अजीत-धनंजय महतो चौक, कुकड़ू ब्लॉक मोड़, सिरूम चौक, छातारडीह, पुरियारा उत्क्रमित उच्च विद्यालय, आदारडीह चौक में लोगों से मुलाकात करेंगे. नीमडीह के रघुनाथपुर स्थित वन विश्रामागार में भोजन करेंगे. भोजन के बाद वे चांडिल स्टेशन चौक, चांडिल बाजार, डैम रोड में लोगों से मिलते हुए चौका मोड़ पहुंचेंगे. चौका मोड़ ओवर ब्रीज के नीचे लोगों से मुलाकात करने के बाद वे शाम छह बजे उरमाल चौक पहुंचेंगे. उरमाल से वे रांची के लिए प्रस्थान करेंगे.

वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पर ग्राम सभा ने दी सहमति

आदित्यपुर। आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र में पाइपलाइन जलापूर्ति योजना के तहत सीतारामपुर फिल्टर प्लांट के पास प्रस्तावित 30 एमएलडी के नए वाटर ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण को ग्राम सभा की बैठक में सहमति दे दी गई है. अब यह योजना जल्द शुरू होगी.

पिछले दिनों ग्रामीणों ने ग्राम सभा की अनुमति के बिना योजना शुरू किए जाने का विरोध कर काम बंद करवा दिया था. जिसको लेकर गुरुवार को ग्राम सभा की बैठक की गई. जिसमें ग्रामसभा के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे. बैठक में आदित्यपुर नगर निगम के सहायक प्रशासक शंभू प्रसाद कुशवाहा, अभिषेक कुमार, जुडको के उप महाप्रबंधक संतोष कुमार चौबे, जिंदल एजेंसी के महाप्रबंधक पीयूष सिन्हा भी शामिल हुए. इस दौरान ग्राम सभा ने बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि स्थानीय ग्रामीणों को वाटर ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण में रोजगार दी जाएगी. जिंदल एजेंसी के अधिकारी ने आश्वस्त किया गया कि सभी ग्रामीणों को प्रोजेक्ट पूरा होने तक कार्य पर रखा जाएगा. निगम के सहायक प्रशासक ने बताया कि ग्रामीणों की सहमति बनने पर अब दो दिन के अंदर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य फिर से शुरू कर दिया जाएगा. प्लांट निर्माण के लिए वन विभाग से सभी प्रकार की अनुमति ली जा चुकी है.

मवेशी से भरा वाहन पकड़ा तस्कर भागने में रहे सफल

- गजिया के रास्ते हर दिन होती है गोवंश की तस्करी
- गोरक्षकों की सजगता से मिली सफलता

संवाददाता । आदित्यपुर

आदित्यपुर थाना क्षेत्र से तस्करी कर ले जा रहे आठ गोवंशीय पशुओं को शुक्रवार तड़के करीब पांच बजे गौ रक्षकों ने तस्करों से मुक्त कराकर थाने को सौंपा है. जबकि गो तस्कर भागने में सफल रहे. पुलिस मामले की जांच में जुटी है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार राजनगर से गजिया के रास्ते आदित्यपुर होते हुए हर दिन गोवंशीय पशुओं की तस्करी होती है, जिसको लेकर लोग सजग हो गए हैं. बीती रात भी गो तस्करी की सूचना पाकर गो रक्षक सतर्क थे. जिसकी सूचना उनलोगों ने आरआईटी, आदित्यपुर और कदमा पुलिस को गुरुवार देर रात दे दी थी. गोरक्षक सभी मार्गों पर रतजगा करते रहे.

इसी दौरान आरआईटी मोड़ के समीप शुक्रवार तड़के करीब 4:45 बजे तीन पिकअप वैन को आता देख गो रक्षक सक्रिय हो गए. तभी आरआईटी मोड़ के समीप पुलिस और गो रक्षकों की सक्रियता देख दो पिकअप वैन वापस आरआईटी की ओर भाग निकले. मगर एक सादे रंग के पिकअप बोलेरो (ओडी09 ई-7495) को गोरक्षकों ने घर दबोचा. मौके से पिकअप वैन चालक भाग निकला. पुलिस ने पिकअप वैन को जब्त कर उसकी तलाशी ली तो देखा उसमें आठ गो वंशीय मवेशियों को बुरी तरह से बांधकर रखा गया था, जो दर्द से कराह रही थी.

वैन जलाने के बावजूद तस्करों के हौसले बुलंद

इस अभियान के बारे में गोरक्षा सिंहभूम विभाग प्रमुख मंटू दुबे ने बताया कि आगामी बकरीद को लेकर गो तस्कर जिले में सक्रिय हैं. उन्होंने बताया कि अगर पुलिस सावधानी नहीं बरतती तो गो तस्कर पुलिस पर भी हमला करने की से नहीं घबराते. जो पिकअप वैन भाग गया उसमें भी मवेशी और प्रतिबंधित मांस लदे थे. दो दिन पूर्व गजिया के समीप तस्करी कर ले जा रहे मवेशियों को ग्रामीणों ने मुक्त कराया था और पिकअप वैन को आग के हवाले कर दिया था, बावजूद इसके गो तस्कर इस मार्ग से आवागमन कर रहे हैं.

हजरत इरफान अली साह बाबा का सालाना उर्स मना

घाटशिला । हजरत इरफान अली साह बाबा का 52 वां सलाना उर्स घाटशिला के मुस्लिम बस्ती में शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. इस मौके पर सुबह से ही हजरत इरफान अली साह बाबा के मजार पर चादरपोशी के लिए लोगों का तांता लगा रहा.

सबसे पहले मजार पर मुस्लिम बस्ती उर्स कमेटी की ओर से चादरपोशी की गई. उसके बाद घाटशिला, मउभंडार, मुसाबनी, जादूगोड़ा, धालभूमगढ़, चाकुलिया, खड़गपुर, जमशेदपुर, हल्दी पोखर, राखा माइंस समेत अन्य क्षेत्र के सैंकड़ो लोग ने मजार पर आकर चादरपोशी की. चादरपोशी का दौर सुबह से लेकर शाम तक लगा रहा. इस संबंध में कमेटी के अध्यक्ष मो. मुशीर, सचिव कमाल हुसैन, शेख अंशारुल, शेख बबलू, शेख मतलुब, अब्दुल गफ्फार, मो. फारुख आदि ने संयुक्त रूप से बताया कि बकरीद महीने की चांद के 7 तारीख को हर साल हजरत इरफान अली साह बाबा का सलाना उर्स पिछले 52 साल से लगातार मनाया जाता है. कहा जाता है कि एक हजरत इरफान अली साह बाबा ने इस मुस्लिम बस्ती में आकर कई चमत्कार किए थे. कहा जाता है कि इस मजार पर जो लोग अपनी अपनी मुराद मांगते है वह मुराद जरूर पूरा होता है. जिन लोगों की मुराद पूरी हो जाती है वह मजार पर आकर चादरपोशी करते है.

पहल | देवलटांड़ में प्लस टू विद्यालय भवन निर्माण का मुखिया ने किया शिलान्यास

1.33 करोड़ से बनेगा 11 कमरों का दो मंजिला विद्यालय भवन

संवाददाता । चांडिल

झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से ईचागढ़ प्रखंड के देवलटांड़ में प्लस टू विद्यालय का भवन निर्माण कराया जा रहा है. इसके लिए निविदा हो चुकी है. शुक्रवार को भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया. शिक्षा विभाग के सहायक अभियंता राजकुमार प्रसाद सिन्हा, कनीय अभियंता गणेश कुमार, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भगीरथ प्रमाणिक, गौरी प्रसाद लायक, विद्यालय के प्रधानाचार्य, सहयोगी शिक्षक समेत कई ग्रामीणों की उपस्थिति में मुखिया विपिन सिंह मुंडा ने भवन निर्माण का शिलान्यास किया. विद्यालय भवन का निर्माण पांच हजार दो सौ वर्ग फीट में किया जाना है. प्लस टू विद्यालय भवन का निर्माण कार्य शुरू होने पर शिक्षा प्रेमी ग्रामीणों ने खुशी का इजहार किया है.

दो मंजिला विद्यालय भवन में अलग से स्टाफ रूम की व्यवस्था है. वहीं शौचालय की भी सुविधा रहेगी. भवन में बिजली संबंध देने के साथ कमरों में लाइट व पंखा भी लगाया जाएगा. 11 कमरों के विद्यालय भवन बनने से विद्यार्थियों को पढ़ाई में अब किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी. प्रर्याप्त कमरा रहने से सभी क्लास अलग-अलग कमरों में चलाया जा सकेगा. इस संबंध में कनीय अभियंता ने बताया कि भवन निर्माण का काम 12 महिनों में पूरा करना है. निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच ग्रामीण समय-समय पर करते रहेंगे. किसी प्रकार की अनियमितता होने पर उन्हें जानकारी देने की अपील की गई है. मुखिया विपिन सिंह मुंडा ने कहा कि विद्यालय भवन निर्माण कार्य में अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी. निर्माण प्राक्कलन के अनुसार गुणवत्तापूर्ण रूप से होनी चाहिए.

नहीं होगी बोरिंग, कहां से मिलेगा पानी

देवलटांड में बनने वाले दो मंजिला प्लस टू विद्यालय भवन में विद्यार्थियों के लिए शौचालय की सुविधा दी गई है, लेकिन भवन के साथ पानी की व्यवस्था नहीं किया गया है. कनीय अभियंता गणेश कुमार ने बताया कि प्राक्कलन में बोरिंग करने का उल्लेख नहीं है. प्लस टू स्तर के छात्राओं के लिए शौचालय की सुविधा अतिआवश्यक है, लेकिन बगैर पानी की व्यवस्था किए शौचालय कहां तक उपयोगी होगा, यह सर्वविदित है. वहीं विद्यालय भवन के साथ चारदीवारी की भी व्यवस्था नहीं किया गया है. कनीय अभियंता ने बताया कि विद्यालय के चारदीवारी और चापाकल के लिए अलग से मांग की जाएगी. उन्होंने बताया कि झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से राज्य स्तरीय योजना के तहत विद्यालय भवन का निर्माण कराया जा रहा है.

न्यूज अपडेट

विधायक समीर मोहंती का बहरागोड़ा में स्वागत

बहरागोड़ा । विधायक समीर कुमार मोहंती को झारखंड विस द्वारा पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति का सभापति बनाए जाने से झारखंड मुक्ति मोर्चा परिवार में काफी खुशी का माहौल है. शुक्रवार को झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष असित मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में विधायक समीर कुमार मोहंती को गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया. इस मौके पर विधायक ने बताया कि उन्हें जो दायित्व मिला है वह उसका निष्ठा पूर्वक पालन करेंगे. विधायक ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया. इस मौके पर असित मिश्रा, प्रोफेसर श्याम मुर्मू, रासबिहारी साव, सुमित माईती, बापी साव, मनोज माईती, गोपन परिहारी, पप्पू राउत, बिशु ओझा आदि उपस्थित थे.

मुख्यमंत्री से मिले पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी

जमशेदपुर । भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने रांची में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मुलाकात की. इस क्रम में कुणाल षाड़ंगी ने मुख्यमंत्री को जमशेदपुर समेत पूरे जिले की समस्याओं से अवगत कराया. साथ ही समाधान की मांग की. बताया गया है कि मुख्यमंत्री ने सभी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए यथासंभव समाधान का आश्वासन दिया.कुणाल षाड़ंगी ने मुख्यमंत्री से कहा है कि चाकुलिया प्रखंड में हाथियों से जान-माल की क्षति की घटनाएं लगातार प्रकाश में आती रहती हैं. इसे रोकने अथवा नियंत्रित कर पाने में विभागीय पदाधिकारी पूरी तरह से नाकाम हैं. इसलिए पेशेवर एजेंसियों की मदद से समाधान निकाला जाय.

नीमडीह में जंगली हाथी ने एक को कुचला, घायल

चांडिल ।चांडिल वन क्षेत्र अंतर्गत नीमडीह प्रखंड के पुरियारा गांव में शुक्रवार की भोर जंगली हाथी ने एक व्यक्ति को कुचलकर घायल कर दिया. घायल व्यक्ति पुरियारा गांव के रहने वाले जुरगू गोप हैं, जो अहले सुबह शौच के लिए घर से निकलकर खेत की ओर जा रहे थे. शौच के लिए जाने के दौरान जंगली हाथी से उनका आमना-सामना हो गया. घटना की सूचना मिलने के बाद उनके परिजन और अन्य ग्रामीण घायल को तत्काल इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नीमडीह पहुंचे. रघुनाथपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नीमडीह में घायल का इलाज चल रहा है. उनके बांये हाथ पर चोट लगी है और उनकी स्थिति खतरे से बाहर है.

इमली पेड़ की विशाल डाली गिरी, आवागमन बाधित

घाटशिला । दामपाड़ा क्षेत्र के कालापाथर में काशीदा-हुल्लुंग सड़क पर शुक्रवार को इमली के पेड़ की विशाल डाली गिरने से 10 घंटे तक सड़क पर आवागमन बाधित रहा. बिजली के खम्भे उखड़ गए. इससे बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई. काफी मशक्कत के बाद वार्ड सदस्य सुनाराम के नेतृत्व में ग्रामीणों ने डाली को रास्ते से हटा दिया. इमली पेड़ की डाली काटने में गांव के लोगों को काफी परेशानी हुई. डाली को काट कर हटाने के बाद आवागमन सुचारु रूप से चालू हो सका. दिनभर विद्युत विभाग के लाइनमैन विद्युत खंभा और तार को दुरुस्त करने में लग रहे. वहीं बांकी पंचायत के लेदा में भी गुरुवार की रात आई आंधी में कई घरों के छप्पर उड़ गए.

वार्ड सदस्य ने दो चापाकल की करायी मरम्मत

बहरागोड़ा । बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के पारुलिया पंचायत अंतर्गत छोटा पारुलिया गांव में अवस्थित दो सरकारी चापाकल विगत कई माह पूर्व खराब हो गई थी..ग्रामीणों ने मुखिया और पंचायत प्रतिनिधि को इस बारे अवगत कराया था परंतु चापाकल मरम्मत नहीं हुआ. गर्मी में लोगों की पेयजल समस्या देख कर वार्ड सदस्य अचिंत पाल ने चापाकल को ठीक करवाने को ले पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल बहरागोड़ा के कनीय अभियंता मनोज कुमार को इस समस्या से अवगत कराया. जिस पर पहल करते हुए कनीय अभियंता ने श्याम मंदिर तथा पुराना हॉस्टल के पास स्थित दो चापाकल को मरम्मत कर शुद्ध पेयजल आपूर्ति करा दिया गया .

महिला रक्तदाता रूपा देवी रांची में हुई सम्मानित

जमशेदपुर । आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल के रिलीफ को-ऑर्डिनेटर सुनील आनंद की धर्मपत्नी आनंदमार्गी रूपा देवी को 1 वर्ष में ज्यादा रक्तदान करने के लिए शुक्रवार को रांची में सम्मानित किया गया. उक्त सम्मान उन्हें झारखंड स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी रांची की ओर से प्रदान किया गया। जिसके तहत उन्हें मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया. ज्ञात हो कि आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल की ओर से प्रत्येक महीने रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है. मानक के अनुसार प्रत्येक वर्ष 120 दिन के अंतराल में संस्था की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर में पिछले काफी वर्षों से रूपा देवी रक्तदान कर रही हैं.

बारीडीह गुरुद्वारा में कुलदीप सिंह गिल नये प्रधान

जमशेदपुर ।श्री गुरु नानक सभा बारीडीह गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के नये प्रधान सरदार कुलदीप सिंह गिल बनाए गए हैं. क्षेत्र की संगत ने पिछले कई महीनों से चल रही ऊहापोह की स्थिति को आषाढ़ महीने की संग्रांद में खत्म कर दिया. शुक्रवार को क्षेत्र की 100 से अधिक संगत गुरुद्वारा में जुटी और चेयरपर्सन बीबी कमलजीत कौर गिल व प्रधान कुलविंदर सिंह को गुरुद्वारा में बुलाया. कुलविंदर सिंह ने बताया कि वह अभी ओड़िशा में हैं. संगत के हुक्म से कमलजीत कौर, पूर्व अध्यक्ष सरदार करतार सिंह एवं अन्य पदधारी उपस्थित हुए. ऐसे में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज की उपस्थिति में नया प्रधान चुनने का फैसला संगत ने लिया.

हल्की आंधी-बारिश और बिजली गर्जन से विद्युत आपूर्ति हुई बाधित, बिजली विभाग के अधिकारी कर्मचारी को मरम्मत में लग गए घंटों

33 मेन लाइन खराब, 11 घंटे बिजली गायब, परेशान रहे लोग

- उमस भरी गर्मी में लोगों ने किया रतजगा
- बिजली मिलनी शुरू हुई, फिर भी आंख मिचौली जारी

संवाददाता | चक्रधरपुर

एक ओर जहां भीषण गर्मी से हर कोई परेशान है, वहीं दूसरी ओर बिजली की लगातार कटौती से लोगों को रात में रतजगा करना पड़ रहा है. गुरुवार दोपहर लगभग तीन बजे चली हल्की आंधी-बारिश और बिजली गर्जन के कारण 33 मेन लाइन में खराबी आ गई है.

इसके कारण लगभग 11 घंटे बाद रात लगभग एक बजे मेन लाइन में आयी खराबी को ठीक किया गया. इसके बाद लोगों को बिजली मिली. हालांकि इसके बाद भी बिजली की आंख-मिचौली जारी रही. इसके कारण लोगों को उमस भरी गर्मी में रतजगा करने को मजबूर होना पड़ा. बिजली की लगातार कटौती को लेकर लोगों में विभाग के प्रति नाराजगी भी देखी गई. स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग के प्रति रोष जताते हुये कहा कि प्रत्येक वर्ष भीषण गर्मी में बिजली की समस्या उत्पन्न हो जाती है. विभाग द्वारा इसे लेकर पूर्व से तैयारी नहीं की जाती है. हल्की, आंधी बारिश के कारण कभी ग्रिड में तो कभी मेन लाइन में खराबी की बात सामने आती है. बिजली विभाग अगर समय पर बिल का पैसा लेता है तो सुविधा में भी सुधार किया जाना चाहिए.

गोईलकेरा के पालुहासा गांव में पानी की समस्या पर चर्चा करते ग्रामीण.

शुक्रवार की सुबह से बिजली की कटौती जारी

वहीं शुक्रवार दिन से ही बिजली विभाग की ओर से बार-बार बिजली की कटौती जारी थी. गुरुवार रातभर बिजली नहीं रहने व शुक्रवार सुबह भी समय पर बिजली नहीं दिये जाने के कारण कई लोगों के घरेलू कामकाज भी प्रभावित हुये. इधर इस संबंध में बिजली विभाग के कनीय अभियंता अजय हंस ने बताया कि गुरुवार दिन में बारिश और वज्रपात होने के कारण ही समस्या उत्पन्न हुई थी. 33 मेन लाइन में खराबी के साथ दो इंसुलेटर भी खराब हो गए थे. इसे देर रात ठीक किया गया.जल्द ही सुचारू रूप से बिजली मिलने लगेगी.

लू के कहर से परेशान ग्रामीणों की गुहार, बिजली नहीं देकर क्या लोगों की जान लेगी सरकार

संवाददाता | चक्रधरपुर

सारंडा के ग्रामीण पिछले तीन-चार दिनों से बिजली की भारी कटौती से परेशान हैं. एक तरफ सारंडा समेत पूरे देश में लू का भारी प्रकोप व कहर जारी है. लू से प्रतिदिन विभिन्न क्षेत्रों में दर्जनों लोगों की मौतें हो रही है. आपदा प्रबंधन एवं आईएमडी विभाग, रांची लगातार लोगों के मोबाइल पर मैसेज भेजकर भीषण गर्मी पड़ने की संभावना जताते हुये सतर्क रहने, धूप में नहीं जाने, पानी पीते रहने, सिर ढंक कर रहने का आग्रह कर रहा है. वहीं बिजली विभाग दिन-रात भारी पैमाने पर बिजली काटकर जले पर नमक छिड़क रहा है.

छोटानागरा के मुंडा बिनोद बारीक एवं सुशेन गोप ने बताया की हमारे गांव समेत सारंडा के प्राय: गांवों में पिछले 3-4 दिनों से हर पांच मिनट पर बिजली काट दी जा रही है. बीती रात साढे. ग्यारह बजे से बिजली कटी है. 24 घंटे में 3-4 घंटे ही बिजली रहती है.



बिजली के अभाव में इस भीषण गर्मी में घर के अंदर रहना मुश्किल है. दिन में बाहर निकलते हैं तो चेहरा झुलसा देने वाली गर्मी से लू लगने व मौत का खतरा बना रहता है. रात के समय घर के बाहर सोने पर विषैले सांपों को काटने का खतरा है. क्योंकि सारंडा का गांव जंगल से घिरा है.

न्यूज अपडेट

एस-9 ग्रेड में अब जेइ कहे जाएंगे नॉन मैट्रिक

किरीबुरू। सेल प्रबंधन ने अपने तमाम यूनिटों व खदानों में कार्यरत सेलकर्मियों के पदनामों को बदल दिया है. अब नॉन मैट्रिक व मैट्रिक पास सेलकर्मी भी एस-9 ग्रेड में जाने पर जूनियर इंजीनियर (जेइ) कहलायेंगे. इससे उनकी प्रतिष्ठा व सम्मान भी बढ़ेगा. सेल प्रबंधन ने एक आदेश जारी कर कहा है कि एस1-एस2 ग्रेड के अटेंडेंट-कम-टेक्नीशियन पदनाम वाले सेलकर्मी को अब तकनीकी एसोसिएट, जूनियर असिस्टेंट को ऑफिस एसोसिएट के नाम से जाना जायेगा. ग्रेड एस3-एस5 के ऑपरेटर-कम-टेक्नीशियन जूनियर इंजीनियरिंग एसोसिएट कहलाएंगे.

कल्पना सोरेन से मिले समाजसेवी डॉ. विजय सिंह

चक्रधरपुर । झारखंड की गांडेय विधानसभा सीट से चुनाव जीतकर विधायक चुनी गई पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन से चक्रधरपुर के पीपुल्स वेल्फेयर एसोसिएशन के सचिव डॉ. विजय सिंह गागराई ने रांची में मुलाकात की. उन्होंने कल्पना सोरेन को फूलों का गुलदस्ता सौंपकर भारी बहुमत से जीत की बधाई दी. कल्पना सोरेन ने भी सिंहभूम लोकसभा सीट से जीती प्रत्याशी जोबा माझी के लिए चुनाव के दौरान पीपुल्स वेल्फेयर के सचिव डॉ. विजय सिंह गागराई के नेतृत्व में उनकी टीम द्वारा किये गये कार्यों की सराहना की.

अंतरराष्ट्रीय रक्तदाता दिवस पर उरांव समूह की बैठक

चाईबासा। अंतरराष्ट्रीय रक्तदाता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को विभिन्न क्षेत्र में अनेकों कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर आदिवासी उरांव समाज रक्तदान समूह, चाईबासा की ओर से बान टोला (बरकंदाज टोली) स्थित पुस्तकालय में छोटी सी बैठक रखकर सभी रक्तदाताओं को समूह के मुख्य संचालक ब्लडमैन लालू कुजूर ने धन्यवाद दिया. उन्होंने बताया कि आदिवासी उरांव समाज रक्तदान समूह का शुभारंभ 8 जून 2000 को किया गया था. इस समूह को शुरू करने में उरांव समाज के युवा साथी सुमित बरहा, किशन बरहा, बिक्रम खलखो, ईशु टोप्पो, बिष्णु मिंज, पंकज खलखो, बबलू कुजूर, राजेश खलखो, रोहित लकड़ा एवं सुबीर लकड़ा का मुख्य योगदान रहा है.

साकची गुरुद्वारा कमिटी ने गठन के दो वर्ष पूरे किए

जमशेदपुर । साकची गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी ने मौजूदा प्रधान सरदार निशान सिंह के नेतृत्व में अपना दो वर्ष का कार्यकाल पूरा कर लिया है. इस मौके पर उत्साहित निशान सिंह ने साकची की साध संगत का आभार जताते हुए कहा कि आगे के सेवा कार्यों की फेहरिस्त भी तैयार है. अपने कार्यकाल में हुए विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में निशान सिंह ने कहा कि उन्होंने संगत से किया विकास का वादा पूरा करने की कोशिश की. इसके लिए ऊर्जा उन्हें संगत से ही मिलती है. इससे पहले निशान सिंह के सफल कार्यकाल की सभी ने सराहना की तथा बुके देकर उनका अभिनंदन किया. निशान सिंह ने उपस्थित साध संगत को अपने कार्यकाल की उपलब्धियों की जानकारी दी.

आजसू के प्रखंड अध्यक्ष व पार्षद झामुमो में शामिल

जमशेदपुर । लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन समर्थित झामुमो प्रत्याशी की हार के साथ ही झामुमो के विधायक अपना जनाधार बढ़ाने में जुट गए हैं. शुक्रवार को जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी ने आजसू पार्टी में सेंधमारी करते हुए आजसू पार्टी के बोड़ाम प्रखंड अध्यक्ष माणिक महतो और आजसू पार्टी की महिला मोर्चा की केंद्रीय सचिव और बोड़ाम जिला परिषद सदस्य गीतांजलि महतो को झामुमो में शामिल कराया. दोनों ने विधायक के नेतृत्व में रांची जाकर पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडे के समक्ष झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा.

सांसद से सरकारी जमीन पर कब्जा की शिकायत

घाटशिला। सांसद विद्युत वरण महतो ने शुक्रवार को पुतरू गांव पहुंचकर पुतरू के ग्रामीणों से मिले. ग्रामीणों ने सांसद को माला पहनाकर स्वागत किया. सांसद को ग्रामीणों ने बताया कि जितेंद्र दुबे नामक व्यक्ति द्वारा एनएच किनारे फुटबॉल मैदान के बगल में घर बना रहा है. इसमें वह सरकारी जमीन को भी दखल कर घर बना रहा है, जो कि गांव की गौचर भूमि है. साथ ही उस भूमि पर गोरू खुंटाव भी होता है. इसको लेकर कई बार बैठक हुई और काम भी रोका गया था. उसने कहा था कि सरकारी जमीन पर काम नहीं करेंगे, लेकिन रात में लाइट लगा कर काम करता था. सांसद ने ग्रामीणों को बताया कि इस मामले को लेकर ग्रामीण एसपी से बात की है और जमीन संबंधित मामले की जानकारी दी है. उन्होंने डीएसपी से बात की.

कस्तूरबा स्कूलों में 5 दिनों में पूरी होगी नामांकन प्रक्रिया

जमशेदपुर । जिले के विभिन्न प्रखंडों में स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में अगले पांच दिनों में नामांकन की प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी. नामांकन के लिए चयनित छात्राओं की सूची पर शुक्रवार को लिए जिला स्तरीय समिति ने मुहर लगा दी. नामांकन के पश्चात आगामी 22 जून को इन विद्यालयों में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया जायेगा. आज समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में हुई. इसमें छठी कक्षा के 750, सातवीं कक्षा के लिए 17, आठवीं कक्षा के लिए 22 तथा नौवीं कक्षा के लिए 20 छात्राओं के नामों की सूची पर स्वीकृति प्रदान की गयी. बैठक में बताया गया कि 809 सीटों पर नामांकन के लिए 3386 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसकी स्क्रूटनी प्रखंड स्तरीय समिति द्वारा की गई. अनुशंसित सूची जिला समिति को उपलब्ध कराई गई थी, जिसका अनुमोदन जिला स्तरीय समिति की ओर से किया गया है.

ब्रीफ खबरें

सर्पदंश से बच्ची की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

चक्रधरपुर। चक्रधरपुर चक्रधरपुर प्रखंड की आसनतलिया गांव में शुक्रवार को 10 वर्षीय बच्ची की सर्पदंश से तबीयत बिगड़ गई. इसके बाद बच्ची को इलाज के चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया. बताया जाता है कि आसनतलिया गांव निवासी चुइया कच्छप की 10 वर्षीय पुत्री प्यारी कच्छप अपने घर के बाहर एक पेड़ के नीचे खेल रही थी. इसी दौरान जहरीले सांप ने उसके पैर में काट लिया. इससे उसकी तबीयत बिगड़ने लगी. इसके बाद बच्ची को इलाज के लिए चक्रधरपुर के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया.

सम्मेलन ने तीसरी बार पीएम बनने पर मोदी को दी बधाई

जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष मुकेश मित्तल ने भारतीय जनता पार्टी की लोकसभा चुनाव में जीत और लगातार तीसरी बार नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने पर उन्हें बधाई दी. भेजे गए बधाई संदेश में मुकेश मित्तल ने कहा कि यह जीत न केवल नरेंद्र मोदी के अद्वितीय नेतृत्व का प्रमाण है, बल्कि उनके द्वारा देश के प्रति समर्पण, परिश्रम और दृढ़ निश्चय का साक्षात्कार भी है. उनके कुशल नेतृत्व में भारत ने प्रगति के नए आयाम छुए हैं. उनकी नीतियां और दूरदर्शिता ने हर भारतीय के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाए हैं. सरकार की नीतियों ने किसानों, मजदूरों, महिलाओं और युवाओं को सशक्त किया है. सरकार ने आर्थिक सुधारों से लेकर स्वास्थ्य सेवाओं तक, हर क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है.

कंपनी निरीक्षक पर जांच को लटकाने का लगा आरोप

जमशेदपुर। कन्वाई चालक संघ ने मुख्य कारखाना निरीक्षक मनीष कुमार पर टाटा मोटर्स एवं टीटीसीए प्रबंधन के खिलाफ जांच लटकाने का आरोप लगाया. यूनियन के नेता ज्ञानसागर प्रसाद ने बताया कि अपनी मांगों को लेकर कन्वाई चालक एक मार्च से धरना पर बैठे हैं. चालकों की शिकायत पर उप श्रमायुक्त ने कारखाना निरीक्षक को वाजिब मांगों की जांच करने तथा कार्रवाई का निर्देश दिया है. लेकिन इतने महीने बाद भी मुख्य कारखाना निरीक्षक द्वारा जांच पूरी नहीं की गई. उन्होंने कहा कि कई बार इस मामले को लेकर कारखाना निरीक्षक से कार्रवाई की मांग की गई. लेकिन उनकी ओर से किसी तरह की जांच नहीं की गई. यह न्याय के सरासर खिलाफ है.

एआईडीएसओ ने नीट परीक्षा के खिलाफ किया प्रदर्शन

जमशेदपुर। ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स आर्गेनाइजेशन की ओर से नीट यूजी परीक्षा घोटाले के खिलाफ घाटशिला काशिदा चौक में विरोध प्रदर्शन किया गया. सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव सोहन महतो ने कहा कि 4 जून को नीट प्रवेश परीक्षा के परिणाम प्रकाशित होने के बाद देश के विभिन्न हिस्सों से छात्रों और अभिभावकों द्वारा परिणाम की पारदर्शिता को लेकर कई सवाल उठाए जा रहे हैं. यह आश्चर्य की बात है कि एनटीए ने कुछ छात्रों को ग्रेस अंक देने का स्पष्टीकरण दिया है, लेकिन आधार ग्रेस मार्क्स देने का मामला पूरी तरह से अस्पष्ट और मनमाना है.

केयू के कुलसचिव राजेंद्र ने बनाई तैयारी कमेटी, कई डीन शामिल

दीक्षांत समारोह जुलाई के अंत में

संवाददाता | चाईबासा

कोल्हान विश्वविद्यालय का छठा दीक्षांत समारोह जुलाई माह के अंतिम सप्ताह को होगा. इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है. कुलसचिव डॉ राजेंद्र भारती ने एक कमेटी तैयार भी कर ली है. इसमें कई डीन को शामिल किया गया है. इसके साथ ही पूर्व में बनी एक कमेटी को भी अपडेट कर लिया गया है. इस बार समारोह में सिर्फ गोल्ड मेडलिस्ट को डिग्री सर्टिफिकेट प्रदान नहीं किया जायेगा, बल्कि आवेदन करने वाले सभी विद्यार्थियों को एक ही मंच पर डिग्री सर्टिफिकेट प्रदान की जायेगी. समारोह का आयोजन चाईबासा टाटा कॉलेज के मैदान में किया जाएगा.

दीक्षांत समारोह में सम्मानित होने वाले कोल्हान विवि की टॉपर

टॉपर का नाम	विषय	कॉलेज नाम
पुनम कुमार	मानवशास्त्र	पीजी विभाग
सुष्मिता कुईला	बंगला	बहरागोड़ा कॉलेज
अंकिता मोहांता	बॉटनी	पीजी विभाग
निलांदर कु. मोहांता	केमिस्ट्री	पीजी विभाग
निषांत परवीन	कॉमर्स	करीम सिटी कॉलेज
राजीव कुमार	अर्थाशास्त्र	को-ऑपरेटिव कॉलेज
रितिपर्णा राय	अंग्रेजी	पीजी विभाग
आंनद कुमार	भुगोल	वर्कस कॉलेज
कुमार मंत्री	ज्योलॉजी	पीजी विभाग
रीति कुमार सिंह	हिंदी	पीजी विभाग
माधुरी कुमारी	इतिहास	ग्रेजुएट कॉलेज
राजेश्वरी जारिका	हो	पीजी विभाग
बासुंधारा महतो	कुड़माली	पीजी विभाग
गुलजार नाराजा	गणित	करीम सिटी कॉलेज
सुषमा बारिक	ओड़िया	बहरागोड़ा कॉलेज
बसंती गागराई	दर्शनशास्त्र	पीजी विभाग
लुबना दास	जिक्स	पीजी विभाग
अन्नु कुमारी	पॉ. साइंस	ग्रेजुएट कॉलेज
आकांक्षा सिंह	मनोविज्ञान	करीम सिटी कॉलेज
मनीषा बोदरा	संस्कृत	पीजी विभाग
माधावी बास्के	संथाली	बहरागोड़ा कॉलेज
सागुन डुडू	समाजशास्त्र	पीजी विभाग
तबसुन परवीन	उर्दू	पीजी विभाग
अवेशा भांजा	जूलॉजी	पीजी विभाग

एमबीए	स्वीटी कुमारी	वर्कस कॉलेज
एमएड टॉपर	प्रियंका कुमारी	पीजी विभाग
बीएड टॉपर	दशरथ गोप	करीम सिटी कॉलेज
बीटेक टॉपर एमडी	सहिमूल हक	आरवीएस कॉलेज
बीडीएस टॉपर	ए महापात्र	अवध डेंटल कॉलेज
एलएलबी टॉपर	जूनस पूरती	को-ऑपरेटिव लॉ कॉलेज
बीएसी नर्सिंग	श्वेता	टीएमएच नर्सिंग कॉलेज

रजिस्ट्रेशन के लिए जल्द खुलेगी लॉग इन : कुलसचिव

कोल्हान विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ राजेंद्र भारती ने कहा कि जुलाई माह के अंतिम सप्ताह को छठा दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जाना है. इसको लेकर तैयारी आरंभ कर दी गई है. इस बार सभी विद्यार्थियों को एक ही मंच पर डिग्री सर्टिफिकेट प्रदान की जायेगी. जल्द ही रजिस्ट्रेशन करने के लिये लॉग इन खोल दी जायेगी.

परीक्षा विभाग ने जारी की टॉपरों की सूची

कोल्हान विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग ने टॉपरों की सूची जारी कर दी है. इसमें सभी विषय के विद्यार्थी शामिल हैं. विश्वविद्यालय के आधिकारिक वेबसाइट पर भी टॉपरों की सूची जारी की गई है. विद्यार्थी वहां से भी अपना नाम देख सकते हैं. मालूम हो कि पूर्व में भी कई विद्यार्थियों से दीक्षांत समारोह के लिये शुल्क जमा लिया गया है. उन विद्यार्थियों को शुल्क नहीं देना होगा.

मंझगांव विस में सांसद जोबा का 16 जून को अभिनन्दन

चाईबासा। चाईबासा मझगांव विधानसभा क्षेत्र के तांतनगर, मंझारी, कुमारडुंगी व मंझगांव प्रखंडों में नव निर्वाचित सांसद जोबा मांझी का 16 जून को विजय जुलूस निकाल कर अभिनंदन किया जायेगा. विधायक निरल पूर्ति ने कोकचो में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि अभिनन्दन व विजय जुलूस की शुरूआत तांतनगर प्रखंड के कोकचो से होगी. कोकचो सांसद जोबा मांझी सुबह 10 बजे पहुंचेंगे. कोकचो से शुरू होकर लोवाहातु, तांतनगर कासेया, काठभारी खास पोखरिया चिटीमिटी खत्म हो जायेगा. उसके बाद मंझारी प्रखंड के जलधार, मंझारी, भरभरिया, भगाबिला, कुमारडुंगी प्रखंड , मंझगांव प्रखंड में अभिनन्दन कर विजय जुलूस शक्ल निकाला जायेगा. विधायक ने कार्यकर्ताओं को अभिनन्दन व विजय जुलूस निकालने का टीप्स देकर दिशा-निर्देश दिया.

विधायक निरल पूर्ति ने तांतनगर प्रखंड के कोकचो में कार्यकर्ताओं को साथ बैठक कर नव निर्वाचित सांसद का अभिनन्दन व विजय जुलूस के साथ आगामी विधानसभा चुनाव जीतने का मंत्र भी दिया. उनका दावा है कि झामुमो कार्यकर्ताओं ने मंझगांव विधानसभा में जिस जोश के साथ लोकसभा चुनाव में झामुमो को बढ़त दिलाई है उससे लगता है अगामी मंझगांव विधानसभा से मेरा प्रतिद्वंद्वी दूर-दूर तक नजर नहीं आएगा. इस अवसर पर जवाहर बोयपाई, अभय बिरूली, महेंद्र कालुंडिया, संजीवन देवगम, कपिल बारी, आदि मौजूद थे.

किरीबुरु के लोगों ने कहा- हम सभी धर्म व समुदाय के लोग एक हैं

अब शांति समिति की बैठक बंद करें

संवाददाता | किरीबुरू

किरीबुरु थाना प्रभारी मुनाजीर हसन की अध्यक्षता में किरीबुरु थाना परिसर में बकरीद पर्व के मद्देनजर शुक्रवार को शांति समिति की बैठक हुई. बैठक में लोगों ने एक स्वर में कहा कि किरीबुरु-मेघाहातुबुरु जैसे शहर में कभी भी शांति समिति की बैठक की आवश्यकता नहीं है. इस शहर में रहने वाले तमाम लोग अलग-अलग जाति, धर्म, समुदाय, प्रांत तथा अलग-अलग विचारधारा के होने के बावजूद हम सभी एक हैं. चुनाव के समय ही हम सभी सिर्फ अलग-अलग प्रत्याशी को वोट देते हैं. लेकिन चुनाव खत्म होने के बाद हम सभी यह नहीं जानते हैं कि कौन प्रत्याशी जीता अथवा हारा. वह हमारे लिये काम करेगा अथवा नहीं करेगा. लेकिन हमें स्वयं इस शहर के व्यापक समाज व समुदाय के लिये न सिर्फ काम करना है, बल्कि दूसरे क्षेत्र के लोगों की मुसीबत में भी हमेशा खड़ा रहना है.

बैठक में शामिल पुलिस अधिकारी व शांति समिति के सदस्य.

सभी पर्व हर धर्म के लोगों का

उन्होंने कहा कि किरीबुरु-मेघाहातुबुरु की जनता के लिये बकरीद, ईद, होली, दीपावली, दुर्गापूजा, मुहर्रम, बड़ा दिन अथवा क्रिसमस, इस्टर, माघे पर्व, बाहा पर्व, समेत सभी धर्म, समुदाय से जुड़े पर्व व त्योहार हम सभी का पर्व है. इसे हम सभी सामूहिक रुप से मनाते ही नहीं हैं, बल्कि स्वयं द्वारा बनाई गई इस व्यवस्था को जीते हैं. प्रशासन बैठक का आयोजन तब तक करना बंद करे.

बैठक में ये थे उपस्थित

इस दौरान मुखिया पार्वती किड़ो, मुखिया प्रफुल्लीत ग्लोरिया तोपनो, मुखिया लिपि मुंडा, उप मुखिया सुमन मुंडू, उप मुखिया इरशाद अली, उप मुखिया शमशाद आलम, प्रतिमा सिंह, वीरेन्द्र मिश्रा, आलम अंसारी, शानी हेस्सा, कनक मिश्रा, वीर सिंह मुंडा, अबरार अहमद, रब्बे आलम आदि के अलावे एसआई बीबी सिंह, एसआई दिलीप माझी, अनूप कुमार आदि मौजूद थे.

बरामद शिवलिंग पुलिस ने ग्रामीणों को सौंप दिया

500 साल पुराना शिवलिंग नौ जून को दुर्गादा जंगल से हुई थी चोरी.

संवाददाता | चक्रधरपुर

पश्चिमी सिंहभूम जिला के बंदगांव प्रखंड के कराईकेला थाना क्षेत्र के दुर्गादा जंगल स्थित पूजा स्थल से चोरी हुई 500 साल पुरानी जीवंत शिवलिंग को कराईकेला पुलिस ने चार दिन बाद बरामद कर लिया. गुरुवार देर रात कराईकेला थाना प्रभारी अंकित कुमार व पुलिस के जवान गोईलकेरा के बेड़ादुईया गांव से शिवलिंग लेकर कराईकेला पहुंचे. इसके बाद शुक्रवार को शिवलिंग ग्रामीणों के हवाले कर दिया गया. ग्रामीण कराईकेला थाना से शिवलिंग को दुर्गादा जंगल में पूजा स्थल ले गये. वहां शिवलिंग को पुनः स्थापित किया गया. शिवलिंग के मिलने से ग्रामीणों में खुशी देखी गई.

शिवलिंग चोरी की हो रही है जांच : थाना प्रभारी

बंदगांव के कराईकेला थाना क्षेत्र के नकटी स्थित दुर्गादा पूजा स्थल से गोईलकेरा की बेड़ादुईया की दूरी लगभग 60 से 70 किमी होगी. लगभग तीन क्विंटल की जीवंत शिवलिंग इतनी दूर चोरी कर ले जाकर रखे जाने के संबंध में कराईकेला पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है.

परेशानी

प्राकृतिक झरना के पास फैलाई जा रही गंदगी रोकने में ओडिशा पुलिस नाकाम

झिंकरा फॉल बना शराबियों का अड्डा, पर्यटक हैं परेशान

संवादाता | किरीबुरू

सारंडा जंगल से सटे ओड़िसा सीमा के घने जंगल में स्थित ऐतिहासिक झिंकरा फॉल शराबियों का अड्डा बन गया है. इससे यहां आने वाले सैकड़ों पर्यटकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. इस प्राकृतिक झरना क्षेत्र से शराबियों की अड्डेबाजी को समाप्त करने, इनके द्वारा फैलाये जा रहे गंदगी को रोकने में ओड़िसा पुलिस व वन विभाग पूरी तरह से नाकाम साबित हो रही है.

उल्लेखनीय है कि यहां प्राकृतिक झरना का पानी लगभग 90-100 फीट ऊंची पहाड़ी से गिरता है. इसी खूबसूरत नजारे को देखने पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओडिसा आदि राज्यों से प्रतिदिन भारी तादाद में पर्यटक आते हैं. इन पर्यटकों में महिलाओं व बच्चों की संख्या काफी अधिक होती है. पर्यटक वाहन खडी. कर पैदल झरना की तरफ जब जाते हैं तो रास्ते में जगह-जगह तथा झरना का पानी गिरने वाले स्थल के आसपास युवक खुलेआम शराब का सेवन करते नजर आते हैं.

झिंकरा झरना को देखने पहुंचे बाहरी पर्यटक तथा पर्यटन स्थल पर लाल घेरे में शराब पीते युवकों की टीम.

पर्यटकों के नहीं आने से दुकानदारों को नुकसान

झिंकरा फॉल के पास शराबियों का अड्डा होने से लोगों को परेशानी हो रही है. वहां शराबियों की हरकत और गंदगी देख पर्यटक बिना विलंब किये लौट जाते हैं. सभ्य परिवार नहीं चाहते हैं कि उनके बच्चे इस तरह का माहौल देखकर प्रभावित हों. इन शराबियों ने झरना स्थल क्षेत्र को शराब की बोतलें, प्लास्टिक आदि फेंक गंदा कर दिये हैं. ऐसा ही हाल रहा तो यहां बाहरी पर्यटकों का आना बंद हो जाएगा जिसका भारी नुकसान आसपास के दुकानदारों व लोगों को उठाना पडेग़ा.

ब्रीफ खबरें

गहरे जलाशयों, झीलों और झरनों में नहाने से करें परहेज : उपायुक्त

हजारीबाग। गहरे जलाशयों, झील, झरनों, तालाबों में प्रतिदिन युवाओं के डूबने की घटना पर उपायुक्त नैंसी सहाय ने चिंता व्यक्त की है. उन्होंने सभी जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा है कि झरनों आदि पर नहाने के क्रम में हो रही घटना चिंताजनक है. कई युवा अपनी जान की परवाह किए बगैर हादसे के शिकार हो रहे हैं. उन्होंने कहा कि बंद पड़े खदानों के जलजमाव, बड़े जलाशयों आदि असुरक्षित जगहों पर जाने और गहरे पानी में नहाने से परहेज करें. स्थानीय लोग अक्सर गर्मी से निजात पाने के लिए ऐसे खतरनाक जलाशयों में गैरजिम्मेवारी पूर्वक गहरे पानी में चले जाते हैं और हादसे के शिकार को जाते हैं. उन्होंने पुनः अभिवावकों, ग्रामीणों से अपने घरों के किशोर/किशोरियों/युवाओं को ऐसे जगहों पर जाने से रोकने के लिए कहा है.

घर के बाहर खड़ी ब्रेजा कार की चोरी

चौपारण। सिंघरावां से गुरुवार की रात्रि एक ब्रेजा कार अज्ञात चोरो ने चोरी कर ली. जानकरी के अनुसार मुकेश मधेसिया के भाई अजय कुमार ने बताया कि रात में कार घर के बाहर खड़ी थी. जानकरी के अनुसार मुकेश मधेसिया के पिताजी कार से गया बिहार गए थे और 12 बजे अपना घर सिंघरावां लौट कर वाहन लॉक करवा कर सो गए. सुबह उठने के बाद देखा कि घर के सामने खड़ी कार गायब है. बताया कि कार का आसपास तलाश करने पर कुछ पता नहीं चला. वहीं अनुमान लगाया जा रहा है कि चोरों ने कार का आगे का शीशा तोड़कर लैपटॉप लगा कार चालू कर और जीपीएस सिस्टम निकालकर फेंक दिया होगा. वाहन मालिक ने थाने में आवेदन देकर कार खोजने की गुहार लगाई है.

चापानल खराब, पानी के लिए ग्रामीण परेशान

बड़कागांव। प्रखंड के अंतर्गत मध्य पंचायत में वार्ड नंबर 7 में दशरथ राम के घर के पास कई दिनों से चापानल खराब पड़ा है. इससे यहां के ग्रामीणों को चिलचिलाती धूप में पानी की काफी दिक्कत हो रही है. इस चापानल के मध्यम से लगभग 150 से 200 परिवार के यहां पानी मिलता है. मुखिया तकरीमुल्लाह खान ने पूछे जाने पर कहा कि एक-दो दिन के अंदर मध्य पंचायत में जितने भी खराब चापानल हैं सभी की मरम्मत करा दी जाएगी.

रामपुर पंचायत के वार्ड सदस्यों का संघ गठित

चौपारण । प्रखंड की रामपुर पंचायत के वार्ड सदस्यों ने उपमुखिया उपेंद्र कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को बैठक की. बैठक में वार्ड सदस्य संघ के प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार, सचिव रंजीत सिंह की उपस्थिति में रामपुर पंचायत के वार्ड सदस्यों के पंचायत स्तरीय संघ गठन किया गया. सर्वसम्मति से पंचायत अध्यक्ष हुलास प्रसाद, सचिव कंचन देवी एवं कोषाध्यक्ष नमिता कुमारी का चयन किया. चौपारण वार्ड सदस्य संघ अध्यक्ष एवं सचिव ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था में विकास सहित अन्य सभी कार्यों में वार्ड सदस्यों की अहम भूमिका है, लेकिन अधिकारियों की अनदेखी के कारण हम सभी अपेक्षित हैं. मौके पर रामपुर पंचायत के वार्ड सदस्य हुलास प्रसाद, कंचन देवी, मुनेश कुमार, अशोक कुमार राम, नमिता कुमारी, सविता देवी, उपमुखिया उपेंद्र कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे.

हजारीबाग जिले में आवास और कूप निर्माण की आड़ में गरीबों का खून चूस रहे हैं अधिकारी-जनप्रतिनिधि

योजना के नाम पर लूट और मारपीट की छूट

शुभम संदेश पड़ताल

उमेश चौबे/रंजना कुमारी। हजारीबाग

आवास के लिए 30 हजार और कूप निर्माण के लिए लाभुक को देने होते हैं 20 हजार

अबुआ आवास योजना का कमीशन नहीं देने पर लाभुक के साथ घर में घुसकर मारपीट करते मुखिया जी और घटना में घायल लोग अस्पताल में भर्ती.

झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी अबुआ आवास और कूप निर्माण योजना इन दिनों सुर्ख़ियों में है. कहीं आवास के नाम पर रिश्वत मांगी जा रही है, तो कहीं रिश्वत नहीं देने पर लाभुक की पिटाई की जा रही है. जिले में अबुआ आवास योजना गरीबों का अपने पक्के घर का सपना पूरा न कर सुखी संपन्न लोगों और भ्रष्ट अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों का लिवाला बन गई है.

ऐसे में लाभुक काफी परेशान और डरे हुए हैं. स्थिति ऐसी हो गई है कि रिश्वत की रकम नहीं होने के कारण गरीब लोग अबुआ आवास और कूप निर्माण के आवेदन देने से भी परहेज करने लगे हैं. बताते चलें कि भ्रष्ट अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने केंद्र की प्रधानमंत्री आवास योजना का भी लाभ जरूरतमंद को कम और सुखी संपन्न लोगों को ज्यादा पहुंचाया और अब वही कहानी झारखंड सरकार की अबुआ आवास और कूप निर्माण योजना में भी दोहराई जा रही है. सरकार का लक्ष्य आखिरी व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचाना है. इसके लिए वह प्रत्येक जरूरतमंद की पहचान करा रही है और इसका जिम्मा प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया गया है, लेकिन प्रखंड विकास पदाधिकारी को इतनी फुर्सत कहां है. बताया जाता है कि प्रखंड विकास पदाधिकारी अपने-अपने प्रखंड कार्यालय के चहेते और मातहत अधिकारियों को जिम्मा दिया है कि वह अपने-अपने क्षेत्र में जरूरतमंद लाभुकों को चिन्हित करें और उनसे योजना के बदले रिश्वत लें. इसके लिए प्रखंड के बड़े अधिकारी हर योजना पर अपना रेट फिक्स कर रखा है, जिसमें लाभुक को आवास के नाम पर 30 हजार रुपये और कूप निर्माण के नाम पर 20 हजार रुपये की राशि पहले जमा करना होती है. इसके बाद ही लाभुक के खाते में योजना की राशि जाती है. यही नहीं, प्रखंड कार्यालय के छोटे कर्मचारियों ने भी अपना रेट फिक्स कर रखा है, जिसमें आवास के नाम पर वे लाभुक से 30 हजार रुपये की मांग करते हैं. लाभुक के पास इतनी मोटी रकम नहीं होती है कि वह अधिकारियों और कर्मचारियों को तुरंत रिश्वत के पैसे दे सके. ऐसे में छोटे अधिकारी गारंटी के रूप में जनप्रतिनिधि को खड़ा करते हैं और लाभुक को दो किस्त में पैसा देने की बात कहते हैं.

आवास योजना की पहली किस्त 30 हजार रुपये लेने के लिए लाभुक को पहले 10 हजार रुपया देने होते हैं और जैसे ही लाभुक के खाते में आवास की राशि आती है, उसे बाकी के 20 हजार रुपये देने होते हैं. इस रकम को जनप्रतिनिधियों और छोटे अधिकारियों के बीच कमीशन के रूप में बांटा जाता है. इस संबंध में उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के सरकारी नंबर पर फोन लगाया गया, लेकिन फोन का कोई जवाब उन्होंने नहीं दिया.

कमीशन नहीं दे पाया तो लाभुक को योजना की दूसरी किस्त ही नहीं मिली

इसी तरह का दूसरा मामला सदर प्रखंड की सखिया पंचायत की जुल जूल गांव का है, जहां लाभुक से पहले 10 हजार रुपये लिए गए थे और बकाया राशि योजना की पहली किस्त की रकम आने के बाद देने की बात कही थी, लेकिन लाभुक खाते में पैसा आया और उसने घर का काम करवा दिया. इसके बाद वह रिश्वत की राशि नहीं दे पाई. इसके कारण उसे अब तक दूसरी किस्त की रकम नहीं मिल पाई है. योजना की आड़ में कमीशन का खेल जिले के सदर प्रखंड, कटकमसांडीप्रखंड, कटकम दागप्रखंड, पदमा प्रखंड, इचाक प्रखंड, बड़कागांव, केरेडारी के अलावा कई प्रखंडों में भी खेला जा रहा है. इससे संबंधित वीडियो भी कई बार वायरल हो चुका है और जिले के पदाधिकारी एक मुखिया पर कार्रवाई भी कर चुके हैं.

रिश्वत की दूसरी किस्त नहीं मिली तो मुखिया जी घर में घुसकर पीटने लगे

वहीं बात करें कूप निर्माण की तो इसके लिए लाभुक को पहले प्रखंड कार्यालय में जाकर बड़े अधिकारी की टेबल पर 20 हजार रुपये रखने होते हैं, जिसके बाद ही उसे कूप निर्माण करने का आदेश दिया जाता है. अगर अधिकारी की शर्त के अनुसार इंस्टॉलमेंट की दूसरी किस्त लाभुक किसी कारणवश नहीं दे पाता है तो उसे जनप्रतिनिधि के माध्यम से पिटवा कर पैसा वसूला जाता है. ऐसा ही मामला बीते दिनों कटकमसांडी प्रखंड की लुपुंग पंचायत में सामने आया. लाभुक बुधनी देवी को चार महीने पहले अबुआ आवास मिला था, जिसकी पहली किस्त के 30 हजार रुपये उसके बैंक खाते में आए थे. हालांकि अब तक महिला आसपास से उधार में मैटेरियल लेकर अपने मकान को लेंटर लेवल तक बना लिया था. इधर, बैंक खाते में पैसा आते ही जनप्रतिनिधि अपनी रिश्वत की बकाया राशि लेने के लिए लाभुक के पास पहुंच गए, लेकिन लाभुक के पास उन्हें देने के लिए रकम नहीं थी. ऐसे में लाभुक ने जनप्रतिनिधि को उक्त रकम बाद में देने की बात कही, लेकिन मुखिया जी को यह बात मंजूर नहीं हुई और वह घर में घुसकर अपने सहयोगी के साथ मिलकर लाभुक से मारपीट करने लगे, जिसमें लाभुक समेत तीन लोग घायल हो गए. घायल व्यक्ति चरकू राम, गोला भुइया का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है. इस संबंध में परिजन ने बताया कि पंचायत के मुखिया दिलीप पासवान और एक अधिकारी घर पर आए थे और उन्होंने आवास देने की बात कही थी. इसके लिए उन्होंने रिश्वत के रूप में 30 हजार रुपये की मांग की थी. लेकिन इतनी बड़ी रकम हमारे पास नहीं थी. इस पर फिर उन्होंने उक्त राशि दो किस्त में देने की बात कही. हमने कर्ज लेकर उनको पहली किस्त के 10 जार रुपये दिए थे और दूसरी किस्त योजना की राशि आने के बाद देने का आश्वासन दिया था. बाद में हमारे खाते में 30 हजार आए थे लेकिन वह रकम घर बनाने में खर्च हो गई. मुखिया दिलीप पासवान अपनी दूसरी किस्त के 20 हजार रुपये लेने के लिए दवा बनाने लगे और जब इनकार किया तो वह अपने सहयोगी के साथ घर में घुसकर हमारी पिटाई कर दी, जिसमें एक का हाथ टूट गया एवं अन्य लोग घायल हो गए. इस संबंध में मुखिया दिलीप पासवान से पक्ष लेने के लिए उनके मोबाइल 9142374016 पर कई बार फोन लगाया लेकिन उन्होंने फोन का कोई जवाब नहीं दिया.

टमाटर लदा ट्रक पलटा, लूटने की मची होड़

संवाददाता। चौपारण

चौपारण प्रखंड की दनुवा घाटी में अनियंत्रित होकर पलटे ट्रक से टमाटर लूटतीं स्थानीय महिलाएं.

प्रखंड की दनुवा घाटी स्थित महानेटाड में शुक्रवार को टमाटर से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया. इससे उसमें भरे टमाटर बिखर गए, जिसके बाद स्थानीय और वहां से गुजरने वाले लोगों में टमाटर लूटने की होड़ मच गई. घटना के बाद काफी मात्रा में लोग टमाटर लूटकर ले गए.

हालांकि हादसे में ट्रक चालक और उपचालक को किसी तरह की कोई चोट नहीं आई है. जानकारी के अनुसार ट्रक टमाटर लोड कर उत्तर प्रदेश के अमरोहा से कोलकाता जा रहा था. इसी क्रम में जैसे ट्रक दनुवा घाटी पहुंचा, अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया. ट्रक में लाखों रुपये का टमाटर लदा हुआ था. वहीं जैसे ही ट्रक पलटने की जानकारी आस-पास में रहने वाले लोगों को मिली तो वो भी घटनास्थल पर पहुंच गए.

इस दौरान वहां से गुजरने वाली महिलाएं, पुरुष, बच्चे टोकरी और बोरे लेकर मौके पर पहुंच कर उसमें भर भर कर टमाटर को अपने साथ ले गए. कई लोग तो गाड़ी में भरकर टमाटर ले गए. कई लोग बाजार में वहीं टमाटर लेकर बेचने के लिए बैठे दिखाई दिए. चालक की मानें तो ट्रक में सिर्फ 20 कैरेट टमाटर ही बचा है.

प्रसव के दौरान हुई नौवीं कक्षा की छात्रा की मौत, बच्चा भी नहीं बचा

- कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में पढ़ने के दौरान हुआ था यौन शोषण
- फेसबुक के माध्यम से एक युवक से हुई थी नाबालिग छात्रा की दोस्ती
- शादी का प्रलोभन देकर छात्रा से शारीरिक संबंध बनाने को आरोप
- परिजनों ने 16 मार्च को थाने में दिया था आवेदन, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई

संवाददाता। हजारीबाग

जिले के बरकट्ठा थाना क्षेत्र स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की नौवीं क्लास की छात्रा की प्रसव के दौरान सदर अस्पताल में शुक्रवार को मौत हो गई. वहीं बच्चा भी नहीं बच सका. बताया जा रहा है कि नाबालिग छात्रा की विद्यालय में पढ़ने के दौरान फेसबुक के माध्यम से एक युवक से दोस्ती हो गई थी. इसके बाद युवक ने शादी का प्रलोभन देकर छात्रा का यौन शोषण किया.

छात्रा को गर्भवती होने के बारे में तीन महीने बाद पता चला, फिर उसने अपने परिजनों को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी. इसके बाद परिजन बरकट्ठा थाने में 16 मार्च को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई थी. स्कूल वार्डन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई करने की बात कही थी. शुक्रवार को छात्रा की आठ महीने का प्रसव कराने के दौरान शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई. इस संबंध में परिजनों ने बताया कि बरकट्ठा के एक युवक ने छात्रा का यौन शोषण किया था, जिसको लेकर थाने में आवेदन दिया था, लेकिन थाना पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की और आज प्रसव के दौरान उसकी मौत हो गई. वहीं इस संबंध में कस्तूरबा विद्यालय के वार्डन सिंपल ने पूछे जाने पर बताया कि नाबालिग छात्रा को फेसबुक पर एक युवक से प्यार था. इसी बीच छात्रा के यौन शोषण का मामला प्रकाश में आया था, जिसके बाद 16 मार्च को परिजन थाने में आवेदन देते हुए छात्रा को स्कूल से ले गए थे. अब यह मौत कैसे हुई इसकी मुझे कोई जानकारी नहीं है. उन्होंने यह भी कहा कि नाबालिग छात्रा गर्व से थी और आठवां महीना चल रहा था.

एक ही रात चार घरों में चोरी के मामलों में पांच लोग हिरासत में

संवाददाता। रामगढ़

रजरप्पा मोड़ चितरपुर में बीते सोमवार रात अज्ञात चोरों ने एक साथ चार घरों में घुसकर हजारों रुपये के सामानों की चोरी कर ली थी, जिसकी शिकायत भुक्तभोगियों द्वारा रजरप्पा थाने में की गई थी. शिकायत दर्ज होने के बाद से ही पुलिस जांच में जुट गई. आसपास लगे सीसीटीवी को खंगाला गया था, जिसमें कुछ संदिग्धों के नजर आने के बाद जांच अभियान में और तेजी आई. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस द्वारा लगभग पांच लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है. वहीं इस संबंध में थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय ने पूछे जाने पर कहा कि चोरी कि घटनाओं को लेकर पुलिस कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है. जल्द ही चोरी की घटनाओं का उद्भेदन कर लिया जाएगा.

इन लोगों के घरों में हुई थी चोरी की घटना

सोमवार देर रात रजरप्पा मोड़ चितरपुर के चार घरों से आज्ञात चोरों द्वारा हजारों रुपये के सामान की चोरी कर ली गई थी. प्रकाश साव, सरोज सिंह व मनोज कुमार के घर से अज्ञात चोरों ने चार मोबाइल फोन की चोरी कर ली गई थी, जिसकी कीमत लगभग 50 हजार रुपये बताई गई. वहीं विवेकानंद पटवा के घर से भी लगभग 10 हजार रुपये के पीतल व कांसा के बर्तन के अलावे एक टुलु पंप की भी चोरी कर ली गई थी. घटना के बाद से ही आसपास के लोग भयभीत हैं. लोग डर के साये में जी रहे हैं. कांग्रेस नेता चंद्रशेखर पटवा ने पुलिस से जल्द से जल्द मामलों का उद्भेदन कर चोरों को गिरफ्तार करने की मांग की है.

वेतन से काटी गई राशि की रसीद देने की मांग

रामगढ़। कोलफील्ड मजदूर यूनियन के क्षेत्रीय सचिव चंदेश्वर सिंह ने रजरप्पा महाप्रबंधक को एक पत्र दिया है. जिसमें उन्होंने सीपीआरएमएस - एनई के तहत कर्मचारियों के वेतन से काटी गई राशि का प्राप्ति रसीद/प्रमाण पत्र निर्गत करने की मांग की है. उन्होंने महाप्रबंधक का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा है कि सीपीआरएमएस - एनई के तहत रजरप्पा क्षेत्र के कर्मचारियों के वेतन से दो हजार रुपये प्रतिमाह काटे गये थे, जिसकी कुल राशि 40 हजार रुपये बनती है. काफी समय बीत जाने के बावजूद कर्मचारियों को प्रबंधन द्वारा प्राप्ति रसीद/प्रमाण पत्र निर्गत नहीं किया गया है. उन्होंने कहा है कि कर्मचारियों को सेवानिवृत होने के समय सीपीआरएमएस - एनई के एवज में काटी गयी राशि का प्रति माह के हिसाब से प्रबंधन द्वारा प्रमाण पत्र निर्गत करना अनिवार्य है. ताकि भविष्य में मजदूरों को कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़े.

सरकारी भवनों में चलेंगे आंगनबाड़ी केंद्र

संवाददाता। रामगढ़

उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया.

जिला समाज कल्याण कार्यालय की ओर से किए जा रहे कार्यों को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया. इस दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की ने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना 2023-24 में किए गए कार्यों व 2024-25 में किए जाने वाले कार्य योजना के संबंध में उपायुक्त को विस्तारपूर्वक जानकारी दी.

उपायुक्त ने आंगनबाड़ी सेविकाओं व सहायिकाओं की लंबित रिक्तियों के विरुद्ध नियुक्ति हेतु आयोजित की जा रही आमसभा की समीक्षा के क्रम में निर्धारित नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए पूरी पारदर्शिता के साथ नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया. वहीं उपायुक्त ने सभी आंगनबाड़ी केंद्र संचालन कर रहे आंगनबाड़ी सहिया सेविकाओं को बच्चों का उपस्थित डाटा गलत भरने पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया. उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी व बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों को जिले के सभी वैसे आंगनबाड़ी केंद्रों, जो वर्तमान में सेविका या सहायिका के निजी भवनों में या अन्य भवनों में संचालित हो रहे हैं, भवनों को चिन्हित कर नए भवन निर्माण हेतु प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया. साथ ही उपायुक्त ने वैसे आंगनबाड़ी केंद्र जिनमें बिजली, चापानल एवं शौचालय नहीं है, में जल्द से जल्द सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया.

बाल विवाह उन्मूलन के प्रति जागरूक करने का निर्देश

बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में उपलब्ध ग्रोथ मॉनिटरिंग उपकरणों की वर्तमान स्थिति पर चर्चा करते हुए नई ग्रोथ मॉनिटरिंग उपकरणों के क्रय हेतु प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया. वहीं उपायुक्त ने आंगनबाड़ी केंद्रों में उपलब्ध संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल करते हुए बच्चों व अन्य लाभुकों को लाभान्वित करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए. इसके साथ ही उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में कार्यशाला आयोजित करते हुए बच्चों के साथ लोगों को भी बाल विवाह उन्मूलन के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया.

समीक्षा

उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई डीएमएफटी प्रबंधकीय समिति की बैठक

स्वास्थ्य केंद्रों में हाई मास्ट लाइट के लिए 10 लाख स्वीकृत

संवाददाता। हजारीबाग

डीएमएफटी की ओर से संचालित योजनाओं की समीक्षा करतीं उपायुक्त.

डीएमएफटी की ओर से संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में हुई. इसमें उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित मौजूद रहीं. शुक्रवार को हुई प्रबंधकीय समिति की बैठक में डीएमएफटी मद से स्वीकृत योजनाओं के विरुद्ध कार्यकारी एजेंसियों को दी गई राशि के उपयोगिता प्रमाण पत्र की स्थिति की जानकारी ली गई. उपायुक्त ने सभी स्वीकृत योजनाओं की अद्यतन स्थिति व टेंडर प्रक्रिया की जानकारी ली. उन्होंने वित्तीय वर्ष 2023-24 का वार्षिक प्रतिवेदन विभाग को भेजने का निर्देश दिया. जिला के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र/उप स्वास्थ्य केंद्र/प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में समुचित रोशनी की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु हाई मास्ट लाइट के अधिष्ठापन पर विचार विमर्श करते हुए मॉडल प्राक्कलन 9,78,100/- रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई. वहीं 15वें वित्त आयोग तथा पीएम अभीम से नव निर्मित/निर्माणाधीन स्वास्थ्य उपकेंद्रों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से चहारदीवारी के निर्माण कार्य पर चर्चा करने के उपरांत चरणबद्ध और ज्यादा संख्या में आने वाले मरीजों वाले केंद्रों में कार्य शुरू करने की स्वीकृति प्रदान की गई.

सदर अस्पताल की अत्यधिक भीड़ वाली यूनिट में सिक्योरिटी गार्ड उपलब्ध कराने को कहा

शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल की अत्यधिक भीड़ वाली यूनिट पर डीएमएफटी मद से सिक्योरिटी गार्ड उपलब्ध कराने को लेकर कहा. उपायुक्त ने डीएमएफटी मद से नवनियुक्त पारा चिकित्सक कर्मियों के रिक्त रह गये पदों को प्रतीक्षा सूची से भरने पर विचार-विमर्श कर स्वीकृति प्रदान की. प्रमंडलीय पुस्तकालय (रुक्मणी भवन) हजारीबाग में 15 लाख 52 हजार 800 रुपये की राशि से एसी लगाने पर स्वीकृति प्रदान की गई एवं बिजली विभाग से कोऑर्डिनेटर कर बिजली की पर्याप्त क्षमता की व्यवस्था करने को कहा. उपायुक्त ने 2022-23 और 23-24 का ऑडिट कराने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि हर कार्यों में एजेंसी गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखे तथा अपनी जिम्मेवारी सुनिश्चित करें. कार्यपालक अभियंता को नियमित रूप से निर्माण कार्य स्थल का भ्रमण का मॉनीटरिंग करने का निर्देश दिया गया. बैठक में प्रशिक्षु आईएएस अफसर लोकेश बरंगे मौजूद रहे.

टमाटर लदे टेंपो को धक्का मारकर पलटा ट्रक, ड्राइवर-खलासी घायल

संवाददाता। हजारीबाग

ओदरना घाटी में टमाटर भरे ऑटो को टक्कर मारकर दुर्घटनाग्रस्त हुआ ट्रक.

बड़कागांव थाना क्षेत्र के हजारीबाग मार्ग की ओदरना घाटी में टीपी 5 के पास रेल पटरी के समान से भरे ट्रक टमाटर लदे टेंपो को धक्का मार कर भागने के दौरान अनियंत्रित होकर पलट गया. इससे ट्रक ड्राइवर लोहरदगा सुंदरपुर निवासी मोहम्मद सरफराज खान व उपचालक तौसीफ खान घायल हो गए. घायलों को ग्रामीणों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार कर ट्रक ड्राइवर को हजारीबाग रेफर किया गया. वहीं इस संबंध में टेंपो मालिक अर्जुन कुमार साहू ने बड़कागांव थाने में आवेदन देकर क्षतिपूर्ति करने व उचित कानूनी कार्रवाई करने का अनुरोध किया. अर्जुन कुमार साव ने कहा कि में ग्राम बेस से बड़कागांव की ओर सब्जी लेकर आ रहा था. इसी दौरान टेंपो में हजारीबाग से आ रहे ट्रक ने पीछे से धक्का मार दिया. इस घटना में टेंपो और टमाटर एवं अन्य सब्जी का नुकसान हुआ है, जिसकी भरपाई व कानूनी कार्रवाई करने का आग्रह पुलिस से किया गया है.

राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

मेष नेत्र रोग से बचें. किसी से ऋण लेने से पहले सोच विचार कर ले. सरकारी कार्यालयों में रुके काम मनोनुकूल रहेंगे. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है. लेन-देन में जल्दबाजी बिलकुल न करें.

वृषभ निर्णय सोच विचार कर करें. दुष्ट व्यक्ति से सावधान रहें. वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें. शारीरिक हानि की आशंका है. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा. प्रयास से आय बनी रहेगी.

मिथुन पराक्रम से कार्य सिद्धि होगा. सारी स्थिति अनुकूल होगी. जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा. निर्णय सोच कर ले, शत्रुभय रहेगा. धनहानि हो सकती है. भावना पर नियंत्रण रखें. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. निवेश शुभ रहेगा.

कर्क छोटी और सुखद यात्रा का योग है. मानसिक उलझन दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. नौकरी में चैन रहेगा. किसी पुरानी बीमारी से परेशानी हो सकती है. नए मित्र बनेंगे. विवेक का प्रयोग करें. लाभ में वृद्धि होगी. शिव पूजन करें.

सिंह आपके व्यवहार से सामाजिक सरोकार बढ़ेगा. व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा. स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा. लगन और मेहनत से धनार्जन होगा. समय उत्तम है. इसका लाभ ले. गाय को भोजन दें.

कन्या कार्य करने पर आय होगी, पर दौड़धूप अधिक रहेगी. लाभ के अवसर हाथ से निकल सकते हैं. कार्य होगा जिससे आय में निश्चितता रहेगी. किसी नये कार्य का जोखिम न लें. गणेश जी का पूजन ध्यान करें.

तुला खर्च अधिक होगा, जिससे मन खिन्न होगा. पर थोड़े प्रयास से रुके कार्य बनेंगे. जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे. समाजसेवा करने की प्रेरणा प्राप्त होगी. मान-सम्मान मिलेगा. आय के नए स्रोत प्राप्त होंगे. धन प्राप्ति सुगम होगी.

वृश्चिक आय का अच्छा स्रोत मिलेगा. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है. व्यय होगा. शुभ समाचार प्राप्त होगा. घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल बनेगा. धन प्राप्ति सुगम होगी. संतान पक्ष की चिंता रहेगी.

धनु थकान व कमजोरी रह सकती है. अप्रत्याशित लाभ की संभावना है. व्यावसायिक यात्रा लंबी हो सकती है. लाभ होगा. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. भाग्य की अनुकूलता बनी रहेगी. किसी अनाथालय में अन्न दान करें.

मकर कोई अप्रत्याशित खर्च सामने आ सकता है. आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है. किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है. अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा. कुछ कार्य नही होने से चिंता तथा तनाव रहेंगे. आय बनी रहेगी.

कुंभ प्रेम-प्रसंग में जल्दबाजी न करें. तनाव रह सकता है. बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. नए काम मिल सकते हैं. आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी. नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा. उत्साह व प्रसन्नता रहेंगे. शनि को खुश करें.

मीन जीवनसाथी के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें. कार्य में तत्काल लाभ नहीं मिलेगा. कार्यप्रणाली में सुधार होगा. आय के नए स्रोत प्राप्त होने के योग हैं. मित्रों व रिश्तेदारों की सहायता कर पाएंगे. पीला फूल विष्णु भगवान को अर्पण करें.

रोजी-रोटी कमाने निकले पलामू प्रमंडल के अधिकतर मजदूरों के हिस्से में आती है मौत

पलामू में पलायन ने दो दशक में ली एक हजार से अधिक मजदूरों की जान

अरुण कुमार सिंह। मेदिनीनगर

आजादी के बाद से अब तक पलामू और पलायन एक दूसरे के पर्यायवाची रहे हैं. पलायन नामक बीमारी का पलामू और गढ़वा से गहरा रिश्ता रहा है. इस बीमार रिश्ते के दंश में पलामू के मजदूर तिल-तिल कर जलते, गलते और मरते रहे हैं. खुद के और परिवार के लिए रोटी कमाने निकले अधिकतर मजदूरों के हिस्से में मौत आती है. फिर भी सरकार, जनप्रतिनिधि अथवा प्रशासन के लिए बेकारी और पलायन यहां कभी भी बड़ा मुद्दा नहीं रहा. कोई भी सरकार पलामू से पलायन को रोकने में कामयाब नहीं हुई. ऊपर से हर दूसरे साल होनेवाले अकाल-सुखाड़ ने मजदूरों से खेती किसानी का काम भी छीन लिया. यहां न तो फैक्टरियां लगायी जा सकीं और न ही रोजगार पैदा किया जा सका.

मजदूर कंगाल ही बने रहते हैं: मजदूरों को परदेश लेकर जानेवाले दलाल या ठेकेदार मजदूरों की कमाई से मालामाल हो जाते हैं और मजदूर कंगाल ही रह जाते हैं. इन दलालों का बहुत बड़ा नेटवर्क झारखंड के कई जिलों और गांव गांव तक फैला है.पहले ये मजदूरों को कुछ अग्रिम राशि देकर उन्हें बंधुआ बना लेते हैं और फिर दिहाड़ी के हिसाब से उन्हें कंपनियों में ले जाकर बेच देते हैं .

काम की तलाश में निकले मजदूर

सरकारी महकमे के पास नहीं है मौत का आंकड़ा

पलामू या गढ़वा के श्रम विभाग या अन्य सरकारी महकमे के पास अब तक पलायन के कारण हुई मजदूरों की मौतों का कोई आंकड़ा नहीं है . इसी से इनकी गंभीरता का पता चलता है . दरअसल, अधिकतर मजदूरों को अवैध तरीके से मानव तस्कर या ठेकेदार अथवा दलाल परदेश लेकर जाते हैं और स्थानीय स्तर पर उनका कोई रजिस्ट्रेशन नहीं होता .

परदेश से आते हैं कफन में लिपटे हुए शव

सामाजिक संस्था युद्ध के संयोजक अम्बिका सिंह कहते हैं – इक्का दुक्का पलायित मजदूरों की मौत तो करीबन हर सप्ताह होते रहती है. खबरें छपती हैं लेकिन कोई नोटिस नहीं लेता . जब तक कोई बड़ी घटना न हो, उस घर या गांव में जनप्रतिनिधि तक नहीं जाते . पलायन से होनेवाली मौतों पर कहीं चर्चा नहीं होती. न समाज में, न सदन में . इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या हो सकता है कि जिन कमाऊ बेटों के तनख्वाह की आस में गरीबी और कर्ज में डूबे परिजन उम्मीद में रहते हैं, उनके घर कफन में लिपटे हुए परदेसी बेटे का शव आ जाता है .

माइंस व मशीनों ने छीन लिया मजदूरों का काम

ग्रामीण मजदूरों के लिए मनरेगा एक उत्तम योजना थी. बहुत कम दिहाड़ी होने के कारण अब इसमें मजदूर काम नहीं करते और धरातल पर अब मनरेगा का अधिकतर काम मशीनों से होता है. राज्य के बड़े पत्थर माईंस हब के रूप में चर्चित पलामू के माईंस और क्रसर में भी मजदूरों को रोजगार नहीं मिलता .

कई मजदूरों की मौत दुर्घटना में हुई

वह 11 जनवरी 2013 की तारीख थी, जब धान काटकर औरंगाबाद से लौट रहे मनिका (लातेहार) और लेस्लीगंज (पलामू) के 27 मजदूरों की मौत ट्रक पलटने से हो गयी थी और 11 मजदूर घायल हो गये थे . इस दुर्घटना में केवल छह लोग सुरक्षित बचे थे . धनकटनी के बाद इन मजदूरों को एक ट्रक पर बोरे की तरह लादकर ले जाया जा रहा था . ट्रक पर कुल 44 लोग सवार थे. मरने वालों में नौ बच्चे भी थे. दूसरी बड़ी घटना 14 जनवरी 2010 को हुई थी . ट्रक से धान काट कर लौट रहे 30 मजदूरों की मौत गढ़वा जिले के भगवान घाटी में ट्रक पलटने से हो गयी थी . इस घटना में मरने वाले महिला, पुरुष व बच्चे शामिल थे .

जनता दरबार में मंत्री ने किया परिसंपत्तियों का वितरण

15 दिनों में होगा सभी आवेदनों का निपटारा : मिथिलेश ठाकुर

- गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और बच्चों का किया गया अन्नप्राशन

संवाददाता। मेराल(पलामू)

प्रखंड मुख्यालय स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रांगण में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय जनता दरबार का आयोजन किया गया. जहां गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर गांव से आए लोगों की समस्याओं से अवगत हुए. उन्होंने कई फरियादियों की समस्या का ऑन स्पॉट समाधान कराया. कार्यक्रम की शुरूआत मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, डीसी शेखर जमुआर, एसपी दीपक कुमार पांडेय, एसडीओ रुद्र प्रताप, जिला परिषद अध्यक्षा शांति देवी, बीडीओ जागो महतो, सीओ यशवंत नायक, प्रमुख दीपमाला कुमारी, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया.

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने तपती धूप में उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी प्रकार के सरकारी योजनाओं का लाभ आपको उपलब्ध कराने, योजनाओं से संबंधित जानकारी से अवगत कराने तथा आपकी समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान करने के लिए यह जनता दरबार आयोजित किया गया है. उन्होंने अबुआ आवास योजना, नीलांबर पीतांबर जल समृद्धि योजना बिरसा हरित ग्रामीण योजना बागवानी योजना, सावित्रीबाई फुले, किशोरी समृद्धि योजना आदि पर विस्तार से प्रकाश डाला. मंत्री ने शांतिपूर्ण ढंग से लोकसभा चुनाव को संपन्न करने के लिए जिले के डीसी, एसपी सहित सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया. डीसी ने कहा कि आचार संहिता समाप्त होने के बाद फिर से सभी सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी आई है. समय पर सभी योजनाओं को हर जरूरतमंदों तक पहुंचाया जाएगा. उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों तथा पंचायत सचिव को सचिवालय में बैठकर ग्रामीणों के सभी समस्याओं का निष्पादन करने का निर्देश दिया.

उप प्रमुख निजामुद्दीन खान एवं गेरुआ पंचायत के मुखिया अनिल चौधरी ने कहा कि शिविर में जमा लिए गए आवेदनों का निपटारा नहीं किया जाता है जिससे लोग मे निराशा होती है. अबुआ आवास आवंटन में भरी गड़बड़ी की गई है, लक्ष्य के हिसाब से पंचायत को आवास नहीं मिला है. अनिल चौधरी ने प्रशासन से बालू की समस्या पर गंभीरता से पहल करने की मांग की. जनता दरबार में लाभार्थियों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया गया. विद्यार्थियों के बीच साइकिल, दो दिव्यांग को ट्राई साइकिल, जेएसएलपीएस द्वारा दीदी समूह की महिलाओं के बीच 57 लाख रुपए का चेक वितरण किया गया. मौके पर थाना प्रभारी विष्णु कांत, बिंदेश्वरी पासवान, सुनील कुमार, फिरोज अंसारी, सुमित कुमार, झामुमो महिला जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, आराधना सिंह, रेखा पाठक, प्रखंड अध्यक्ष दशरथ प्रसाद, सूर्य प्रकाश, विनोद प्रसाद आदि उपस्थित थे.

परिसंपत्ति का वितरण करते मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर.

पलामू में खड़े हाइवा में स्कॉर्पियो ने मारी टक्कर

एक की मौत, एक रेफर

संवाददाता। पलामू

एनएच 139 डालटनगंज-औरंगाबाद मुख्य पथ पर हरिहरगंज थाना क्षेत्र के तेंदुआ गांव में खड़े हाइवा में स्कार्पियो ने टक्कर मार दी. जोरदार टक्कर होने के कारण वाहन में सवार मालिक मो. फकरे आलक (55) की मौत हो गयी जबकि चालक दिनेश कुमार (29) गंभीर रूप से घायल हो गया. स्कार्पियो में पीछे बैठा युवक परवेज अंसारी (41) बाल-बाल बच गया. चालक को रेफर किया गया है.

बताया जाता है कि गढ़वा से एक स्कार्पियो (यूपी64 यू 2029) शुक्रवार की सुबह करीब पांच बजे हरिहरगंज की ओर जा रही थी. स्कार्पियो पर तीन लोग सवार थे. चालक को नींद आ रही थी. वह बार-बार मालिक को बता रहा था कि वह तीन चार दिनों से नहीं सोया है. इसके बावजूद वाहन मालिक उसे गाड़ी चलाने के लिए प्रेशर डाल रहे थे.

इसी क्रम में तेंदुआ गांव के पास लक्की ढाबा के सामने स्कार्पियो सड़क किनारे खड़े हाइवा से टकरा गयी, जिससे चालक और वाहन मालिक गंभीर हो गए. दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती किया गया, जहां वाहन मालिक को मृत घोषित कर दिया गया. वाहन मालिक अलीनगर (हवेली) थाना अलीनगर जिला दरभंगा जबकि चालक मुरीसेमर गांव के अनपड़ा थाना क्षेत्र जिला सोनभद्र यूपी का रहने वाला है. तीसरा युवक परवेज बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के सकरा थाना क्षेत्र के पैतरापुर का रहने वाला है.

थाने में परवेज ने ही आवेदन दिया है. उसका कहना था कि चालक दिनेश को नींद आ रही थी और वह बार-बार रूक कर सोने की बात कर रहा था. इसके बावजूद वाहन मालिक गाड़ी चलाने के लिए दबाव बना रहे थे. इसी कारण हादसा हुआ. सूचना मिलने के बाद हरिहरगंज के प्रभारी थाना प्रभारी सतीश गुप्ता ने डेडबॉडी को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेज दिया.

टैंसेरा मोड़ में अक्षय साहू के घर फायरिंग, दहशत

गुमला । गुमला थाना क्षेत्र के टैंसेरा मोड़ के समीप गुरुवार की मध्य रात्रि परमेश्वर गोप उर्फ प्रेम गोप ने होटल संचालक अक्षय साहु को निशाना बनाकर खिड़की से दो राउंड फायरिंग की. गोली चालन की इस घटना से भले ही जान माल की क्षति नहीं हुई लेकिन क्षेत्र में दहशत का माहौल है. ज्ञात हो कि परमेश्वर गोप प्रतिबंधित संगठन पीएलएफआई का हार्डकोर सदस्य रहा है. गुरुवार की रात अपने टीम के साथ टैंसेरा मोड़ स्थित अक्षय साहु के होटल का दरवाजा खोलने को कहा. दरवाजा को लात मार कर खोलने का प्रयस किया. रात होने के कारण दरवाजा नहीं खोले तो खिड़की से गाली गलौज करते हुए जान मारने की धमकी दी और जाली दार खिड़की से दो राउंड गोली चला दिया.

सीएसपी संचालक से सात लाख 85 हजार रु की ठगी

मेदिनीनगर। जिले में साइबर क्राइम के अपराधियों ने ठगी का नया तरीका अपनाया है. जिसके शिकार लोग हो रहे हैं. साईबर अपराधियों के चंगुल में सदर थाना क्षेत्र के चियांकी स्थित सेक्रेट हर्ट स्कूल के पास आरूही मोबाईल जो सीएसपी सेंटर चलाता है इसके संचालक सुआ निवासी विकास विश्वकर्मा पिता हरि चरण मिस्त्री को साइबर अपराधियों ने ठगी का नया तरीका अपनाते हुए उससे सात लाख 85 हजार रूपये ठग कर चलते बने. इसका मामला विकास विश्वकर्मा ने पलामू पुलिस अधीक्षक रेशमा रमेशन को आवेदन देकर खुलासा किया है. उसने एसपी को बताया कि संतन कुमार भारद्वाज ग्राम बनाही पोस्ट नौहट्टा जिला रोहतास का रहनेवाला है. जो मेरे सीएसपी दुकान में 11 जून को आकर अपने मोबाइल में तीन लाख दस हजार रुपये ट्रांसफर कराया.

अतिक्रमण हटाने के नोटिस से नाराज थे दुकानदार

सिमरिया में दिनभर बंद रहीं दुकानें

संवाददाता। चतरा

सिमरिया अनुमंडल मुख्यालय की दुकानें और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान शुक्रवार को दिनभर बंद रहे. सुबह से लेकर शाम तक दुकानों के बंद रहने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा. बंदी को सफल बनाने के लिए गुरुवार की देर रात दुकानदारों ने मशाल जुलूस भी निकाला था. चुनिंदा मेडिकल दुकानों को छोड़कर ठेला खोमचा से लेकर बड़े-बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में ताला लटका रहा. दरअसल, सिमरिया अंचल अधिकारी ने एक सप्ताह पहले सभी दुकानदारों को अपने दुकानों के आगे से अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस दिया था. अतिक्रमण में तोड़ने का अल्टीमेटम मिलने से अनुमंडल मुख्यालय के दुकानदार नाराज थे. उन्होंने बैठक कर अपनी नाराजगी चतरा जिला प्रशासन, विधायक और सांसद से अवगत कराया था. ऐसे में दोबारा अंचलाधिकारी के द्वारा संबंधित दुकानों के आगे नोटिस चिपकाए जाने से नाराज दुकानदारों ने अपनी-अपनी दुकानें बंद रखीं.

मुखिया और व्यवसायी सुधीर सिंह ने कहा कि प्रशासन बेवजह छोटे-छोटे दुकानदारों को परेशान कर रहा है. इस भीषण गर्मी में दुकानें टूटने से कई दुकानदार बेरोजगार हो जाएंगे. उन्होंने कहा कि वर्षों से यहां दुकानदार रोजी-रोजगार कर रहे हैं. ऐसे में अंचल से अतिक्रमण हटाने के नोटिस मिलने से वह आहत हैं.

सिमरिया दुकान बंद

चतरावासियों को जल्द मिलेगी बिजली की समस्या से निजात : कालीचरण सिंह

संवाददाता। चतरा

लो वोल्टेज और बिजली कट की समस्या के समाधान के लिए चतरा के नवनिर्वाचित सांसद कालीचरण सिंह आगे आये हैं. उन्होंने शुक्रवार को चतरा में बिजली विभाग के सहायक अभियंता सह एसडीओ हरिमोहन चौधरी से मुलाकात की. बैठक में बिजली कटौती, लो वोल्टेज और अन्य बिजली संबंधित समस्याओं पर चर्चा की. सांसद ने कहा कि चतरा के निवासियों को बिजली की अनियमितता के कारण कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है. लगातार हो रही बिजली कटौती से व्यापार और घरेलू कामकाज दोनों प्रभावित हो रहे हैं. साथ ही लो वोल्टेज की समस्या से कई घरों में उपकरण खराब हो रहे हैं और सामान्य जीवन में बाधा आ रही है. एसडीओ ने समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया.

उन्होंने बताया कि बिजली आपूर्ति में सुधार के लिए विभाग कई योजनाओं पर काम कर रही है. उन्होंने यह भी कहा कि जल्द ही नई तकनीक और उपकरणों का इस्तेमाल करके बिजली वितरण प्रणाली को अपग्रेड किया जाएगा. इससे बिजली की उपलब्धता और गुणवत्ता में सुधार होगा. सांसद ने कहा कि जनहित के मुद्दों पर तेजी से कार्रवाई होनी चाहिए ताकि चतरा के लोग राहत महसूस कर सकें. विभाग के सहायक अभियंता सह एसडीओ ने सांसद को आश्वस्त किया कि वे इस दिशा में त्वरित और प्रभावी कदम उठाएंगे.

कालीचरण सिंह.

उम्मीद | सुवर्णरेखा परियोजना की सीबीआई जांच की उम्मीद बढ़ी

संजय सेठ के केंद्रीय मंत्री बनने पर विस्थापितों में जगी नई आस

- संजय सेठ पहले भी उठा चुके हैं विस्थापितों का मुद्दा

संवाददाता। चांडिल

रांची संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से लगातार दूसरी बार चुनाव जीत कर संजय सेठ केंद्रीय मंत्रीमंडल में अपनी जगह बनाने में सफल रहे हैं. मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में उन्हें रक्षा राज्य मंत्री बनाया गया है. सांसद के केंद्रीय मंत्री बनने पर ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में खुशी का माहौल है. सबसे अधिक खुशी चांडिल डैम के विस्थापितों में देखी जा रही है. चांडिल डैम के कई विस्थापित परिवार बगैर संपूर्ण मुआवजा व पुनर्वास सुविधा के जिंदगी गुजार रहे हैं.

निराश तो नहीं करेंगे मंत्री : ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र की जनता अपने सांसद संजय सेठ के केंद्रीय मंत्री बनाए जाने पर खुश तो हैं, लेकिन उन्हें यह भय भी सता रही है कि कहीं मंत्री लोगों को निराश तो नहीं करेंगे. इसके पहले तीन बार चुनाव जीतकर सुबोधकांत सहाय केंद्रीय मंत्री बने थे. अंतिम बार केंद्रीय पर्यटन मंत्री रहते सुबोधकांत सहाय ने ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के कई स्थानों का कायाकल्प करने का भरोसा दिया था. चांडिल डैम में ओपन थियेटर, जयदा स्थित बुढ़ाबाबा शिव मंदिर, जारगो महादेवबेड़ा शिव मंदिर, देवलटांड के जैन मंदिर, पामिया का महामाया मंदिर समेत कई धार्मिक स्थानों को विकसित करने के लिए चिन्हित किया गया था, लेकिन कही भी किसी प्रकार का विकास का काम नहीं हो सका था. केंद्रीय मंत्री लोगों के संदेह को किस प्रकार दूर करेंगे, यह समय ही बताएगा.



संजय सेठ, केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री.

चुनाव में किया था वादा- परियोजना की सीबीआई जांच होकर रहेगी

सांसद ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान संसद के पटल पर चांडिल डैम के विस्थापितों के मामलों को बार-बार उठाया था. उन्होंने सुवर्णरेखा परियोजना की सीबीआई जांच कराने की भी मांग की थी. चुनाव के दौरान उन्होंने कहा कि परियोजना की सीबीआई जांच होकर रहेगी. अब सांसद केंद्र में रक्षा राज्य मंत्री बन गए है. ऐसे में चांडिल डैम के विस्थापितों में यह आस जगी है कि अब परियोजना का सीबीआई जांच होगी. चांडिल डैम के विस्थापितों का कहना है कि अब विस्थापितों का हक मारने वालों पर गाज गिरेगी. विस्थापितों का संपूर्ण पुनर्वास की सुविधा मिलेगी. उनके बकाए मुआवजा का भुगतान किया जाएगा. दूसरों के नाम पर मुआवजा उठाने वालों पर कार्रवाई होगी. विस्थापितों के नाम पर नौकरी करने वाले गैर विस्थापितों को दंडित किया जा सकेगा.

लोहरदगा में लू लगने से पारा शिक्षक की मौत क्षेत्र में शोक की लहर

कुड़ू(लोहरदगा)। झारखंड का लोहरदगा जिला इन दिनों हिटवेव को लेकर जनता और प्रशासनिक कर्मियों के बीच मौत बनकर तांडव मचा रहा है. यहां पर लोहरदगा जिला अंतर्गत कुड़ू प्रखंड क्षेत्र के दुबांग गांव निवासी उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बड़का टोली बड़की चांपी के पारा शिक्षक 50 वर्षीय हीरामन मुंडा का लू लगने से आकस्मिक निधन हो गया. वे गुरूवार को दोपहर अपने खेत मे जेसीबी से जमीन समतलीकरण कराकर शाम में घर लौटे थे. कुछ देर बाद स्नान करने गए और बेहोश हो गए आनन फानन में परिजनों ने उन्हें लोहरदगा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था. जहां अस्पताल पहुंचने के कुछ देर बाद ही उनकी मौत हो गई.

पेज एक का शेष

केंद्र और एनटीए को...

किसी के करियर के साथ नहीं होगा खिलवाड़ : धर्मेंद्र प्रधान

इस बीच, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, नीट परीक्षा मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत परीक्षार्थियों के हितों को सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार प्रतिबद्ध है. मैं परीक्षार्थियों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि किसी भी बच्चे के करियर के साथ खिलवाड़ नहीं होगा. प्रधान ने कहा कि मेरी नीट परक्षा में शामिल हुए छात्रों के एक समूह से मुलाकात हुई. मैंने आश्वस्त किया है कि किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं होगा. सबको न्याय मिलेगा.

नीट घोटाला दूसरा 'व्यापम' है, पीएम मूकदर्शक बने नहीं रह सकते : कांग्रेस । कांग्रेस ने चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश से जुड़ी परीक्षा नीट-स्नातक में कथित धांधली को लेकर शुक्रवार को इसे 'व्यापम 2.0' करार दिया और कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी इस पर मूकदर्शक बने नहीं रह सकते. मुख्य विपक्षी दल ने कहा कि इस मामले की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में फोरेंसिक जांच होनी चाहिए. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक बयान में आरोप लगाया कि मोदी सरकार और शिक्षा मंत्री व एनटीए ने नीट घोटाले की लीपापोती चालू कर दी है. उन्होंने सवाल किया, अगर नीट में पेपर लीक नहीं हुआ तो बिहार में 13 आरोपियों को पेपर लीक के चलते गिरफ़्तार क्यों किया गया? क्या रैकेट में शामिल शिक्षा माफिया व संगठित गिरोह को पेपर के बदले 30-50 लाख रुपए तक के भुगतान का पटना पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने पर्दाफ़ाश नहीं किया? गुजरात के गोधरा में नीट-स्नातक में धोखाधड़ी करने वाले रैकेट का भंडाफोड़ नहीं हुआ है? उन्होंने यह सवाल भी किया, अगर मोदी सरकार के मुताबिक़ नीट में कोई पेपर लीक नहीं हुआ, तो ये गिरफ़्तारियां क्यों हुईं? इससे क्या निष्कर्ष निकला? क्या मोदी सरकार देश की जनता की आंखों में पहले धूल झोंक रही थी या अब? खरगे ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने 24 लाख युवाओं के अरमानों का गला घोंटा है. उन्होंने दावा किया, इन एक लाख सीटों (एमबीबीएस की) में से क़रीब 55,000 सरकारी कॉलेजों की सीट हैं जहां एससी, एसटी, ओबीसी और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के बच्चों के लिए सीटें आरक्षित होती हैं. मोदी सरकार ने एनटीए का दुरूपयोग कर स्कोर और रैंक की ज़ोरदार धांधली की है, जिससे आरक्षित सीटों का कटऑफ भी बढ़ गया है. कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने आरोप लगाया कि नीट घोटाला 'व्यापम 2.0' है, जिस पर मोदी सरकार लीपापोती करना चाहती है.

हमसे गलती हो गई...

बिल इनोवा का और गाड़ी फॉर्च्यूनर : प्रतियोगिता के आयोजन के दौरान आवागमन के लिए चारपहिया वाहन किराए पर लिए गए थे. बीके ट्रेवल्स ने जो बिल जमा किया है, उसके अनुसार, जेएच 01 सीजे 0777 नंबर की गाड़ी को इनोवा क्रिस्टा बताते हुए बिल जमा किया गया, लेकिन वो कार फॉर्च्यूनर थी. वहीं बिल में जेएच 01 डीबी 8055 को स्कॉर्पियो बता कर बिल का भुगतान लिया गया, लेकिन वो कार टाटा सफारी स्टॉर्म थी. जेएच 01 एआर 7900 को स्कॉर्पियो बता कर बिल दिया गया ,लेकिन वो कार इनोवा क्रिस्टा थी. इसके अलावा कई गाड़ियों के इंश्योरेंस भी फेल थे. जब सारे दस्तावेज अधिकारियों की एक टीम ने सत्यापित किये, तो इतनी बड़ी गड़बड़ी आखिर पकड़ में कैसे नहीं आई.

क्या अग्निवीर योजना में सुधार होगा !

तो क्या केंद्र सरकार अग्निवीर योजना में आमूल बदलाव करेगी? मीडिया में छप रही रिपोर्टों के मुताबिक भारतीय सेना ने अग्निपथ योजना को बेहतर बनाने के कई सुझाव सरकार को भेजे हैं. सूत्रों के हवाले से यह खबर उस समय आई है, जब केंद्र में नई सरकार के गठन के दौरान ऐसी चर्चा गर्म थी कि भाजपा के कुछ सहयोगी दल इस योजना की समीक्षा चाहते हैं. अठारहवीं लोकसभा के लिए हुए चुनाव प्रचार अभियान के दौरान विपक्षी दलों के गठबंधन ने इसे एक बड़ा मुद्दा बना दिया था. देश के उन राज्यों में, जहां से अधिक संख्या में युवा सेना में भर्ती होते रहे हैं, वहां इस सवाल का चुनाव परिणामों पर असर देखा गया. देश के वे युवा जो देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत हो सेना में भर्ती होने का सपना देखते हैं, उनके लिए अग्निपथ योजना एक बाधा की तरह देखी जाती है. सेना में जाने के इच्छुक ज्यादातर युवाओं ने जब अग्निपथ योजना का एलान हुआ था विरोध में सड़कों पर आ गए थे. इन युवाओं ने चुनाव अभियान के दौरान अपने रोष को व्यक्त भी किया है. युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सीमित हैं. सरकारी नौकरियों में रिक्त पदों पर भर्ती को प्राथमिकता नहीं दी जा रही है और सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों के द्वार भी सिकुड़ कर रह गए हैं. देश पर बलिदान होने का जज्वा रखने वाले युवाओं के लिए सेना में भर्ती एक अवसर से ज्यादा स्वयं को देश सेवा के लिए समर्पित करने की भावना भी है. ऐसे में युवाओं का अग्निपथ योजना के विरोध को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है. सूत्रों की सूचना में बताया गया है कि सेना ऐसी समीक्षा पहले ही कर चुकी है. सेना ने जो सुझाव दिए हैं, उनमें एक यह है कि चार साल की नौकरी के बाद सेना में नियमित रूप से भर्ती किए जाने वाले अग्निवीरों की संख्या 25 से बढ़ा कर 60-70 प्रतिशत कर दी जाए. अग्निवीरों का कार्यकाल चार साल से बढ़ा कर 7-8 वर्ष करने का सुझाव भी सेना ने दिया है. साथ ही अग्निवीर के रूप में भर्ती के लिए न्यूनतम उम्र बढ़ा कर 23 साल करने और सेवा के दौरान घायल या जख्मी होने पर उन्हें दी जाने वाली सहायता राशि में वृद्धि की सिफारिश की गई है. प्रश्न है कि क्या यह सुझाव सरकार मानेगी? अग्निपथ योजना के बारे में आम समझ है कि रिटायर्ड सैनिकों की पेंशन पर बढ़ते खर्च का बोझ घटाने के लिए केंद्र ने इसे शुरू किया था. सेना में पूंजीगत निवेश संतुलन पर जोर दिया जा रहा है. भारत सरकार की राजकोषीय स्थिति ऐसी नहीं है कि वह समग्र रक्षा बजट में बहुत बड़ी बढ़ोतरी कर सके. तो अग्निपथ स्कीम लाया गया. इस योजना की वाजिब आलोचनाएं मौजूद हैं. मगर समाधान क्या है? अब ओआरओपी तो वापस नहीं लिया जा सकता. ऐसे में अग्निपथ योजना में कुछ रस्मी बदलाव कर आलोचनाओं की धार कम करने की कोशिश करना ही एकमात्र विकल्प बचता है. लेकिन ऐसे परिवर्तन पर्याप्त नहीं होंगे. उनसे खड़ी हुई बुनियादी समस्याएं हल नहीं होंगी.

> सूत्रों की सूचना में बताया गया है कि सेना ऐसी समीक्षा पहले ही कर चुकी है. सेना ने जो सुझाव दिए हैं, उनमें एक यह है कि चार साल की नौकरी के बाद सेना में नियमित रूप से भर्ती किए जाने वाले अग्निवीरों की संख्या 25 से बढ़ा कर 60-70 प्रतिशत कर दी जाए.

सुभाषित

प्रदोषे दीपकश्चन्द्रः प्रभाते दीपको रविः।
त्रैलोक्ये दीपको धर्मः सुपुत्र कुलदीपकः॥

शाम का दीपक चन्द्रमा होता है, सुबह का दीपक सूर्य होता है, तीनों लोकों का दीपक धर्म होता है और कुल का दीपक सुपुत्र होता है. सुपुत्र से ही किसी कुल की शोभा बढ़ती है और समाज में सम्मान बढ़ता है.

18वें आम चुनाव के 'अग्नि-वीर'

राष्ट्रीय स्तर पर हुई क्षति के अनुरूप उसको झारखंड में भी नुकसान उठाना पड़ा. वह 11 सीटों से खिसककर आठ सीटों की जीत पर आ गई. यह बहुत बड़ी क्षति न होकर भी चिंता का विषय तो है ही. वह इस राज्य की सुरक्षित सभी पांच जनजातीय सीटों पर हार गई, तब जबकि जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा इसी राज्य के थे, तब जबकि जनजातीय समाज में पैठ बढ़ाने की नीयत से वह बाबूलाल मरांडी को जेवीएम से ले आई थी और पार्टी का प्रान्तीय अध्यक्ष बना दिया था, और तब जबकि देश भर के जनजातीय समाज को आकर्षित करने के लिए उसने कई योजनाओं की घोषणा इस राज्य से की थी.

18वीं लोकसभा के लिए आम चुनाव और उसके बाद मंत्रिमंडल का गठन हो जाने के बावजूद चुनाव की खुमारियां शेष हैं. लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री चुने जाने के कारण नरेंद्र मोदी ने पं. जवाहरलाल नेहरू की बराबरी कर ली है, लेकिन कुछ सवाल फिजां में तैर रहे हैं. 370 से अधिक सीटें जीतने का दावा करने और एक्जिट पोल में उस दावे की तस्दीक करने के बावजूद भाजपा 240 पर क्यों सिमट गई? सात चरणों में हुए इस चुनाव के चौथे चरण के बाद भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा का इंटरव्यू हो कि सरकार गठन के दूसरे दिन 10 जून को संघ प्रमुख मोहन भागवत का नागपुर में संघ कार्यकर्ताओं के विकास वर्ग कार्यक्रम के समापन पर संबोधन, सत्ता ही नहीं, देश के स्तर पर बड़ा सवाल है. नड्डा ने एक अंग्रेजी अखबार को दिये इंटरव्यू में कहा था, 'अब बीजेपी की संरचना मजबूत हो गई है. अब भाजपा अपने भरोसे चल रही है. वाजपेयी के समय में पार्टी को खुद को चलाने के लिए आरएसएस की जरूरत थी, क्योंकि उस समय बीजेपी कम सक्षम और छोटी पार्टी हुआ करती थी. आज हम बढ़ गये हैं. पहले से अधिक सक्षम हैं. बीजेपी अब अपने आप को चलाती है. आरएसएस एक सांस्कृतिक और सामाजिक संगठन है, जबकि भाजपा एक राजनीतिक दल है'. उधर भागवत ने आगाह किया, 'एक साल से मणिपुर शांति की राह देख रहा है. इसके पहले दस साल शांत रहा और अब अचानक जो कलह वहां उपजी या उपजाई गई, उसकी आग में मणिपुर अभी तक जल रहा है. इस पर कौन ध्यान देगा'? संघ प्रमुख ने मार्के की बात यह भी कही, 'सहमति से देश चलाने की परंपरा का सभी स्मरण रखें. इस बार चुनाव ऐसे लड़ा गया, जैसे युद्ध हो. संसद में दो पक्ष जरूरी हैं. देश चलाने के लिए सहमति जरूरी है. विपक्ष को विरोधी पक्ष की जगह मैं प्रतिपक्ष कहना उचित समझता हूं'. सवाल यह भी है कि मोहन भागवत को मणिपुर की याद ऐसे मौके पर क्यों आई? उन्होंने यह सवाल किस पर उठाया, डबल इंजन की सरकार पर, मोदी पर या अमित शाह पर? ऐसे सवालों के जवाब न तो अबूझ हैं, न ही उन सात अंधों की तरह हैं जो हाथी को छूकर अपने-अपने ढंग से उसकी परिभाषा बता रहे थे. देश इन बातों को समझता है.

भाजपा 2019 के मुकाबले इस बार 303 से घटकर 242 सांसदों पर आ गई. उसने चुनाव पूर्व के गठबंधन के भरोसे सरकार बना ली. डबल इंजन वाले उत्तर प्रदेश में तो ऐसा लगा, जैसे उसके विरूद्ध प्रचंड लहर हो. राष्ट्रीय स्तर पर हुई क्षति के अनुरूप उसको झारखंड में भी नुकसान उठाना पड़ा. वह 11 सीटों से खिसककर आठ सीटों की जीत पर आ गई. यह बहुत बड़ी क्षति न होकर भी चिंता का विषय तो है ही. वह इस राज्य की सुरक्षित सभी पांच जनजातीय सीटों पर हार गई, तब जबकि जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा इसी राज्य के थे, तब जबकि जनजातीय समाज में पैठ बढ़ाने की नीयत से वह बाबूलाल मरांडी को जेवीएम से ले आई थी और पार्टी का प्रान्तीय अध्यक्ष बना दिया था, और तब जबकि देश भर के जनजातीय समाज को आकर्षित करने के लिए उसने कई योजनाओं की घोषणा इस राज्य से की थी. शायद वह भूल गई कि योजनाएं हमेशा चुनावी जीत का सबब नहीं हुआ करतीं. भाजपा बड़े हौसले से कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा और झामुमो विधायक सीता सोरेन को तोड़कर लाई थी, लेकिन दोनों हार गईं. अब गीता-सीता का क्या होगा? एक इन्स्टैंट जवाब होगा, शायद उनको पांच महीने बाद होनेवाले विधानसभा चुनाव में आजमाया जाय. शायद अर्जुन मुंडा का भी यही हश्र हो. शायद नहीं भी हो. अब की सक्षम भाजपा कुछ भी कर सकती है. मोदी हैं तो मुमकिन है.

देश-काल

श्याम किशोर चौबे

चुनावों में जीत-हार लगी रहती है. इससे अलग कुछ परिस्थितियां कुछ विशेष कहानियां कहा करती हैं. कहानियां बनती ही हैं सीख लेने के लिए. झारखंड की नई राजनीतिक कहानी यह कि स्थानीयता और क्षेत्रीय भाषा के मसले पर गठित नए संगठन झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति ने दमदार उपस्थिति दर्ज कराई. हजारीबाग से खड़े संजय कुमार मेहता ने 1,57,977 वोट हासिल किया. रांची से देवेंद्र नाथ महतो को 1,32,643 मत मिले. गिरिडीह में जयराम महतो को 3,47,322 वोट मिले. कोडरमा से मनोज कुमार 28,612 वोट जुटा सके. सिंहभूम सीट पर दामोदर सिंह हांसदा 44,292 मत ले आये. धनबाद में अखलाक अहमद 79,653 मतों पर रहे. दुमका की प्रत्याशी बेबीलता टुडू 19,360 वोट पा गईं. चतरा सीट पर दीपक गुप्ता को 12,566 मत मिले. बेबीलता टुडू और दीपक गुप्ता को छोड़ दिया जाय तो बाकी छह प्रत्याशी तीसरे स्थान पर रहे. इस तीसरे स्थान ने कहीं-कहीं उपविजेता का खेल बिगाड़ा. खासकर हजारीबाग, रांची, गिरिडीह जैसे कुड़मी बहुल इलाकों में इनको पर्याप्त वोट मिले. राज्य की कई विधानसभा सीटों पर वे आनेवाले चुनाव में बड़ा खेल कर सकते हैं. यह चुनौती उन दलों/प्रत्याशियों के लिए खूब मायने रखती है, जो जातीय राजनीति किया करते हैं. बीता लोकसभा चुनाव गवाह है, 'जाति-पाति पूछै नहीं कोई' को तालाबंद कर भारतीय राजनीति में जाति-पाति को ही प्रमुखता दी गई. सभी दल खुलकर जातीय कार्ड खेलते रहे. इस चुनाव ने बता दिया कि कम आबादीवाली जातियां अपना रास्ता तलाश लें, सियासत उनकी बहुत फिक्र नहीं करनेवाली. जब किसी भी सूरत में चुनाव जीतने की मंशा बना ली जाय तो ऐसा ही होता है. इकबाल कह गये हैं-

जम्हूरियत इक तर्जे हुकूमत है कि जिसमें
बंदों को गिना करते हैं, तौला नहीं करते.

बोधि-वृक्ष | सुज्ञ

स्थायी सुख ही श्रेयस्कर

क्षणिक सुख और सुविधा की तरफ ढल पडना बहुत ही आसान होता है, जबकि दृढ मनोबल बनाए रखना, कठिन पुरूषार्थ की मांग करता है. जिस तरह हीरे में चमकने का प्राकृतिक स्वभाव होने के उपरांत भी वह हमें प्राकृतिक चमकदार प्राप्त नहीं होता. हीरा स्वयं बहुत ही कठोर पदार्थ होता है. उसे चमकाने के लिए, उससे भी कठोर व तीक्ष्ण औजारों से प्रसंस्करण की आवश्यकता होती है. उसकी आभा उभारने के लिए कटाई-घिसाई का कठिन श्रम करना पडता है. दाग वाला हिस्सा काट कर दूर करना पडता है. उस पर सुनियोजित और सप्रमाण पहलू बनाने होते है. सभी पहलुओं घिस कर चिकना करने पर ही हीरा अपनी उत्कृष्ट चमक देता है. अगर हीरे में चमक अभिप्रेत है तो उसे कठिन श्रम से गुजरना ही पडेगा. ठीक उसी प्रकार सद्गुण हमारी अंतरात्मा का स्वभाव है, अपनाने कठिन होते ही है. सदाचार हमारे जीवन के लिए हितकर है, श्रेयस्कर है. यदि जीवन को दैदिप्यमान करना है तो कठिन परिश्रम और पुरूषार्थ से गुजरना ही होगा है. यदि सुंदर चरित्र का निर्माण हमारी ज्वलंत इच्छा है तो कटाव धिसाव के कठिन दौर से गुजरना ही होगा. सुहाते तुच्छ स्वार्थ के दाग हटाने होंगे. आचार विचार के प्रत्येक पहलू को नियमबद्ध चिकना बनाना ही होगा. यदि लक्ष्य उत्कृष्ट जीवन है तो स्वभाविक है, उन मूल्यों को प्राप्त करने लिए पुरूषार्थ भी अतिशय कठिन ही होगा. यदि हम गहनता से विचार करें तो पाएंगे कि जो व्यक्ति अपने जीवन मूल्यों पर अडिग रहता है, निडर होकर जीता है. उसका अंतस आत्मबल से और भी निखर उठता है. जो भी इन मूल्यों को अपनाता हैं, उसे कर्तव्य निष्ठा का एहसास होता है. वह निर्भय होकर अपनी बात कहता है, स्वार्थ अपूर्ती से उपजने वाला भय उसे नहीं होता क्योंकि उसे कोई स्वार्थ ही नहीं होता. वह हर पल स्वयं को सुरक्षित अनुभव करता है. द्वंद्व से मुक्त रहकर अपना निर्णय लेता है और दुविधा मुक्त हो अपने कार्य का निस्पादन करता है. अगर आप गहराई से समझें तो यही जीवन मूल्य हमारे लिए सुदृढ़ सुरक्षा कवच की तरह काम करते हैं. परिणाम स्वरूप हमें हर परिस्थिति में डट कर सामना करने का प्रबल साहस प्राप्त होता है. हमें लोग सम्मान की दृष्टि से देखते है. जीवन मूल्यों पर डटे रहने से तुच्छ सी इच्छाए, आकांक्षाएं, अपेक्षाएं अवश्य चुक सकती है, मगर जीवन मूल्यों पर चलकर इच्छाओं और आकांक्षाओं के क्षणिक लाभकारी सुख से लाख गुना श्रेष्ठ सुख, शांति, संतुष्टि, प्रेम और स्थायी आदर सहज ही प्राप्त हो जाता है. मानव जीवन के लिए वस्तुतः स्थायी सुख ही श्रेयस्कर है.

भारत की विदेश नीति में निरंतरता बरकरार

सियासत

प्रमोद जोशी

नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बनी तीसरी सरकार के शपथ-ग्रहण समारोह में पिछली दो बार के साथ एक प्रकार की निरंतरता रही, जिसमें उनकी सरकार की विदेश-नीति के सूत्र छिपे हैं. इसमें देश की आंतरिक-नीतियों के साथ विदेश और रक्षा-नीति के संदेश भी पढ़े जा सकते हैं. शपथ-ग्रहण समारोह में सात पड़ोसी देशों के नेता शामिल हुए थे. भारत सरकार ने पड़ोसी पाकिस्तान, चीन, अफगानिस्तान और म्यांमार को समारोह में शामिल होने का न्योता नहीं दिया. अफगानिस्तान के शासनाध्यक्ष का इस समारोह में नहीं होना समझ में आता है, क्योंकि अभी तक वहाँ के शासन को वैश्विक-मान्यता नहीं मिली है, पर पाकिस्तान को न बुलाए जाने का विशेष मतलब है.2014 में सरकार ने दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क) के सभी नेताओं को आमंत्रित किया था, जिसमें अफगानिस्तान और पाकिस्तान भी शामिल थे, पर 2019के समारोह में भारतीय विदेश-नीति की दिशा कुछ पूर्व की ओर मुड़ गई.उसमें पाकिस्तान को नहीं बुलाया गया. दूसरी तरफ म्यांमार और थाईलैंड सहित बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल (बिमस्टेक) के नेताओं ने समारोह में भाग लिया था. ऐसा अनायास नहीं हुआ था, बल्कि वह भारतीय विदेश-नीति का महत्वपूर्ण मोड़ था. भारत ने पाकिस्तान के साथ रिश्तों को जोड़ने की कोशिश पूरी तरह से त्यागने की नीति पर चलने का फैसला कर लिया, जो फिलहाल अभी तक जारी है. 2014के शपथ ग्रहण समारोह में नरेंद्र मोदी ने अपने शपथ समारोह को वस्तुतः दक्षिण एशिया के शिखर सम्मेलन में तब्दील कर दिया था. 2019 के शपथ-समारोह में शामिल होने के लिए सरकार ने पड़ोसी देशों के नाम पर बिमस्टेक समूह के नेताओं को आमंत्रित किया. बुनियादी तौर पर उसमें पाकिस्तान के लिए एक संदेश था. काठमांडू सम्मेलन के बाद दक्षेस का अगला शिखर सम्मेलन नवम्बर, 2016 में पाकिस्तान में होना था. भारत, बांग्लादेश और कुछ अन्य देशों के बहिष्कार के कारण वह शिखर सम्मेलन नहीं हो पाया और उसके बाद से गाड़ी जहां की तहां रुकी पड़ी है. भारत की विदेश-नीति में इस समय ग्लोबल साउथ केंद्रीय भूमिका में है. इस मामले में चीन हमारा सबसे बड़ा प्रतिस्पर्धी है, जो अपने 'बेल्ट एंड रोड' कार्यक्रम के साथ विकासशील देशों में पैठ बना रहा है. इस कार्यक्रम में मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज़्ज़ू का शामिल होना खासतौर से महत्वपूर्ण है. नवंबर 2023 और जनवरी 2024 में क्रमशः निर्वाचित होने के बाद मुइज़्ज़ू और शेख हसीना की यह पहली भारत यात्रा है. पिछले साल दिसंबर में यूएई में हुए एक कार्यक्रम मुइज़्ज़ू की मुलाकात मोदी से हुई थी. मालदीव को भारत से उपहार में मिले विमानों के रखरखाव के लिए तैनात भारतीय सैनिकों की वापसी को लेकर दोनों देशों के बीच हाल में रिश्ते कड़वे हो गए थे. मुइज़्ज़ू के इस समारोह में शामिल होने से लगता है कि संबंधों में सुधार होगा. विदेश-मंत्रालय ने विदेशी गणमान्य व्यक्तियों के मौजूदा समूह को आमंत्रित करने के पीछे के तर्क को स्पष्ट करते हुए कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरे कार्यकाल के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए नेताओं की यात्रा भारत द्वारा अपनी 'पड़ोसी पहले (नेबरहुड फर्स्ट)' नीति और 'सागर (सिक्योरिटी एंड ग्रोथ फॉर ऑल इन द रीज़न)' दृष्टिकोण को दी गई सर्वोच्च प्राथमिकता के अनुरूप है.'हालाँकि, अफगानिस्तान मंद तालिबान शासन और म्यांमार में फौजी सरकार को भारत औपचारिक रूप से मान्यता नहीं देता है. इसे देखते हुए रविवार को दिल्ली में जुड़ा पूरा पड़ोस नहीं था. यह बिमस्टेक ग्रुप भी नहीं था, क्योंकि इसमें सेशेल्स और मॉरिशस के शासनाध्यक्ष भी शामिल थे. भारत की हिंद महासागर नीति से संकेत इस अतिथि-समूह में देखे जा सकते हैं.सरकार बनने के फौरन बाद प्रधानमंत्री के ज्यादातर कार्यक्रम विदेश-यात्राओं से जुड़े हैं. वे 13-14 जून को इटली जाएंगे, जहां जी-7देशों की बैठक बुलाई गई है. इस दौरान उनकी मुलाकात अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के अलावा फ्रांस, जर्मनी, कनाडा, ईयू और जापान के नेताओं से होगी. नरेंद्र मोदी ने स्विट्ज़रलैंड का आमंत्रण स्वीकार नहीं किया, जहां 14 जून को शांति-शिखर सम्मेलन हो रहा है. इसमें भारत का प्रतिनिधित्व कोई महत्वपूर्ण प्रतिनिधि करेगा. जी-7 और स्विट्ज़रलैंड का सम्मेलन यूक्रेन-युद्ध के संदर्भ में है और इटली में जी-7 की बैठक में पश्चिम एशिया में युद्ध रोकने से जुड़े समझौते पर विचार होगा. यह भी देखना होगा कि मोदी पड़ोस के किस देश में पहली यात्रा करेंगे. 2014 में वे भूटान और नेपाल गए थे और 2019 में मालदीव.

> भारत, बांग्लादेश और कुछ अन्य देशों के बहिष्कार के कारण वह शिखर सम्मेलन नहीं हो पाया और उसके बाद से गाड़ी जहां की तहां रुकी पड़ी है. भारत की विदेश-नीति में इस समय ग्लोबल साउथ केंद्रीय भूमिका में है. इस मामले में चीन हमारा सबसे बड़ा प्रतिस्पर्धी है, जो अपने 'बेल्ट एंड रोड' कार्यक्रम के साथ विकासशील देशों में पैठ बना रहा है.

विचारों के प्रति होना होगा सहिष्णु

विमर्श

सुनीता नारायण

नई सरकार को भरोसा वापस लाना होगा. इसके लिए उसे विचारों, राय और सूचनाओं के प्रति सहिष्णु होना होगा. जमीनी स्तर की संस्थाओं को मजबूत करना जरूरी है, क्योंकि भागीदारी लोकतंत्र ही विकास को सही तरीके से लोगों तक पहुंचा सकता है. जलवायु परिवर्तन के इस दौर में, सरकार को, विकास को फिर से इस तरह बनाना होगा कि वह सभी को शामिल करे, किफायती हो और टिकाऊ हो. नई सरकार के लिए एजेंडा तो वही पुराना ही है, लेकिन एक बुनियादी फर्क के साथ. सबसे बड़ी बात यह है कि प्राथमिकता वाले कामों की लिस्ट वही बनी हुई है. चाहे बिजली हो, पानी हो, सफाई हो, खाना हो, या फिर सेहत और पढ़ाई- हर जगह हमारा काम अधूरा रह गया है. ये तो हम जानते हैं कि सरकार के पास इन सबके लिए योजनाएं हैं और बजट भी तय है. ये भी जानते हैं कि लोगों की भलाई और कल्याण सुनिश्चित करना एक लगातार चलने वाला काम है. चुनाव के दौरान, जब पत्रकार लोगों की राय लेने निकलते हैं और शायद यही वो वक्त होता है जब उनकी राय मायने रखती है, तो हमें यह सुनने को मिला कि बेरोजगारी सबसे बड़ी चिंता है. साफ पीने का पानी और शौचालय जैसी बुनियादी चीजों तक की कमी है. बिजली की कमी और महंगे रसोई गैस सिलिंडर जैसी परेशानियां बनी हुई हैं. किसान अभी भी परेशान हैं. लिहाजा बहुत सारे काम अभी बाकी हैं, और वह भी उन क्षेत्रों में जिन्हें पिछली सरकार ने अपनी 'करने वाली चीजों की लिस्ट' से पूरा हुआ बता दिया था. इसमें कोई ताज्जुब नहीं होना चाहिए. भारत बहुत बड़ा देश है, गवर्नेंस में काफी कमी वाला देश. किसी भी सरकारी योजना का मकसद यह है कि वह लोगों तक पहुंचे ,सिर्फ एक बार नहीं, बल्कि हर बार. मौजूदा दौर में हम जलवायु परिवर्तन का असर भी देख रहे हैं. हमारे आंकड़ों से पता चलता है कि हर रोज देश का कोई न कोई हिस्सा किसी ना किसी प्राकृतिक आपदा से जूझ रहा है. इसका विकास योजनाओं पर बहुत बुरा असर पड़ता है. बेमौसम बारिश और बहुत ज्यादा गर्मी या ठंड की वजह से बाढ़, सूखा और लोगों के रोजगार नष्ट हो जाते हैं, जिससे सरकार के संसाधनों पर और बोझ बढ़ जाता है. इसका मतलब है कि विकास को और तेजी से, बड़े पैमाने पर लेकिन इन सब चीजों को बदलने के साथ-साथ और भी बहुत कुछ करने के लिए नई सरकार की योजना कुछ तरीकों से अलग होनी चाहिए. पहली बात, नई सरकार को संस्थाओं को मजबूत करना होगा, ताकि लोगों की राय ली जा सके और सरकार जवाबदेह बने. जो लोग अलग राय रखते हैं, वे देश के दुश्मन नहीं होते. अलग-अलग तरह की जानकारी मिलना सरकार की आलोचना या विरोध नहीं है. ऐसी खबरों और विश्लेषणों को विकास का हिस्सा समझना चाहिए. जितना ज्यादा हम यह जान पाएंगे कि कौन सी योजनाएं काम कर रही हैं और कौन सी नहीं, उतनी ही अच्छी तरह से सरकार काम करेगी. अभी, ज्यादातर असहमति की आवाजों को दबा दिया गया है. शायद यह जानबूझकर नहीं किया गया, लेकिन यह संदेश दिया जाता है कि सरकार सिर्फ वही सुनना पसंद करती है जो वह सुनना चाहती है. यह एक ऐसे कमरे जैसा है, जहां सिर्फ चियरलीडर्स ही रहते हैं. मेरी राय में, इससे सरकार कमजोर हो जाती है- उन्हें कुछ पता नहीं चलता और वे सीख भी नहीं पाते. इसलिए, नई सरकार को खुले दिमाग से काम करना होगा. इसका मतलब यह नहीं है कि हर किसी को सरकारी समितियों में शामिल किया जाए, बल्कि जानकारी, विचारों और रायों को स्वीकार करना जरूरी है. असहमति के स्वरों पर सहिष्णुता जरूरी है. भरोसा बनाना बहुत जरूरी है, न सिर्फ योजनाओं की सफलता के लिए बल्कि समाज के विकास के लिए भी. दूसरी बात, हमें नए भारत के लिए नई संस्थाओं की जरूरत है. पिछले कुछ सालों में, ज्यादातर पुरानी संस्थाओं को जानबूझकर या फिर लापरवाही से कमजोर कर दिया गया है. सरकार आपको शायद यह बताए कि ये संस्थाएं अपना काम ठीक से नहीं कर रहीं थीं, इसलिए इन्हें खत्म कर दिया गया. लेकिन असल बात यह है कि इन संस्थाओं के जरूरी कामों को करने के लिए कोई नया इंतजाम नहीं किया गया है. उदाहरण के लिए, प्रदूषण को रोकने वाली संस्थाओं को ही ले लीजिए. वह अब बेमतलब हो गई हैं, कुछ नहीं कर पा रही हैं. शायद इसलिए क्योंकि जब उनके पास ताकत थी, तो कुछ लोगों ने प्रदूषण रोकने के काम में से ही पैसा कमाया होगा. लेकिन सच ये है कि प्रदूषण रोकने के लिए ऐसी संस्थाओं की जरूरत है, जो जिम्मेदारी के साथ सख्ती से काम कर सकें और मुश्किल फैसले लेने में सक्षम हों.

> बिजली की कमी और महंगे रसोई गैस सिलिंडर जैसी परेशानियां बनी हुई हैं. किसान अभी भी परेशान हैं. लिहाजा बहुत सारे काम अभी बाकी हैं, और वह भी उन क्षेत्रों में जिन्हें पिछली सरकार ने अपनी 'करने वाली चीजों की लिस्ट' से पूरा हुआ बता दिया था. इसमें कोई ताज्जुब नहीं होना चाहिए. भारत बहुत बड़ा देश है, गवर्नेंस में काफी कमी वाला देश.

मीडिया में अन्यत्र

आतंकी हमलों की निरंतरता चिंताजनक

पिछले दिनों जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 की समाप्ति के बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव में रिकॉर्ड मतदान की चर्चा हो रही थी. अब लगातार हो रहे आतंकी हमलों ने आंतरिक सुरक्षा के लिये नये सिरे से चुनौती पैदा की है. जम्मू में रियासी, कठुआ और डोडा में चार दिनों में चार आतंकी हमले हुए हैं. रविवार को रियासी में श्रद्धालुओं से भरी बस के चालक पर हुए हमले के बाद बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई थी. जिसमें नौ श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी. फिर कठुआ व डोडा में हुए आतंकी हमलों में एक जवान और दो आतंकवादी मारे गए हैं. इन घटनाओं में छह जवानों समेत पचास के करीब लोग घायल हुए हैं. कुछ गिरफ्तारियां भी हुई और हथियार भी बरामद हुए हैं. स्थिति की गंभीरता को देखते हुए गुरुवार को प्रधानमंत्री ने गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल व सुरक्षा एजेंसियों के साथ बैठक की है. इसमें आतंकवाद की नई चुनौती से मुकाबले की रणनीति पर विचार हुआ है. दरअसल, नई सरकार बनने की प्रक्रिया के दौरान हुए इन हमलों में पाक की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता. चिंता की बात यह है कि एलओसी से लगते जम्मू के इलाके में आतंकवादी घटनाएं बढ़ी हैं. मारे गये दो आतंकवादियों के पास से पाकिस्तानी हथियार व सामान की बरामदगी बताती है कि पाकिस्तान सत्ता प्रतिष्ठानों की मदद से यह आतंक का खेल फिर शुरू किया जा रहा है. कहीं न कहीं दिल्ली में बनी गठबंधन सरकार को यह संदेश देने की कोशिश की जा रही है कि पाक पोषित आतंकवादी जम्मू-कश्मीर में दखल दे सकते हैं. कहा जा सकता है कि राज्य में लोकतंत्र को मजबूत होते देख बौखलाहट में ये आतंकवादी हमले किये जा रहे हैं. दरअसल, केंद्रशासित प्रदेश का शांति-सुकून की तरफ बढ़ना आतंकवादियों की हताशा को ही बढ़ाता है. हाल के दिनों में रिकॉर्ड संख्या में पर्यटकों का घाटी में आना और लोकसभा चुनाव में बंपर मतदान सीमा पार बैठे आतंकियों के आकाओं को रास नहीं आया है. वहीं इन हमलों का चिंताजनक पहलू यह है कि अब तक आतंकी घटनाओं का केंद्र दक्षिण कश्मीर आदि इलाके होते थे, अब की बार ये हमले जम्मू क्षेत्र में हुए हैं. जम्मू के इलाके में आतंकी घटनाओं में वृद्धि शासन-प्रशासन के लिये गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए. इन हमलों में पाकिस्तान की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता. उल्लेखनीय है कि रविवार को हुए हमले की जिम्मेदारी जहां लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी गुट टीआरएफ ने ली तो डोडा में हुए हमले की जिम्मेदारी पाक पोषित जैश-ए-मोहम्मद के एक गुट कश्मीर टाइगर्स नामक आतंकी संगठन ने ली है. बहरहाल, भारतीय सेना व सुरक्षा बल आतंकवादियों को भरपूर जवाब दे रहे हैं, लेकिन इस माह के अंत में शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा का निर्बाध आयोजन सुरक्षा बलों के लिये बड़ी चुनौती होगी. जिसको लेकर विशेष चौकसी बरतने की जरूरत है. (ट्रिब्यून)

शब्द चर्चा **डॉ. विनय कुमार पाण्डेय**

लिप्त/लीन

रोहन और सोहन के बीच कोई तुलना नहीं हो सकती. रोहन जहां हर समय व्यभिचार में लिप्त रहता है, वहीं सोहन भगवान शिव की भक्ति में लीन. इन वाक्यों में एक व्यक्ति लिप्त रहता तो दूसरा लीन. लिप्त और लीन-ये दोनों शब्द सामान्य अर्थ के दृष्टिकोण से एक दूसरे के करीब हैं, लेकिन जब प्रयोग की बात आती है तो दोनों के बीच के अंतर भी स्पष्ट हो जाते हैं. लिप्त और लीन दोनों संस्कृत तत्सम विशेषण शब्द हैं. लिप्त का सबको समझने योग्य है लिपा हुआ, पुता हुआ यानी जिसपर किसी गीली वस्तु जैसे धुली मिट्टी, चंदन आदि की तह चढ़ी हो, जिस पर लेप किया गया हो यानी जो लीपा गया हो. गूढ़ार्थ है चर्चित, गाढ़ा लगा हुआ, खूब संलग्न, खूब तत्पर, अनुरक्त, फंसा हुआ जैसे विषय भाग में लिप्त. इसका मतलब जहरीला किया हुआ, विषाक्त किया हुआ भी होता है, जैसे तीर के फल को लिप्त कर दिया जाता है. वहीं लीन शब्द का मतलब है जिसका लय हो चुका हो, जो किसी में समा गया हो, जो किसी काम में इस प्रकार लगा हुआ हो कि उसे और कामों या बातों का ध्यान या चिन्ता न रहे, मग्न, कवयित्री मनीषा शिखर ने लीन शब्द का प्रयोग इस प्रकार किया है- तपस्या में रहता है ये लीन तेरी, 'शिखर' का ये दिल कोई साधू मुनी है. तन्मय, डूबा हुआ, बिलकुल लगा हुआ, तत्पर जैसे कार्य में लीन होना, ख्याल में डूबा हुआ, घ्यानमग्न, अनुरक्त. अंग्रेजी में भी लीन शब्द है, जिसका अर्थ होता है दुबला-पतला, समृद्धि, परिपूर्णता, मात्रा आदि का अभाव, दरिद्र. अब दोनों के बीच का अंतर समझें. लिप्त का अर्थ सदैव गलत व्यक्तियों, वस्तुओं या भावों के प्रति आकर्षण प्रदर्शित करता है. तृष्णा लिप्तता की जननी है. लीनता किसी व्यक्ति/भाव/वस्तु इत्यादि मेंं हो सकती है. लीनता का अर्थ मग्न रहना भी है. आप आत्मिक चीजों में लीन होते हैं और सांसारिक चीजों में लिप्त.

हाय हाय क्यों करता है, जीना है बरसों!

तीर-तुक्का

डॉ. सुरेन्द्र वर्मा

कौन बनेगा करोडपति (केबीसी) में लाख टके का एक प्रश्न पूछा गया. दुनिया में किस देश के लोग सबसे ज्यादह लेट-लतीफ होते हैं ? चार ऑप्शन दिए गए – ब्रिटेन, ब्राजील, भारत और बंगलादेश. हॉट सीट पर बैठे हुए व्यक्ति का जवाब था, भारत. पूछा गया, आपको यह जवाब कैसे सूझा? उत्तर था, अपने अनुभव से. थोड़ी देर मौन छाया रहा. कुछ देर बात जब मौन टूटा तो बताया गया, मैं भी कुछ ऐसा ही सोचता था, लेकिन यह---"ग़लत" है. दर्शकों को यह सुनकर बड़ा ताज्जुब हुआ. यदि भारत सबसे ज्यादह लेट-लतीफ देश नहीं है तो भला और कौन हो सकता है ? बेशक भारत में भी और देशों की तरह समय की पावंदी की ही शिक्षा दी जाती है. बच्चों को कहा जाता है कि वे अपने स्कूल ठीक समय पर पहुंचें. दफ्तरों में उम्मीद की जाती है कि अफसरान आएं न आएं, सभी कर्मचारी नियत समय पर आ जाएं. लेकिन ऐसा होता नहीं है. हम सब चाहते तो ज़रूर हैं कि लेट न हों लेकिन हो जाते हैं. क्या किया जाए? लेट लतीफी कोई नैसर्गिक और जन्मजात गुण तो है नहीं, इसे तो हमने बड़े जतन और परिश्रम से अर्जित किया है. लेट हो जाने के लिए एक से बढ़कर एक बहाने ईजाद किए जाते हैं. जो लेट लतीफी की आदत अर्जित नहीं कर पाते हैं बड़े घाटे में रहते हैं. एक बार मुझे एक समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बुलाया गया. मैं हस्ब-मामूल ठीक समय पर पहुंच गया, लेकिन वहां अभी पंडाल ही लगाया जा रहा था. किसे उम्मीद थी कि मैं वक्त पर पहुंच जाऊंगा? हमारा देश तो एक ऐसा देश है जहां नेता लोग, लेट लतीफी की बात कौन करे, पहुंचना ही भूल जाते हैं. ऐसे में यह सोचना कि लेट-लतीफी में भारत से बढकर कोई दूसरा देश भी हो सकता है, बड़े आश्चर्य की बात लगती है. लेकिन कहा यह जाता है कि भारत नहीं, ब्राजील वह देश है जो अपनी लेट लतीफी के लिए सर्वाधिक विख्यात है. वहां लेट लतीफी को कुछ इस तरह विकसित कर लिया गया है कि यदि कहीं भूले से भी आप समय से पहुंच जाएं तो आपको अनामंत्रित समझ लिया जाएगा. भोजन के लिए आमंत्रित हैं तो फिर तो समय से जाना और भी गलत होगा. आपको भोजन बन जाने तक का इंतज़ार करना पड़ सकता है. और "भुक्खड़" मान लिया जाएगा सो अलग. लेट-लतीफी वहां की संस्कृति का एक हिस्सा है. वहां का आदर्श वाक्य है – ज़िंदगी एक ठहराव है. जल्दी का काम शैतान का. आज करे सो कल कर, कल करे सो परसों / हाय हाय क्यों करता है, जीना है बरसों ! लेट आए दुरुस्त आए.

फिल्म चंदू चैंपियन एक ऐसे एथलीट की कहानी जिसने साथियों के लिए गोलियां खाई, दो साल कोमा में बिताए और फिर जब वापसी की तो कमाल कर दिया. इस फिल्म का शिद्दत से इंतजार हो रहा था. आज जब ये रिलीज हो गई तो सोशल मीडिया पर लोग इस पर जम कर प्रतिक्रिया दे रहे हैं.

कभी रुलाएगा तो कभी हौसला देगा "चंदू चैम्पियन"



140 करोड़ रुपए के अनुमानित बजट में बनी 'चंदू चैंपियन' भारत के पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता मुरलीकांत पेटकर की इंस्पायरिंग सच्ची कहानी है. यह फिल्म पेटकर के एक सैनिक और मुक्केबाज से गंभीर चोटों से उबरकर एक चैंपियन तैराक बनने की इमोशनल कर देने वाली जर्नी भी है. फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है.

- **किरदार इनका**

मुरलीकांत का किरदार कार्तिक आर्यन ने निभाया है. भुवन अरोड़ा ने कर्नेल सिंह का किरदार निभाया है तो भाई के किरदार में अनिरुद्ध दवे नजर आए हैं. कोच की भूमिका विजय राज पे निभाई है. श्रेयस तलपडे एक मज़ेदार पुलिस ऑफिस के किरदार में नज़र आते हैं. कबीर खान ने चंदू चैंपियन का डायरेक्शन करने के अलावा सुमित अरोड़ा और सुदीप्तो सरकार के साथ कहानी लिखी है.

- **यह है फिल्म की कहानी**

मुरलीकांत को सभी चंदू कह कर चिढ़ाते थे. शुरुआती कहानी में मस्ती है, मेहनत है और चंदू का खूब सारा स्ट्रगल है. फिर दिखाया गया कि कैसे एक चंदू चैंपियन बन जाता है. कहानी बूढ़े मुरलीकांत से शुरू हो कर फ्लैशबैक में जाती है. चंदू के जवानी के दिनों को दिखाया जाता है जब वो ओलंपिक्स गोल्ड मैडल अपने नाम करते हैं. आर्मी में भर्ती होती है, पहली बार फ्लाइट में चढ़ने से डर लगता है और 1965 की कश्मीर के साथ जंग में साथियों को बचाने के लिए सीने पर 9 गोलियां लगती हैं. ये घटना मुरली के जीवन को बदल देती है. दो साल कोमा में रहने के बाद जब मुरली का भाई उन्हें असली दुनिया का सामना करवाता है वो सीन दिल को छू जाता है. मुरली चल नहीं पाते लेकिन स्विमिंग सीखते हैं और फिर चैंपियन बन उठते हैं. इसमें कोई शक नहीं की मुरलीकांत पेटकर की यह कहानी लोगों को प्रेरित करने का जबर्दस्त माद्दा रखती है.

- **सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया**

सोशल मीडिया पर शुक्रवार को फिल्म देखने वालों ने जम कर प्रतिक्रियाएं दी है. एक यूजर ने लिखा, 'चंदू चैंपियन 2024 का एक असाधारण स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है, जो मुरलीकांत पेटकर की कहानी को ईमानदारी से बताता है. कार्तिक आर्यन इस रोल से चमक रहे हैं. दूसरा पार्ट थोड़ा धीमा होने के बावजूद, इसकी शक्तिशाली कहानी और ग्रैंड प्रोडक्शन इसे जरूर देखने लायक बनाता है.'

दूसरे ने लिखा, 'चंदू चैंपियन का अर्ली रिव्यू यह है कि यह एक अच्छी फिल्म है.' वहीं कुछ लोगों ने सिनेमाघर से कार्तिक आर्यन के फिल्म के सीन की एक तस्वीर शेयर करते हुए उसे 3 स्टार दिया है.

- **कार्तिक की एक्स ने दी यह प्रतिक्रिया**

कार्तिक की एक्स अनन्या पांडे ने भी अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर कार्तिक आर्यन की फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा है, 'आउटस्टैंडिंग, यकीन मानिए, आपको ये फिल्म जरूर देखनी चाहिए. फिल्म की पूरी टीम और क्रू ने जबरदस्त काम किया है.'

- **ये कमियां**

मुरलीकांत के परिवार पर फिल्म में अधिक नहीं दिखाया गया है. वहीं फिल्म का संगीत पक्ष भी जरा कमजोर है. हालांकि सत्यानास और सिरफिरा जैसे गाने पसंद आएंगे. कुछ डायलॉग पसंद आ सकते हैं जिसमें 'ये खोटा सिक्का, हुकुम का इक्का कैसे बन गया.' , 'मैं चंदू नहीं चैंपियन है.' आदि शामिल है. बहरहाल, अगर आप स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म पसंद करते हैं तो दो घंटे 23 मिनट की यी फिल्म आपको जरूर देखना चाहिए.

कब आएगी ओटीटी पर

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अमेजॉन प्राइम वीडियो ने 'चंदू चैंपियन' के लिए ओटीटी राइट्स् सिक्योर कर लिए हैं. ये फिल्म अपनी थिएट्रिकरल रिलीज के लगभग दो महीने बाद, शायद जुलाई के अंत या अगस्त की शुरुआत में अपना डिजिटल डेब्यू कर सकती है. हालांकि, ऑफिशियल कंफर्मेशन और एक्चुअल प्रीमियर डेट अनाउंस होने का इंतजार है.

कौन हैं मुरलीकांत पेटकर?

मुरलीकांत पेटकर का जन्म 1 नवंबर, 1944 को महाराष्ट्र के सांगली के पेठ इस्लामपुर क्षेत्र में हुआ था. जब मुरलीकांत पेटकर भारतीय सेना में थे, तो वह इलेक्ट्रॉनिक्स और मैकेनिकल इंजीनियर्स (ईएमई) कोर में जवान के रूप में जाने जाने वाले एक ट्रेडमैन थे. ईएमई, सिकंदराबाद में रहते हुए, उन्होंने एक बॉक्सर के तौर पर लड़ाई लड़ी. उन्हीं पर कार्तिक आर्यन की फिल्म बनी है.

इम्तियाज अली : जन्मदिन कल

जमशेदपुर के उस घर की खिड़की से लगाई फिल्मों में छलांग

जमशेदपुर में 16 जून 1971 को जन्में इम्तियाज अली झारखंड की संस्कृति और प्रकृति को जीते हैं. इंटरव्यू में अक्सर जुबली पार्क, साकची और खाऊ गली को शिद्दत से याद करने वाले इम्तियाज ने डी.बी.एम.एस. इंग्लिश स्कूल, जमशेदपुर से स्कूली पढ़ाई की है. फिल्मों में उनके आने की कहानी जमशेदपुर स्थित उनके घर की एक खिड़की से जुड़ी है. यह खिड़की ने ही उन्हें यह माद्दा दी कि परिवार के विरोध के बावजूद उन्होंने फिल्म जगत में छलांग लगाई और बॉलीवुड में झारखंड का नाम रोशन किया. कल इम्तियाज अपना 53वां जन्मदिन मनाएंगे. आइए, इस मौके पर उनकी जिंदगी के कुछ अलहदा रंगों से वाकिफ...

- **फिल्मों के प्रति ऐसे बढ़ी थी रुचि**

फिल्मों को लेकर इम्तियाज के ख्वाब जमशेदपुर में ही पनपे. यहां वह अपने फूफा के घर में रहते थे, जिनके तीन थिएटर स्टार, जमशेदपुर और करीम थे. इनमें एक थिएटर की दीवार को घर से सटी हुई थी. वैसे तो इम्तियाज के घरवाले इतने सख्त थे कि उन्हें पढ़ने-लिखने वाले बच्चों का टॉकीज में जाना पसंद नहीं था. हालांकि, उनके घर में एक खिड़की ऐसी थी, जिससे टॉकीज के पर्दे का छोटा-सा हिस्सा दिखता था. यह हिस्सा भी खास एंगल से नजर आता था. बस इसी एंगल से चोरी-छिपे फिल्में देखते-देखते इम्तियाज की सिनेमा के प्रति दीवानगी शुरू हुई.

- **फिल्म 'सोचा ना था' निर्देशन में रखा कदम**

साल 2005 में आई फिल्म 'सोचा न था' से इम्तियाज ने साल बॉलीवुड में बतौर निर्देशक डेब्यू किया था. फिल्म बॉक्स ऑफिस पर पिट गई. फिर 2006 में इम्तियाज की दूसरी फिल्म 'आहिस्ता आहिस्ता' आई, पर यह भी कोई कमाल नहीं दिखा सकी. साल 2007 में इम्तियाज अली जब वी मेट 2007 लेकर आए जिसने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था. फिर तो सिलसिला सा शुरू हुआ. फिल्म 'लव आज कल' और 'रॉकस्टार' के बाद उन्होंने पीछे मुड़ कर नहीं देखा.

- **तलाक के बाद पत्नी से किया लव**

फिल्मों में मॉडर्न लव के नए-नए एंगल तलाशने वाले इम्तियाज ने जिंदगी में भी कुछ ऐसी ही कशिश खोजी. रिपोर्ट्स की माने तो इम्तियाज अपनी उस पूर्व पत्नी प्रीति के साथ फिर से एक कपल की तरह एक छत के नीचे रहने लगे हैं जिसे सालों पहले तलाक दे दिया था. उनकी नजदिकियां काफी समय से नोटिस की जा रही थी. एक साथ छुट्टियां मनाना, घूमने जाना...फिर एक समय ऐसा आया जब दोनों ने एक कपल के तौर पर फिर से साथ रहने का फैसला किया.

- **तलाक के आठ साल बाद पत्नी की घर वापसी**

इम्तियाज और प्रीति ने 1995 में शादी रचाई थी, मगर 2012 में दोनों ने अपनी राहें अलग कर लीं. मगर तलाक के बाद भी दोनों एक दूसरे से दिल से दूर नहीं हो सके. बिटिया की भी चिंता उन्हें लगी रहती थी. इसलिए पूर्व पत्नी प्रीति के संग अपनी बेटी इदा को भी अमेरिका से अपने पास वापस बुला लिया, जहां वह पढ़ाई कर रही थीं.

- **मधुबाला के भूत से मुलाकात!**

इम्तियाज अली ने एक इंटरव्यू के दौरान अपना एक डरावना अनुभव साझा किया था. उन्होंने कहा, 'मधुबाला जिस घर में रहती थीं उस बंगले का नाम किस्मत था. अब वहां कुछ और बन गया पर पहले के दिनों में उस बंगले को भूतिया कहा जाता था. ऐसा कहा जाता है कि मधुबाला का भूत भी रहता है.' बकौल इम्तियाज अली, एक रात की बात है जब मैं वहां शूटिंग करने गया था मुझे कुछ महसूस हुआ तो मैं रोज वहां जाने लगा था. मैं अकेले उस बंगले में जाया करता था. वहां एक जगह शांति से अंधेरे वाले कोने में बैठा रहता था. देखना चाहता था कि उस बंगले में मधुबाला का भूत सच में रहता है या नहीं. हालांकि, मैं आत्माओं पर विश्वास नहीं करता लेकिन मुझे वो रातें याद हैं जब मैं वहां जाया करता था. मैं एक दिन उसी अंधेरे वाले कोने में बैठा था और ना सिर्फ मुझे डर लगा बल्कि कुछ और भी महसूस हुआ. रोमांटिक सा महसूस हुआ और वो एहसास ही अलग था.' गौरतलब है कि मात्र 36 साल की उम्र में मधुबाला का निधन एक बीमारी से हो गया था.

- **गीता से मिला जिंदगी का पाठ**

जब वे 6ठी क्लास में पढ़ते थे तो ट्रेन में सफर के दौरान किताब बचेने वाला आया. उनके पास बस इतने पैसे थे जिसमें सिर्फ गीता आ सकती थी. बस उन्होंने समय काटने के लिए गीता खरीदी और फिर पढ़ ली. एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने चर्चा की कि गीता पढ़ने के बाद ही उनकी सोच में बदलाव आया और उन्हें लोगों को समझने में भी मदद मिली.

- **प्यार की ये अधूरी दास्तां**

प्रीति से तलाक के बाद वे पाकिस्तानी एक्ट्रेस इमान अली के साथ रिश्ते में रहे थे. पर उनके प्यार की यह दास्तां मुकाम नहीं पा सकी. इम्तियाज और इमान ने वर्ष 2014 में अपनी राहें अलग कर लीं. फिर वर्ष 2018 में इम्तियाज अली ने शेफ सारा टोड को डेट करना शुरू किया. सारा रेस्तरां की मालकिन हैं, और 'कुकबुक' नाम की एक किताब भी लिख चुकी हैं. सारा के साथ भी इम्तियाज का प्यार मुकम्मल नहीं हो सका और दोनों अलग हो गए. फिर प्रीती से दुबारा जुड़ कर उनका प्यार मुकम्मल हुआ.

भावुक कर देगा पिता के संग इन फिल्मों को देखना

हर साल जून महीने के तीसरे रविवार को मनाया जाने वाला फादर्स डे इस बार 16 जून 2024 को सेलिब्रेट किया जाएगा. कहते हैं माता-पिता के लिए सबसे बड़ा उपहार उनके साथ समय गुजारना है.तो क्या ना इस बार पापा के साथ देखिए कुछ ऐसी फिल्म जिसमें आप दोनों के जज्बातों के हो रंग...

पीकू

पिता और बेटी के रिश्ते पर बनी यह फिल्म बताती है कि पिता के साथ कैसे बॉन्डिंग को मजबूत बनाया जाता है.

दंगल

इस फिल्म में दिखाया गया है कि जब पिता ठान लेता है कि बेटियों को ऊंचाई लेकर जाना है तो जाना है. इस जंग में वह हमेशा बेटियों के साथ खड़ा रहा.

जर्सी

पिता बेटे की ख्वाहिश पूरी करने के लिए क्या-क्या करता है, इसका बेहद भावुक कर देने वाला चित्रण है फिल्म जर्सी में.

उड़ान

इस फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे एक बच्चा अपने पिता के करीब आता है और फिर उन्हें शराब पीने की बुरी लत से आजाद करता है.

पा



प्रोजेरिया नाम बीमारी से पीड़ित बेटे का किरदार में अमिताभ बच्चन और पिता की भूमिका में अभिषेक बच्चन, कहानी बाप-बेटे की जिंदगी के बेहद खूबसूरत रंग का दिखाती है.

अकेले हम अकेले तुम

फिल्म की कहानी एक सिंगल पैरेंट (आमिर खान) की बेटे की पेरेंटिंग को लेकर चल रहे कोर्ट में मुकदमे के इर्द-गिर्द घूमती है.

अंग्रेजी मीडियम

इरफान खान ने इसमें एक पिता का किरदार निभाया है जो बेटी के सपने पूरे करने के लिए किस तरह पूरी मेहनत और संघर्ष करता है.

102 नॉट आउट

फिल्म में अमिताभ बच्चन ने 102 साल के बुजुर्ग और ऋषि कपूर ने बेटे का किरदार निभाया है. पिता अपने बेटे को उम्मीदें खोने के बाद किस तरह उसे जीना सिखाता है, इस फिल्म में दिखाया गया है.

"रिश्ते में तो हम तुम्हारे बाप लगते हैं"

बॉलीवुड में पिता के किरदार के कई रंग नजर आते हैं कहीं केयरिंग तो कहीं गुस्सैल, कहीं कड़क तो कहीं मजबूर से. किरदार के अनुसार ही पिता से जुड़े संवाद में भी भावों की विविधता दिखती है. आइए, आज कुछ खास संवादों को करें याद

- एग्जाम तो बहुत होते हैं, बाप मोस्टली एक ही होता है. – इडिएट
- थोड़ा बटर, थोड़ा ड्रामा और थोड़ा टियर्स मिक्स करो और पापा की कोई भी ना, यस हो जाती है. –आयशा
- बाप का, दादा का, भाई का, सबका बदला लेगा रे तेरा फैजल.– गैंग्स ऑफ वासेपुर 2
- रिश्ते में तो हम तुम्हारे बाप लगते हैं, नाम है शहंशाह. – शहंशाह
- अगर मां की ममता हो सकती है तो क्या बाप की बापता नहीं हो सकती?– सत्ते पे सत्ता
- खाली फीस भरने से पापा होने की ड्यूटी पूरी नहीं होती, पापा की ड्यूटी होती है बच्चों की खुशियां. – दो दूनी चार
- मैं दिखती हूं मां जैसी सब कहते हैं, सब कहते हैं, सच कहते हैं पर मैं हूं अपने पापा की बेटी. – पीके
- सॉरी तो मैंने अपने बाप तक को नहीं बोला जब मेरी गलती थी, अब तो ना मेरी गलती है और ना आप मेरे बाप हो. – रांझणा
- बाप का दिल हर वक्त कड़क नहीं, अक्सर मजबूर होता है. – बॉबी जासूस
- जो लड़की अपने बाप को ठग सकती है, वो किसी और की सगी क्या होगी? – ओमकारा

'पंचायत 3' जहां ग्राम्य जीवन हम महसूस करते हैं

हस्ताक्षर

विनोद अनुपम
वरिष्ठ फिल्म स्तंभकार

सिनेमा में गांव जहां अपने भौगोलिक स्वरुप में ही दिखता था, ओटीटी पर गांव अपने भौगोलिक स्वरुप से आगे भी दिख रहा है. सिर्फ गांव की गलियां, कच्ची सड़कें, सरसों के फूल ही नहीं दिख रहे, वहां के लोग, परिवार, समाज और स्वभाव भी दिख रहा है. आमतौर पर हाल के वर्षों में सिनेमा में संबंध के नाम पर हमने स्त्री पुरुष के एक ही संबंध देखें हैं, 'पंचायत' की यह विशेषता है कि यहां वह संबंध छोड कर बाकी सब संबंध दिखते हैं. वाकई संबंधों के मामले में कितना समृद्ध रहा है हमारा समाज. यही कारण है कि 'पंचायत' के पिछले सीजन की तरह इस सीजन में भी गांव को हम देखते भर नहीं, महसूस करते हैं.

- **यूं जुड़े एक-दूसरे से सभी सीजन**

'पंचायत' की शुरुआत 2020 में हुई थी, और अब यह तीसरा सीजन 2024 में आया. इस अंतराल के बावजूद तीनों सीजन एक दूसरे से इस तरह गुंथे हुए हैं कि आपको पहले वाले सीजन एक बार फिर से देख लेने की इच्छा होने लगे. पिछले सीजन का अंत गांव के उपप्रधान प्रह्लाद चा के फौजी बेटे के बलिदान से हुई थी. इस सीजन की शुरुआत से ही शहीद की प्रतिमा और स्मृति में बना पुस्तकालय बार बार उस शहादत की याद दिलाता है, जिस दुख से उबरना प्रह्लाद चा जैसे जीवंत इन्सान से भी कठिन हो रहा है. जाहिर है तमाम हंसी खुशी के साथ एक उदासी पूरी सीरीज पर तारी दिखती है, अपने जीवंत सिचुएशनल कामेडी से पहचान बनाने वाले सीरीज में उदासी का अहसास कराना निर्देशक दीपक कुमार मिश्र के लिए आसान नहीं रहा होगा. इसमें प्रह्लाद चा के चरित्र ने उन्हें भरपूर योगदान दिया है. वे जब कहते हैं, समय से पहले कोई नहीं जाएगा, मतलब कोई नहीं...तो जैसे समय ठहर जाता है.

- **संबंधों का रेखांकन**

'पंचायत' मानव मन की अच्छाइयों की कथा रही है, इस बार भी यह प्रह्लाद चा की कथा है, जो बेटे के बलिदान पर मिले 50 लाख के अनुकम्पा राशि का हथेली पर लिए घूम रहे, कि कोई सही जगह लगा दे इसे. यह उस प्रधान की भी कथा है, जो अपने अधबने घर की दीवारों पर पानी पटा रहा है, जिसे कार भाडे पर बुलानी पडती है. यह उस समाज की कथा है, जहां लौकी एक उपहार होता है और कटहल एक दूसरे के घर से मांग लिए जाते हैं, जहां प्रह्लाद के खाने पीने का ध्यान रखना हर किसी की जवाबदेही होती है. पंचायत संबंधों के महत्व को रेखांकित करती है. सरकारी आवास लेने के लिए दादी जब अपने परिवार से अलग रहना शुरु कर देती है, तो प्रह्लाद उन्हें अपने सूने घर में ले जाता है, वह कहता है परिवार ही नहीं, तो घर कैसा दादी. सोना बेच कर भला ईट पत्थर कौन खरीदता.

- **एक सच्चाई यह भी**

लेकिन कोई समाज ठहरा हुआ नहीं रहता, गांव भी समय के साथ बदल रहे हैं. सरकारी योजनाएं और सरकारी पैसे किस तरह ग्रामीणों को लोभी और भ्रष्ट बनाने की कोशिश कर रहे हैं. 'पंचायत' इस बार इसे भी रेखांकित करने की कोशिश करती. जिसके प्रतीक रुप में दादी दिखती है, जिसके पोते का पक्का घर है, लेकिन अपने अंतिम दिनों में एक और घर वह अपने परपोते के लिए छोड जाना चाहती, सो झूठ का कहानी रच सरकारी आवास हासिल करने की कोशिश करती है. बीते सीजन में सीधा सरल दिखता बिनोद और माधव इस बार सरकारी लाभ के लोभ में विपक्ष भूषण के कारिंदे बन गए हैं.

शहीद की स्मृति में गांव में पंचायत भवन के ठीक सामने भव्य पुस्तकालय भवन दिखता है,लेकिन पंचायत भवन में जहां सत्ता की गहमा गहमी दिखती रहती, लगता पुस्तकालय की सीढियां भी कोई नहीं चढता. यह भी हमारे गांवों में आया बदलाव ही है. शायद पंचायत इसीलिए दर्शकों से कनेक्ट करती है, जितना यह बोलती है, उससे कहीं अधिक बताती है.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

स्पोर्ट्स+

आज के मैच

तीन मैच में तीन जीत के साथ भारत पहले ही सुपर आठ चरण में जगह बना चुका है

कनाडा के खिलाफ कोहली की फॉर्म पर रहेंगी नजरें

भाषा। लॉडरहिल (अमेरिका)

भारत टी20 विश्व कप के अपने अंतिम ग्रुप ए मैच में शनिवार को यहां जब कनाडा से भिड़ेगा तो स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के पिछले कुछ मैचों में कम स्कोर उसके लिए चिंता की बात होंगे. टीम को साथ ही उम्मीद होगी कि मुकाबले में बारिश का खलल नहीं पड़ेगा क्योंकि फ्लोरिडा के कई हिस्सों में लगातार बारिश हो रही है. तीन मैच में तीन जीत के साथ भारत पहले ही सुपर आठ चरण में जगह बना चुका है जिसके सभी मुकाबले वेस्टइंडीज में होंगे. आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू की ओर से 150 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 700 से अधिक रन बनाने के बाद कोहली टी20 विश्व कप में आए थे लेकिन शुरुआती मुकाबलों में अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे. वह अब अब तीन मैच में 1.66 के औसत से पांच ही रन बना पाए हैं जिसमें अमेरिका के खिलाफ 'गोल्डन डक' (पहली गेंद पर खाता खोले बिना आउट होना) भी शामिल है. उम्मीद है कि वह

150 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 700 से अधिक रन बनाने के बाद कोहली टी20 विश्व कप में आए थे

एक बार फिर आईसीसी प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करेंगे जो 13 साल बाद भारत के लिए एक और आईसीसी खिताब जीतने का उनका संभवतः आखिरी मौका है. भारतीय टीम न्यूयॉर्क से 1850 किमी की यात्रा करके फ्लोरिडा पहुंची है और उम्मीद है कि शहर बदलने के साथ कोहली को भाग्य भी बदलेगा. ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम की पिच से गेंदबाजों को शायद न्यूयॉर्क जितनी मदद नहीं मिले जहां की पिच पर असमान उछाल था और धीमा आउटफील्ड के कारण क्रिकेट से अधिक मैदान और पिच की चर्चा हो रही थी. कोहली के ऊपर से हालांकि इस तथ्य से दबाव कुछ कम होगा कि उनके खराब प्रदर्शन का असर टीम के प्रदर्शन पर नहीं पड़ा है. कप्तान रोहित शर्मा के साथ पारी का आगाज कर रहे कोहली के जल्दी आउट होने से हालांकि टीम को अच्छी शुरुआत नहीं मिल रही और बाद में आने वाले बल्लेबाजों पर दबाव बन रहा है. ऋषभ पंत और सूर्यकुमार यादव जैसे बल्लेबाज हालांकि कोहली के खराब प्रदर्शन की भरपाई करने में काफी हद तक सफल रहे हैं. पंत ने आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ क्रमशः 36 और 42 रन की पारियां खेलकर इन दोनों मैच में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई. सूर्यकुमार यादव ने टूर्नामेंट में खराब शुरुआत से उबरते हुए अमेरिका के खिलाफ महत्वपूर्ण अर्धशतक जड़ा. शिवम दुबे ने भी सह मेजबान के खिलाफ 35 गेंद में 31 रन बनाए जिससे संजू सैमसन और यशस्वी जायसवाल पर उन्हें एक बार फिर तरजीह मिलने की उम्मीद है. अगर भारत जायसवाल को मौका देता है तो वह पारी का आगाज करेंगे और ऐसे में कोहली को अपने तीसरे नंबर पर लौटना होगा. भारतीय बल्लेबाजों को भले ही न्यूयॉर्क की 'ड्रॉप इन पिचों' (दूसरी जगह तैयार करके लाई गई पिचें) पर जूझना पड़ा हो लेकिन इन विकेटों पर उसके गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया. जसप्रीत बुमराह (पांच विकेट), हार्दिक पंड्या (सात विकेट) और अर्शदीप सिंह (सात विकेट) की तिकड़ी ने विरोधी बल्लेबाजों को लगातार परेशान किया. पंड्या और अर्शदीप का प्रदर्शन टीम प्रबंधन के लिए राहत भरा है.

टीमें इस प्रकार हैं

भारत : रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज.

कनाडा : साद बिन जफर (कप्तान), आरोन जॉनसन, डाइलन हेलिगर, दिलप्रीत बाजवा, ऋषिव जोशी, जेरेमी गॉर्डन, जुनैद सिद्दीकी, कलीम सना, कंवरपाल तथगुर, नवनीत धालीवाल, निकोलस किरटन, परगट सिंह, रविंद्रपाल सिंह, रेयानखान पठान और श्रेयस मोव्वा (विकेट कीपर).

मैच का समय : मैच भारतीय समयानुसार रात आठ बजे शुरू होगा.

बाहर हुई न्यूजीलैंड टीम को युगांडा पर जीत की उम्मीद

तारोबा। टी20 विश्व कप से बाहर हुई न्यूजीलैंड की टीम अब युगांडा के खिलाफ होने वाले ग्रुप सी के तीसरे मुकाबले में जीत की उम्मीद लगाये होगी. अफगानिस्तान ने यहां पापुआ न्यू गिनी पर जीत से न्यूजीलैंड को ग्रुप से सुपर आठ की दौड़ से बाहर कर दिया. अब ग्रुप में न्यूजीलैंड के दो मैच बचे हैं जिनके नतीजा मायने नहीं रखेगा. न्यूजीलैंड की टीम एक दशक में पहली बार विश्व कप (वनडे और टी20 प्रारूप) के ग्रुप चरण से आगे बढ़ने में विफल रही. अब उम्रदराज खिलाड़ियों से भरी न्यूजीलैंड की टीम उम्मीद करेगी कि वह नयी टीम युगांडा और पापुआ न्यू गिनी पर जीत दर्ज कर स्वदेश लौटे.

टीम इस प्रकार हैं

न्यूजीलैंड : केन विलियमसन (कप्तान), फिन एलन, ट्रेंट बोल्ट, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, डेरिल मिचेल, जिमी नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मिचेल सैंटनर, ईश सोढ़ी और टिम साउदी.

युगांडा : ब्रायन मसाबा (कप्तान), साइमन सेसाजी, रोजर मुकासा, कॉसमास क्यवुता, दिनेश नाकरानी, फ्रेड अचेलम, केनेथ वैसवा, अल्पेश रामजानी, फ्रैंक न्सुबुगा, हेनरी सेनयोंडो, बिलाल हसन, रॉबिन्सन ओबुया, रियाजत अली शाह, जुमा मियाजी और रोनक पटेल.

मैच का समय : मैच भारतीय समयानुसार सुबह छह बजे शुरू होगा.

ब्रीफ खबरें

चेन्नईयिन एफसी ने कियान से करार किया

चेन्नई। पूर्व चैम्पियन चेन्नईयिन एफसी ने शुक्रवार को उभरते हुए भारतीय फॉरवर्ड कियान नासिरी से करार की घोषणा की, जो मोहन बागान के लिए खेलते थे. ईस्ट बंगाल के महान फुटबॉलर जमशीद नासिरी के 23 वर्षीय बेटे ने 2019 में मोहन बागान के साथ सीनियर पेशेवर पदार्पण किया था. क्लब ने कहा कि कियान से तीन साल का अनुबंध किया गया है, जिससे वह 2027 तक क्लब से जुड़े रहेंगे. कियान ने सीनियर पदार्पण के बाद मोहन बागान के लिए 69 मैच खेलकर नौ गोल दागे.

जीव, रंधावा लॉरी मैचप्ले के दूसरे दौर में

हर्टफोर्डशर (इंग्लैंड)। जीव मिल्खा सिंह और ज्योति रंधावा ने यूरोप में लीजेंड्स टूर ऑफ सीनियर्स के पॉल लॉरी मैचप्ले टूर्नामेंट के पहले दौर में जीत के साथ अगले दौर में जगह बनाई. जीव ने पॉल स्ट्रीटर को हराया जबकि रंधावा ने थॉमस गोगेले को शिकस्त दी। जीव दूसरे दौर में कीथ होर्ने से भिड़ेंगे, जबकि रंधावा को मैलकम मैकेंजी का सामना करना है, जिन्होंने पहले दौर में 2006 राइडर कप कप्तान इयान वूसनैम को हराया.

एचआईएल के लिए पंजीकरण शुरू किया

नयी दिल्ली। हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को कहा कि उसने अपनी राष्ट्रीय लीग के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिसका आठ साल बाद दोबारा आयोजन किया जाएगा और यह पुरुष तथा महिला दोनों वर्ग में होगी. हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में आठ पुरुष और छह महिला टीम हिस्सा लेंगी और इसके लिए पंजीकरण की अंतिम तारीख 30 जून है.

सुपर आठ में जगह बनाने की उम्मीद कायम

इंग्लैंड ने ओमान को 8 विकेट से हराया

एजेंसी। नॉर्थ साउंड (एंटीगा)

आदिल राशिद के फिरकी के जादू से गत चैंपियन इंग्लैंड ने गुरुवार को यहां ओमान को ग्रुप बी मैच में आठ विकेट से रौंदकर टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में जगह बनाने की अपनी उम्मीद बरकरार रखी. राशिद (11 रन पर चार विकेट), मार्क वुड (12 रन पर तीन विकेट) और जोफ्रा आर्चर (12 रन पर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी से ओमान को 13.2 ओवर में सिर्फ 47 रन पर ढेर करने के बाद इंग्लैंड ने मात्र 3.1 ओवर में दो विकेट पर 50 रन बनाकर बेहद एकतरफा जीत दर्ज की. इंग्लैंड की ओर से कप्तान जोस बटलर ने सिर्फ आठ गेंद में चार चौकों और एक छक्के से नाबाद 24 रन की पारी खेली। फिल सॉल्ट ने तीन गेंद में 12 जबकि जॉनी बेयरस्टो ने दो गेंद में नाबाद आठ रन बनाए. इससे पहले

13.2 ओवर में सिर्फ 47 रन पर ढेर करने के बाद इंग्लैंड ने मात्र 3 .1 ओवर में दो विकेट पर 50 रन बनाकर बेहद एकतरफा जीत दर्ज की.

ओमान की ओर से शोएब खान (11) के अलावा कोई अन्य बल्लेबाज दोहरे अंक में भी नहीं पहुंच पाया. इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और फिर 17 से भी कम ओवर में मैच खत्म कर दिया.

इस जीत से इंग्लैंड के तीन मैच में तीन अंक हो गए हैं और टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान आ गई है। टीम के नेट रन रेट में भी काफी सुधार हुआ है, जो अब प्लस 3.081 हो गया है. ऑस्ट्रेलिया तीन मैच में छह अंक के साथ पहले ही सुपर आठ में जगह बना चुका है जबकि स्कॉटलैंड तीन मैच में पांच अंक के साथ दूसरे स्थान पर है. स्कॉटलैंड का नेट रन रेट 2.164 है.

इंग्लैंड ने 101 गेंद शेष रहते जीत दर्ज की जो टेस्ट क्रिकेट खेलने वाले देशों की ओर से गेंद शेष रहने के लिहाज से सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड है. इंग्लैंड को अपने अंतिम ग्रुप मैच में रविवार को नामीबिया से भिड़ना है. सुपर आठ में टीम का क्वालीफाई करना रविवार को ही ऑस्ट्रेलिया और स्कॉटलैंड के बीच होने वाले मैच पर भी निर्भर करेगा. अगर स्कॉटलैंड जीत जाता है तो वह सुपर आठ में जगह बनाएगा. ऑस्ट्रेलिया अगर जीत हासिल करता है और इंग्लैंड भी जीत जाता है तो फिर बटलर की टीम अगले दौर में जगह बनाएगी. दोनों में से कोई भी मैच अगर बारिश की भेंट चढ़ता है तो स्कॉटलैंड सुपर आठ में जाएगा.

अफगानिस्तान ने पीएनजी को सात विकेट से हराया

भाषा। तारोबा (त्रिनिदाद)

फजलहक फारूकी और नवीन उल हक की धारदार गेंदबाजी से अफगानिस्तान ने यहां पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) को सात विकेट से हराकर पहली बार टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में जगह बनाई. बाएं हाथ के तेज गेंदबाज फारूकी (16 रन पर तीन विकेट) और नवीन (चार रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने पीएनजी की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.5 ओवर में 95 रन पर सिमट गई. इसके जवाब में अफगानिस्तान ने शुरुआती झटकों से उबरते हुए 15.1 ओवर में तीन विकेट पर 101 रन बनाकर जीत दर्ज की. गुलबदिन नैब ने 36 गेंद में नाबाद 49 रन की पारी खेलकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया. तीन मैच में तीन जीत से छह अंक के साथ अफगानिस्तान ग्रुप सी से सुपर आठ में जगह बनाने वाली दूसरी टीम बनी. सहमेजबान वेस्टइंडीज (छह अंक) पहले ही अगले दौर में जगह बना चुका है. इसके साथ ही 2021 टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने वाला न्यूजीलैंड प्रतियोगिता से बाहर हो गया. न्यूजीलैंड ने लगातार दो मैच गंवाए हैं. टीम अंक तालिका में अंतिम स्थान पर चल रही है और अभी उसके अंकों का खाता भी नहीं खुला है. न्यूजीलैंड की टीम अपने अंतिम दो मैच अब युगांडा और पीएनजी के खिलाफ खेलेगी जो महज औपचारिकता के मुकाबले हैं. राशिद खान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया जिसके बाद फारूकी ने अपने दूसरे ओवर में दो विकेट चटकाकर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई. वह अब तक टूर्नामेंट में 11.2 ओवर में 42 रन देकर 12 विकेट चटका चुके हैं.

- फारूकी और नवीन उल हक की धारदार गेंदबाजी से सुपर आठ में पहुंचा

फारूकी के तेज गेंदबाजी जोड़ीदार नवीन ने उनका अच्छा साथ निभाते हुए 2.5 ओवर में चार रन देकर दो विकेट चटकाए. सेमो कामिया के रन आउट के साथ 19.5 ओवर में पीएनजी की पारी सिमट गई. अफगानिस्तान ने अगर 25 अतिरिक्त रन नहीं दिए होते तो पीएनजी की हालत और खराब होती. इसमें 13 रन वाइड के भी शामिल हैं. अफगानिस्तान के गेंदबाज टूर्नामेंट में शानदार फॉर्म में हैं और उनके खिलाफ अब तक एक बार भी 100 रन भी नहीं बने हैं.

नेपाल को हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज करने उतरेगा दक्षिण अफ्रीका

भाषा। किंग्सटाउन (सेंट विन्सेंट)

तीन जीत के साथ सुपर आठ में पहले ही जगह बना चुका दक्षिण अफ्रीका आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप डी मैच में शनिवार को यहां नेपाल को हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगा. टूर्नामेंट में आठ विकेट के साथ संयुक्त रूप से दूसरे सबसे सफल गेंदबाज एनरिच नोर्किया बेहतरीन फॉर्म में हैं और नेपाल के बल्लेबाजों के लिए उनका सामना करना आसान नहीं होगा. अब तक कागिसो रबादा, मार्को यानेसन और ओटनील बार्टमैन ने तेज गेंदबाजी विभाग में नोर्किया का अच्छा साथ निभाया है.

टीमें इस प्रकार हैं

नेपाल : रोहित पौडेल (कप्तान), आसिफ शेख, अनिल कुमार साह, कुशाल भुर्तेल, कुशाल मल्ला, दीपेंद्र सिंह ऐरी, ललित राजबंशी, करण केसी, गुलशन झा, सोमपाल कामी, प्रतिस जीसी, संदीप जोरा, अविनाश बोहरा, सागर ढकाल और कमल सिंह ऐरी.

दक्षिण अफ्रीका : एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डिकॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हैंड्रिक्स, मार्को यानसेन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिच नोर्किया, कागिसो रबादा, रेयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी और ट्रिस्टन स्टब्स.

मैच का समय : भारतीय समयानुसार सुबह पांच बजे से खेला जाएगा.

इंग्लैंड की निगाहें दबदबा बनाकर सुपर आठ की दौड़ में बने रहने पर

भाषा। नॉर्थ साउंड (एंटीगा)

गत चैम्पियन इंग्लैंड शनिवार को यहां नामीबिया को बड़े अंतर से हराने के लिए बेताब होगा ताकि वह टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण की दौड़ में बरकरार रहे. इंग्लैंड और स्कॉटलैंड का मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था और आस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली हार से गत चैम्पियन टीम ऐसी स्थिति में पहुंची, लेकिन बेन स्टोक्स की अगुआई वाली टीम ने ओमान पर आठ विकेट से जीत हासिल की. ओमान को महज 47 रन पर समेटने के बाद इंग्लैंड ने यह लक्ष्य महज 3.1 ओवर में हासिल कर लिया जिसमें उसने रिकॉर्ड 101 गेंद के अंतर से जीत दर्ज की.

टीमें इस प्रकार हैं

इंग्लैंड : जोस बटलर (कप्तान), मोइन अली, जोफ्रा आर्चर, जोनाथन बेयरस्टो, हैरी ब्रुक, सैम करन, बेन डकेट, टॉम हार्टले, विल जैक्स, क्रिस जॉर्डन, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, फिल साल्ट, रीस टॉप्ले और मार्क वुड.

नामीबिया : गेरहार्ड इरास्मस (कप्तान), जेन ग्रीन, माइकल वैन लिंगेन, डायलन लीचर, रूबेन ट्रम्पेलमैन, जैक ब्रासेल, बेन शिकोंगो, टैंगेनी लुंगामेनी, निको डेविन, जेजे स्मिट, जान फ्राइलिनक, जेपी कोट्ज, डेविड विसे, बर्नार्ड स्कोल्ट्ज, मालन क्रूगर और पीडी ब्लिगनॉट.

मैच का समय : मैच भारतीय समयानुसार रात 10 .30 बजे शुरू होगा

टी20 वर्ल्ड कप : अंक तालिका

ग्रुप ए

टीम	मैच	जीत	हार	बेनतीजा	अंक	नेट रन रेट
भारत	3	3	0	0	6	+1.137
अमेरिका	3	2	1	0	4	+0.127
पाकिस्तान	3	1	2	0	2	+0.191
कनाडा	3	1	2	0	2	-0.493
आयरलैंड	2	0	2	0	0	-1.712

ग्रुप बी

टीम	मैच	जीत	हार	बेनतीजा	अंक	नेट रन रेट
ऑस्ट्रेलिया	3	3	0	0	6	+3.580
स्कॉटलैंड	3	2	0	0	5	+2.164
इंग्लैंड	3	1	1	0	3	+3.081
नामीबिया	3	1	2	0	2	-2.098
ओमान	4	0	4	0	0	-3.062

ग्रुप सी

टीम	मैच	जीत	हार	बेनतीजा	अंक	नेट रन रेट
अफगानिस्तान	3	3	0	0	6	+4.230
वेस्टइंडीज	3	3	0	0	6	+2.596
युगांडा	3	1	2	0	2	-4.217
पीएनजी	3	0	3	0	0	-0.886
न्यूजीलैंड	2	0	2	0	0	-2.425

ग्रुप डी

टीम	मैच	जीत	हार	बेनतीजा	अंक	नेट रन रेट
द. अफ्रीका	3	3	0	0	6	+0.603
बांग्लादेश	3	2	1	0	4	+0.478
नीदरलैंड	3	1	2	0	2	-0.408
नेपाल	2	0	1	0	1	-0.539
श्रीलंका	3	0	2	0	1	-0.777

ऑस्ट्रेलियाई ओपन — अपने से ऊंची रैंकिंग वाले जापान के कोडाई नाराओका से हार गए

प्रणय की हार से टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती समाप्त

भाषा। सिडनी

भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले एकल खिलाड़ी एचएस प्रणय अपने से ऊंची रैंकिंग वाले जापान के कोडाई नाराओका से 19-21, 13-21 से हार गए जिससे शुक्रवार को यहां देश का कोई भी शटलर ऑस्ट्रेलियन ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल से आगे बढ़ने में सफल नहीं रहा. विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज प्रणय की हार से पहले पुरुष एकल वर्ग में समीर वर्मा और महिला एकल में आकर्षि कश्यप (महिला) के अलावा सिक्की रेड्डी एवं बी सुमित रेड्डी की मिश्रित जोड़ी को अंतिम आठ में हार का सामना करना पड़ा. प्रणय ने शुरुआती गेम में 10-16 से पिछड़ने के बाद अच्छी वापसी करते हुए स्कोर को 18-18 किया लेकिन इसके बाद लय बरकरार नहीं रख सके. नाराओका ने दूसरे गेम में 5-5 की बराबरी के बाद अपना दबदबा बनाना शुरू किया और फिर भारतीय खिलाड़ी को वापसी का कोई मौका नहीं दिया. विश्व रैंकिंग के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी लोह किन यू को हराकर उलटफेर करने वाले समीर चीनी ताइपे के लिन चुन यी के खिलाफ दमखम नहीं दिखा सके. रैंकिंग में 17वें स्थान पर काबिज खिलाड़ी ने उन्हें महज 38 मिनट में 21-12, 21-13 से हराया. मिश्रित युगल में सुमित और सिक्की की आठवीं वरीयता प्राप्त पति-पत्नी जोड़ी को भी जियान जेन बैंग और वेई या शिन की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी से शिकस्त मिली। बैंग और शिन ने 21-12, 21-14 से आसान जीत दर्ज की. आठवीं वरीयता प्राप्त आकर्षि 42 मिनट तक चले महिला एकल मुकाबले में चीनी ताइपे की यू पो पाई से 21-17, 21-12 से हार गईं.

500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल से आगे बढ़ने में सफल नहीं रहा.

सुपर आठ चरण में और प्रतिस्पर्धी स्कोर देखने की उम्मीद : रबाडा

किंग्स्टन (सेंट विन्सेंट)। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा को टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में प्रतिस्पर्धी स्कोर देखने की उम्मीद है क्योंकि वेस्टइंडीज की पिचों की प्रकृति टूर्नामेंट के अमेरिकी चरण में इस्तेमाल की गयी 'ड्राप इन' पिच से अधिक निरंतर होंगी. न्यूयॉर्क की पिचों पर अत्यधिक उछाल से रन बनाना काफी मुश्किल हो रहा था. अब सुपर आठ के मैच कैरेबियाई स्थलों पर खेले जायेंगे. रबाडा ने यहां नेपाल के खिलाफ ग्रुप डी में दक्षिण अफ्रीका के अंतिम मुकाबले की पूर्व संध्या पर कहा, मुझे उम्मीद है कि परिस्थितियां थोड़ी अच्छी होंगी क्योंकि अमेरिका में 'ड्राप इन' पिचें थीं. आपको नहीं पता कि ऐसी पिचें किस तरह से बर्ताव करेंगी.

ब्रीफ खबरें

मारपीट में घायल की मौत, थाने का घेराव

प.चम्पारण। जिले के नौतन थाना क्षेत्र मे एक सप्ताह पूर्व हुए जमीनी विवाद मे मारपीट में जख्मी व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई. एक सप्ताह पूर्व जमीन को लेकर मारपीट हुई थी. शव गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया. सैकड़ों की संख्या में महिला और पुरुष थाना पहुंच गए और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने लगे . सूचना पर पहुंचे डीएसपी रजनीश कांत प्रियदर्शी ने लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया और कार्रवाई का आश्वासन दिया.

ट्रक ने स्कूटी को टक्कर मारी, महिला की मौत

जहानाबाद। जहानाबाद स्टेशन रोड के पास ट्रक ने स्कूटी को टक्कर मार दिया, जिससे स्कूटी सवार महिला गुलाबी देवी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई. गुस्साए लोगों ने एनएच 83 को जाम कर दिया.एनएच 83 जाम होने से आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया, दोनों तरफ गाड़ियों की लंबी कतार लग गई.जानकारी के अनुसार काको थाना क्षेत्र के नोन्ही गढ़ गांव निवासी गुलाबी देवी उम्र 45 वर्ष पति उमेश मोची इलाज के लिए जा रही थी तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने टक्कर स्कूटू को मार दी जिससे महिला की मौत घटना स्थल पर ही हो गई.

पिकअप वैन- बाइक की टक्कर में एक की मौत

औरंगाबाद । रफीगंज बेरी पथ के विशंभरपुर गांव के पास बाइक और पिकअप की जोरदार टक्कर 26 वर्षीय युवक की मौत हो गई है वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे है .मृतक की पहचान राजा बिगहा गांव निवासी चंदन कुमार , पिता सुखदेव साव के रूप में किया गया है. वहीं घायलों की पहचान कर्मा हुसैन निवासी मुन्ना साव उम्र 28 साल और कन्हाई साव उम्र 35 पिता जुदागिर साव ग्राम धोपडीहा निवासी के रुप में किया गया है. दोनों घायलों को ग्रामीणों के सहयोग से रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया. जहां घायलों की स्थिति गंभीर है.

प्रधानमंत्री नालंदा यूनिवर्सिटी के एक विशेष कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 जून को बिहार आएंगे

संवाददाता। पटना

खास बातें
- लोकसभा चुनाव के बाद पीएम का पहला बिहार दौरा
- लोस चुनाव परिणाम भाजपा के उम्मीदों के अनुरूप नहीं

लोकसभा चुनाव में एनडीए को मिले बहुमत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहली बार बिहार आ रहे हैं. सूत्रों के अनुसार पीएम मोदी 19 जून को नालंदा पहुंचेंगे. प्रधानमंत्री नालंदा यूनिवर्सिटी के एक विशेष कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे. वे विश्वविद्यालय के छात्रों और शिक्षकों को सम्बोधित करेंगे. 4 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद भाजपा 240 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी. बहुमत के 272 के आंकड़े को छूने में भले ही भाजपा पीछे रह गई हो लेकिन एनडीए के अन्य घटक दलों की मदद से नरेंद्र मोदी तीसरी बार सरकार बनाने में सफल हो गए. इस बार के लोकसभा चुनाव के दौरान भी पीएम मोदी ने बिहार का रिकॉर्ड दौरा किया.उन्होंने आठों चरणों के चुनाव के दौरान बिहार के कई लोकसभा सीटों पर चुनाव प्रचार किया. वहीं पटना में रोड शो भी किया. हालाँकि लोकसभा चुनाव परिणाम भाजपा के उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहा. एनडीए ने जहां पिछले लोकसभा चुनाव में बिहार में 40 में 39 सीटों पर जीत हासिल की थी वहीं इस बार एनडीए को सिर्फ 30 सीटों पर सफलता मिली. खासकर लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में जिन आठ सीटों पर बिहार में मतदान हुआ उसमें 6 सीटों पर भाजपा और एनडीए उम्मीदवारों की हार हुई. अब चुनाव परिणाम आने के बाद एक बार फिर से पीएम मोदी बिहार आ रहे हैं.19 जून को नालंदा आने पर तय कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री सुबह 10 बजे विशेष विमान से गया हवाई अड्डे पर उतरेंगे. वहां से हेलीकॉप्टर द्वारा यूनिवर्सिटी के लिए रवाना होंगे। यूनिवर्सिटी कैंपस में बने हैलीपैड पर पीएम का हेलीकॉप्टर उतरेगा. यहां वह कार्यक्रम में शामिल होंगे और अपने संबोधन से उपस्थित छात्रों और शिक्षकों को प्रेरित करेंगे। इस कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री पुनः गया जाएंगे और वहां से विमान द्वारा दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे.माना जा रहा है कि इस दौरान वे बिहार भाजपा के कुछ नेताओं से मिल सकते हैं. वहीं नालंदा यूनिवर्सिटी के इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी मौजूद रहेंगे.

गया के बेरोजगारों को जल्द मिलेगा रोजगार : मांझी

मंत्री बनने के बाद पहली बार गया पहुंचे मांझी

एजेंसी। गया

कैबिनेट मंत्री बनने के बाद जीतराम मांझी पहली बार अपने गृह जिला गया पहुंचे. गया पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया, मांझी के समर्थकों ने फूल माला पहना कर स्वागत किया.गया पहुंचने पर केंद्री लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्योग मंत्री जीतन राम मांझी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ काम करने का सौभाग्य मिला है.

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का विजन और चैलेंज है कि अधिक से अधिक लोगों को लाभ पहुंचाया जाए. मांझी ने कहा कि गया के लोगों की अपेक्षा हैं कि युवाओं की बेरोजगारी दूर किया जाए, उन्होंने कहा कि भगवान हमें शक्ति दे कि ज्यादा से ज्यादा नियोजन कर लोगों को रोजगार से जोड़ें.गया आगमन पर उनके कार्यकर्ताओं और उनके शुभचिंतकों ने उन्हें गर्म जोशी से स्वागत किया. बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के अध्यक्ष जीतन राम मांझी को केंद्र में मंत्री बनाया गया है. मांझी मुसहर समुदाय से आने वाले पहले केंद्रीय मंत्री बने हैं.

सीएम नीतीश ने कलाधार मंडल पर लगाया दांव

रुपौली विस उपचुनाव के लिए जदयू ने घोषित किया उम्मीदवार

संवाददाता। पटना

खास बातें
- बीमा भारती के पार्टी छोड़ने पर यहां उपचुनाव हो रहे हैं
- उपचुनाव के लिए 21 जून तक नामांकन हो सकता है

रुपौली विधानसभा उपचुनाव के लिए शुक्रवार को जदयू ने अपने उम्मीदवार की घोषणा की. पटना स्थित जदयू प्रदेश कार्यालय में कलाधार मंडल के नाम की घोषणा की गई. वे जदयू के सिंबल पर चुनाव लड़ेंगे. प्रदेश जदयू अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, मंत्री लेसी सिंह, पूर्णिया से पूर्व सांसद संतोष कुशवाहा की मौजूदगी में कलाधार मंडल के नाम की घोषणा की गई. रुपौली से जदयू विधायक रही बीमा भारती ने पार्टी छोड़कर राजद का दामन थाम लिया था. इसी कारण रुपौली में उप चुनाव हो रहे हैं. उपचुनाव के लिए 21 जून तक नामांकन किया जा सकता है. 24 जून तक नामांकन पत्रों की जांच होगी. 26 जून तक नाम वापसी की तारीख है जबकि 10 जुलाई को मतदान होगा.

उम्मीदवारी की घोषणा होने पर कलाधार मंडल ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के भरोसे पर उतरने का दावा किया. उन्होंने कहा कि वे जनता से जुड़े रहे हैं. वे धरातल से जुड़े नेता हैं. नीतीश कुमार के भरोसे को पूरा करते हुए वे उप चुनाव में जदयू की जीत सुनिश्चित करेंगे.

उन्होंने बीमा भारती पर हमला बोलते हुए कहा कि सीएम नीतीश ने दो बार बीमा को मंत्री बनाया और तीन बार विधायक बनाया. लेकिन उन्होंने जदयू से धोखा किया. लोकसभा चुनाव में इसका बड़ा खामियाजा बीमा को भुगतना पड़ा है.

कलाधार ने अपनी जीत का दावा किया

बीमा भारती को लोकसभा चुनाव में राजद ने पूर्णिया से उम्मीदवार बनाया था. हालाँकि बीमा भारती त्रिकोणीय मुकबले में बुरी तरह पिछड़ गई. पूर्णिया से निर्दलीय चुनाव जीते पप्पू यादव के मुकाबले वह तीसरे नम्बर पर रही. कलाधार मंडल ने अपनी जीत का दावा करते हुए कहा कि बीमा से उन्हें किसी प्रकार की चुनौती नहीं है. जदयू इस बार फिर रुपौली में जीत हासिल करेगी .बीमा भारती के पति अवधेश मंडल उस इलाके के बाहुबली कहे जाते हैं. हत्या एवं हत्या के प्रयास सहित कई अन्य संगीन आपराधिक मामले उन पर दर्ज हैं.

अवधेश मंडल भी चुनाव मैदान में उतर सकते हैं

माना जा रहा है कि इस बार अवधेश मंडल चुनाव मैदान में उतर सकते हैं. इस बीच जदयू ने अपने उम्मीदवार की घोषणा कर रुपौली के सामाजिक समीकरणों को साधने की कोशिश की है. रुपौली में बड़ी संख्या में मंडल मतदाता हैं. ऐसे में कलाधार मंडल अपने पक्ष में जातीय समीकरणों को साधने की कोशिश करेंगे. वहीं रुपौली में जदयू की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है क्योंकि पार्टी ने 2020 के विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की थी. अब उप चुनाव में फिर से इस सीट पर अपना कब्जा बरकरार रखने के लिए पार्टी जोरदार तरीके से लग गई है.

पद्मश्री से सम्मानित हुए सुरेंद्र किशोर

एजेंसी। पटना

वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र किशोर को राष्ट्रपति की ओर से जिलाधिकारी, पटना शीर्षत कपिल अशोक द्वारा शुक्रवार को पद्मश्री पुरस्कार भेंट की गई. सुरेंद्र किशोर को भाषा, शिक्षा तथा पत्रकारिता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान के लिए पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया है. जिलाधिकारी ने लब्धप्रतिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र किशोर को अपनी शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की. इस वर्ष घोषित पद्म पुरस्कारों में सुरेंद्र किशोर का नाम शामिल था. हालांकि स्वास्थ्य कारणों से दिल्ली जाकर पुरस्कार नहीं ले पाए थे. अब उनके सम्मान में पटना जिलाधिकारी ने उनके आवास पर जाकर उन्हें पद्मश्री पुरस्कार भेंट किए. समाजवादी विचारधारा से जुड़े सुरेंद्र किशोर पिछले पांच दशक से विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में लेखन करते रहे हैं. बिहार के बहुचर्चित बॉबी हत्याकांड से लेकर पशुपालन घोटाले तक को उजागर करने में सुरेंद्र किशोर की रिपोर्टों को राष्ट्रीय ख्याति मिली. कर्पूरी ठाकुर ने सुरेंद्र किशोर का अपने पीए के रूप में चयन किया था. उन्हें बुलावा भेजा, लेकिन सुरेंद्र किशोर कतराते रहे. बाद में खुद कर्पूरी जी उनके पास पहुंच गए थे और आग्रहपूर्वक उन्हें अपना पीए बनाने का प्रस्ताव दिया था. सुरेंद्र किशोर एक दौर में जॉर्ज फर्नांडीस से भी जुड़े रहे. चर्चित डायनामाइट कांड में जॉर्ज फर्नांडीस आरोपी हुए तो सुरेंद्र किशोर की भी तलाश शुरू हुई. वे आपातकाल के दौरान जेल भी गये.

निगम कर्मियों और भीड़ में तकरार, सड़क जाम

पटना जंक्शन के पास मौजूदा अतिक्रमण हटाने का विरोध

संवाददाता। पटना

अतिक्रमण हटाने गई नगर निगम की टीम और स्थानीय दुकानदारों के बीच शुक्रवार को पटना जंक्शन के पास जमकर झड़प और मारपीट हुई है. पटना जंक्शन के पास भारी हंगामा होने से आम लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा है. सड़कों पर बेतरतीब तरीके से दुकानें लगाने वाले रेहड़ी-पटरी वालों का अतिक्रमण हटाने के लिए नगर निगम ने अभियान चलाया है. इसी को लेकर जब भारी हंगामा हो गया. एक तरफ नगर निगम कर्मी और ट्रैफिक पुलिस तो दूसरी तरफ दुकानदारों की भीड़ उग्र हो गई. स्थानीय दुकानदारों ने सड़क जाम कर यातायात को ठप्प कर दिया. साथ सडकों पर हंगामा करने लगे.जंग का अखाड़ा बने पटना जंक्शन के बाहर की सडकों पर स्थिति अराजक होने की खबर मिलते ही मौके पर कोतवाली थाना की पुलिस पहुंची. भीड़ को शांत करने के लिए पुलिस की मशक्कत जारी है. वहीं दुकानदारों ने नगर निगम कर्मियों पर समान सड़क पर फेंकने का आरोप लगाया. उन्होंने निगम कर्मियों पर मनमानी करने और दुकानदारों को निशाना बनाया जा रहा है.

दो बच्चियों की गंडक नदी में डूबने से हुई मौत

पश्चिम चंपारण । जिल के बगहा क्षेत्र में घास काटने गंडक नदी के तट पर गयी दो बच्चियों में एक का शव गंडक नदी से मिला है, जबकि दूसरे की खोज की जा रही है .बताया जाता है कि बगहा के शस्त्रीनगर मोहल्ले की है, जहां गुरुवार की शाम सूखई चौधरी की पुत्री नीलम कुमारी (12) और राजेश खटीक की पुत्री संजना (7) घास काटने के लिए घर से निकली थी,लेकिन देर शाम तक घर नहीं लौटी तो रात्रि में नदी के किनारे देखा गया.आसपास में पता किया गया लेकिन लड़कियों का पता नहीं चला. वहीं शुक्रवार की सुबह शव को गंडक नदी में देखा गया, जिसकी सूचना पर पहुंचे तो पता चला कि नीलम कुमारी का शव है.

कारोबार

कोल्टे-पाटिल के समूह सीईओ का इस्तीफा

पुणे। रियल्टी कंपनी कोल्टे-पाटिल डेवलपर्स लिमिटेड के समूह मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) राहुल तलेले ने कंपनी से इस्तीफा दे दिया है. कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी के निदेशक मंडल ने 14 जून को हुई बैठक में उनका इस्तीफा मंजूर कर लिया है. इसके साथ ही कोल्टे पाटिल डेवलपर्स ने कहा कि तलेले बदलाव को सुगमता से अंजाम देने के लिए 31 अगस्त, 2024 तक एक गैर-प्रमुख प्रबंधक के रूप में काम करना जारी रखेंगे.

बॉन्ड से 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर जुटाए

नयी दिल्ली। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने शुक्रवार को कहा कि उसने कारोबार बढ़ाने के लिए बॉन्ड के जरिये 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर (करीब 830 करोड़ रुपये) जुटाए हैं. एसबीआई ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि यह राशि वरिष्ठ असुरक्षित अस्थिर दर वाले ऋणपत्रों के जरिए जुटाई गई है. इसकी परिपक्वता अवधि तीन साल है. एसबीआई ने बताया कि ये बॉन्ड 20 जून, 2024 तक उसकी लंदन शाखा के जरिये जारी किए जाएंगे.

स्टेनली लाइफ का आईपीओ 21 को खुलेगा

नयी दिल्ली। लक्जरी फर्नीचर ब्रांड स्टेनली लाइफस्टाइल्स की योजना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए 537 करोड़ रुपये जुटाने की है. स्टेनली लाइफस्टाइल्स के अनुसार, कंपनी का आईपीओ 21 जून को खुलेगा और 25 जून को बंद होगा. एंकर (बड़े) निवेशक 20 जून को बोली लगा पाएंगे. आरंभिक सार्वजनिक निर्गम का मूल्य दायरा 351-369 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है. आईपीओ में 200 करोड़ रुपये मूल्य के ताजा शेयर और कंपनी के प्रवर्तकों तथा अन्य शेयरधारकों द्वारा 91.33 लाख शेयर की बिक्री पेशकश शामिल है. बेंगलुरु स्थित स्टेनली लाइफस्टाइल एक लक्जरी फर्नीचर ब्रांड है.

मई 2023 में यह शून्य से नीचे 3.61 प्रतिशत रही थी

थोक मुद्रास्फीति बढ़कर हुई 2.61 प्रतिशत

भाषा। नयी दिल्ली

खाद्य वस्तुओं खासकर सब्जियों और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के कारण थोक मुद्रास्फीति मई में लगातार तीसरे महीने बढ़कर 2.61 प्रतिशत हो गई. थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल में 1.26 प्रतिशत थी. मई 2023 में यह शून्य से नीचे 3.61 प्रतिशत रही थी. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, मई 2024 में मुद्रास्फीति बढ़ने का मुख्य कारण खाद्य वस्तुओं, खाद्य उत्पादों के विनिर्माण, कच्चे पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस, खनिज तेल, अन्य विनिर्माण आदि की कीमतों में वृद्धि रहा. आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति मई में 9.82 प्रतिशत बढ़ी, जबकि अप्रैल में यह 7.74 प्रतिशत थी. मई में सब्जियों की महंगाई दर 32.42 प्रतिशत रही, जो अप्रैल में 23.60 प्रतिशत थी. प्याज की महंगाई दर 58.05 प्रतिशत, जबकि आलू की महंगाई दर 64.05 प्रतिशत रही. दालों की महंगाई दर मई में 21.95 प्रतिशत रही. ईंधन एवं बिजली क्षेत्र में मुद्रास्फीति 1.35 प्रतिशत रही, जो अप्रैल के 1.38 प्रतिशत से मामूली कम है. विनिर्मित उत्पादों में मुद्रास्फीति 0.78 प्रतिशत रही, जो अप्रैल में शून्य से नीचे 0.42 प्रतिशत थी. थोक मूल्य सूचकांक में मई में वृद्धि महीने के खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों के विपरीत है. इस सप्ताह की शुरुआत में जारी आंकड़ों के अनुसार मई में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 4.75 प्रतिशत पर आ गई जो एक साल का सबसे निचला स्तर है. भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) मौद्रिक नीति तैयार करते समय मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति को ध्यान में रखता है.

मुद्रास्फीति के 4.5 प्रतिशत रहने की उम्मीदः क्रिसिल

भाषा। कोलकाता

अग्रणी रेटिंग एवं आर्थिक शोध कंपनी क्रिसिल ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में मुद्रास्फीति के औसतन 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है. क्रिसिल ने कहा, मॉनसून की सामान्य स्थिति को देखते हुए हम उम्मीद करते हैं कि खाद्य मुद्रास्फीति में नरमी आएगी, जबकि गैर-खाद्य मुद्रास्फीति में वृद्धि हो सकती है. जिंस कीमतों में नरमी के कारण इसके नरम बने रहने की उम्मीद है. रेटिंग कंपनी ने कहा कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति मई में मामूली रूप से घटकर 4.75 प्रतिशत हो गई, जो अप्रैल 2024 में 4.8 प्रतिशत थी. क्रिसिल की रिपोर्ट में कहा गया, गैर-खाद्य श्रेणियों ने मुख्य मुद्रास्फीति को नीचे खींचा है, लेकिन चिंता की बात यह है कि खाद्य श्रेणियों अनाज तथा दालों में लगातार वृद्धि हो रही है. क्रिसिल ने कहा कि शहरी अर्थव्यवस्था को सख्त ऋण शर्तों से नियंत्रित किया जा सकता है. हाल के महीनों में बैंक खुदरा ऋण वृद्धि में कमी आई है, जबकि एनबीएफसी को बैंक ऋण देने पर प्रतिबंध लगाने के विनियामक उपायों का असर उपभोक्ता ऋणों पर भी पड़ेगा.

भेल को अडाणी पावर से दो बिजली संयंत्रों के लिए 7,000 करोड़ के ठेके मिले

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भेल को अडाणी पावर से 7,000 करोड़ रुपये के दो बिजली संयंत्रों के ठेके मिले हैं. भेल ने एक बयान में कहा कि पहला ठेका छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले में स्थापित किए जा रहे 2x800 मेगावाट रायपुर सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट का अडाणी पावर लिमिटेड से मिला है. बयान के अनुसार, उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले में स्थापित किए जा रहे 2x800 मेगावाट मिर्जापुर सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट के लिए दूसरा ठेका एमटीईयूपीपीएल से मिला हुऐ. भारी उद्योग मंत्रालय के अधीन भेल भारत का सबसे बड़ा इंजीनियरिंग व विनिर्माण उद्यम है.

हुंदै मोटर इंडिया ने आयोनिक-5 की 1,744 इकाइयों को बुलाया वापस

भाषा। नयी दिल्ली

हुंदै मोटर इंडिया एकीकृत चार्जिंग नियंत्रण इकाई में समस्या के कारण अपने इलेक्ट्रिक मॉडल आयोनिक 5 की 1,744 इकाइयों को वापस बुला रही है. उद्योग संगठन सियाम से मिली जानकारी के अनुसार इन इकाइयों में यह समस्या आई है.सियाम की वेबसाइट पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, कंपनी इसको ठीक करने के लिए 21 जुलाई 2022 से 30 अप्रैल 2024 के बीच निर्मित इकाइयों को वापस बुला रही है. इसमें कहा गया कि कि वह इन इकाइयों को एकीकृत चार्जिंग नियंत्रण इकाई में संभावित समस्या के कारण वापस बुला रही है, जिससे 12वी बैटरी 'डिस्चार्ज' (खत्म) हो सकती है. संपर्क करने पर हुंदै कंपनी के प्रवक्ता ने कहा, हुंदै मोटर इंडिया में ग्राहकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है. आयोनिक 5 को वापस मंगाना, प्रभावित वाहनों में एकीकृत चार्जिंग नियंत्रण इकाई (आईसीसीयू) का निरीक्षण और उन्नयन करने के लिए एक सक्रिय कदम है. इसका ग्राहकों पर कोई खर्च नहीं आएगा.

जेडसीजेडपी बॉन्ड में निवेश पर लाभ देने की वकालत

भाषा। नयी दिल्ली

सामाजिक क्षेत्र में खर्च को बढ़ावा देने के लिए बाजार नियामक सेबी ने सुझाव दिया है कि सरकार को सोशल स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध गैर-लाभकारी संगठनों की तरफ से जारी किए जाने वाले बॉन्ड में निवेश करने वाली कंपनियों को कर लाभ मिलना चाहिए. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पूर्णकालिक सदस्य कमलेश चंद्र वार्ष्णेय ने शुक्रवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि नियामक ने वित्त मंत्रालय को गैर-लाभकारी संगठनों के 'जीरो कूपन जीरो प्रिंसिपल बॉन्ड' (जेडसीजेडपी) पर कर लाभ को लेकर प्रस्ताव पहले ही भेज दिया है और उसे इस पर मंजूरी मिलने की उम्मीद है. एनएसई की तरफ से सोशल स्टॉक एक्सचेंज (एसएसई) पर आयोजित एक कार्यक्रम में वार्ष्णेय ने कहा, हमने सरकार के समक्ष प्रस्ताव रखा है कि जो कॉरपोरेट संस्थाएं जेडसीजेडपी बॉन्ड में निवेश करती हैं, उन्हें कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व के लाभ मिलने चाहिए. हमें उम्मीद है कि सरकार जल्द ही इस प्रस्ताव को मंजूरी दे देगी. उन्होंने कहा कि केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि ऐसे बॉन्ड खरीदने वाले निवेशकों या दानदाताओं को आयकर नियमों की धारा 8ओजी के तहत कर लाभ मिलेगा.

पर्यटन मंत्रालय — विदेशी मुद्रा बढ़ी, 17,909 करोड़ रुपये पर पहुंची

पर्यटन से विदेशी मुद्रा में आय में हल्की बढ़त देखी गई

भाषा। नयी दिल्ली

देश में इस साल अप्रैल में पर्यटन से विदेशी मुद्रा में आय सालाना आधार पर 2.90 प्रतिशत बढ़कर 17,909 करोड़ रुपये हो गई. यह अप्रैल 2023 में 17,405 करोड़ रुपये थी. पर्यटन मंत्रालय ने हाल ही में जारी अप्रैल की मासिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी. इस साल जनवरी से अप्रैल के बीच पर्यटन से विदेशी मुद्रा में आय सालाना आधार पर 27.18 प्रतिशत बढ़कर 90,600 करोड़ रुपये हो गई. यह पिछले साल की समान अवधि में 71,235 करोड़ रुपये थी.

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत आने वाले विदेशी सैलानियों की संख्या अप्रैल में सालाना आधार पर 7.7 प्रतिशत बढ़कर 6,50,748 हो गई. एक साल पहले की समान अवधि में 6,03,985 विदेशी पर्यटक भारत आए थे. जनवरी से अप्रैल के दौरान भारत आने वाले विदेशी पर्यटकों की कुल संख्या 34,71,833 रही जो एक साल पहले की समान अवधि में 31,33,751 थी. पर्यटन मंत्रालय की रिपोर्ट कहती है कि अप्रैल में सबसे अधिक 26.30 प्रतिशत पर्यटक बांग्लादेश से आए. इसके बाद अमेरिका से 13.74 प्रतिशत, ब्रिटेन से 8.36 प्रतिशत, ऑस्ट्रेलिया से 4.41 प्रतिशत और कनाडा से 3.55 प्रतिशत विदेशी पर्यटक भारत आए.

अप्रैल में भारत की यात्रा करने वाले विदेशी पर्यटकों में से 50.07 प्रतिशत पुरुष और 40.92 प्रतिशत महिलाएं थीं.

रिपोर्ट के मुताबिक, विदेशी मेहमानों के पांच सबसे पसंदीदा गंतव्यों में से दिल्ली 31.27 प्रतिशत पर्यटकों के साथ शीर्ष पर रही. इसके बाद 13.16 प्रतिशत के साथ मुंबई दूसरे, 10.85 प्रतिशत के साथ हरिदासपुर (ओडिशा) तीसरे, 8.08 प्रतिशत के साथ चेन्नई चौथे और 6.72 प्रतिशत के साथ बेंगलुरु पांचवें स्थान पर रहा.

भारत का निर्यात मई में नौ प्रतिशत बढ़कर 38.13 अरब डॉलर

नयी दिल्ली। भारत में मई में वस्तु निर्यात नौ प्रतिशत बढ़कर 38.13 अरब डॉलर हो गया, जो एक साल पहले इसी महीने में 34.95 अरब डॉलर था. शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली. आंकड़ों के अनुसार, आयात 7.7 प्रतिशत बढ़कर 61.91 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो मई 2023 में 57.48 अरब अमेरिकी डॉलर था. समीक्षाधीन महीने में व्यापार घाटा (आयात और निर्यात के बीच का अंतर) 23.78 अरब अमेरिकी डॉलर रहा. आंकड़ों के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि निर्यात की दृष्टि से मई महीना उत्कृष्ट रहा है और मुझे उम्मीद है कि यह प्रवृत्ति जारी रहेगी.

एनएसई प्रमुख ने खुदरा निवेशकों को डेरिवेटिव कारोबार ने किया आगाह

भाषा। नयी दिल्ली

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के प्रमुख आशीष कुमार चौहान ने खुदरा निवेशकों को डेरिवेटिव में कारोबार करने को लेकर शुक्रवार को आगाह किया और उन्हें म्यूचुअल फंड के जरिए शेयरों में निवेश करने का सुझाव दिया. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वायदा एवं विकल्प (एफ एंड ओ) डेरिवेटिव में कारोबार केवल सूचित निवेशकों तक ही सीमित होना चाहिए, जो जोखिम से निपट सकें और बाजार को समझ सकें.

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंथा नागेश्वरन ने हाल ही में खुदरा निवेशकों के लिए एफएंडओ कारोबार के बढ़ते जोखिम की ओर इशारा किया था. नवंबर 2023 में सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच ने भी निवेशकों को एफएंडओ पर भारी दांव लगाने को लेकर आगाह किया था. एनएसई के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी चौहान ने यहां एक कार्यक्रम में कहा, खुदरा निवेशकों को एफएंडओ कारोबार में हिस्सा नहीं लेना चाहिए. उन्हें म्यूचुअल फंड के जरिए शेयरों में निवेश करना चाहिए. उन्होंने आगाह किया कि डेरिवेटिव की अपनी उपयोगिता तो है, लेकिन इसका व्यापार केवल उन्हीं लोगों को करना चाहिए जो जोखिमों को पूरी तरह समझते हैं और उनसे निपटने की क्षमता रखते हैं. जिन लोगों में यह समझ या जोखिम उठाने की क्षमता नहीं है, उन्हें डेरिवेटिव कारोबार से बचना चाहिए.

ब्रीफ खबरें

बारूदी सुरंग विस्फोट से दो जवान घायल

नारायणपुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर ज़िले में बारूदी सुरंग में विस्फोट होने से भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के दो जवान घायल हो गए हैं पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के कोहकामेटा थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुतुल गांव के करीब बारूदी सुरंग में विस्फोट होने से भारत तिब्बत सीमा पुलिस के दो जवान घायल हो गए हैं.

ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से चार लोगों की मौत

दतिया (मप्र)। मध्य प्रदेश के दतिया जिले में शुक्रवार तड़के श्रद्धालुओं को मंदिर ले जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से दो लड़कियों और दो महिलाओं समेत चार लोगों की मौत हो गई और 20 लोग घायल हो गए. पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि श्रद्धालु रतनगढ़ माता मंदिर जा रहे थे, तभी मैथाना पाली के पास सुबह करीब 4.30 बजे यह दुर्घटना हुई. अधिकारी ने बताया कि वाहन सड़क से उतरकर पलट गया.

जंगल में लगी आग महिला जिंदा जली

हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिले में जंगल में आग लगने से 75 वर्षीय एक महिला जिंदा जल गई. एक पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. मृतका की पहचान हमीरपुर के बगैतू गांव की निवासी निक्की देवी के रूप में हुई है. जंगल की आग निक्की देवी के खेतों तक पहुंच चुकी थी जिसे वह बुझाने की कोशिश कर रही थी लेकिन वह खुद उसकी चपेट में आ गयी और जिंदा जल गईं. शव को पोस्टमार्टम के बाद परिवार वालों को सौंप दिया गया है.

प्रयागराज में युवक की गोली मारकर हत्या

प्रयागराज। यमुना नगर के बारा थाना क्षेत्र के भेलाव गांव में शुक्रवार को सुबह दो पक्षों के आपसी विवाद में एक युवक की गोली मारकर कथित तौर पर हत्या कर दी गई. डीसीपी (यमुना नगर) श्रद्धा नरेन्द्र पांडेय ने बताया कि शुक्रवार की सुबह बारा थाना अंतर्गत भेलाव गांव निवासी की गोली मारकर हत्या कर दी गई. उन्होंने बताया कि पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर, फरार अभियुक्तों को पकड़ने के लिए पांच टीमों का गठन किया गया है.

आंध्र प्रदेश में सड़क दुर्घटना में छह की मौत

अमरावती। आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले में शुक्रवार को एक कंटेनर वाहन और मिनी ट्रक की टक्कर होने से हुए हादसे में छह लोगों की मौत हो गई. पुलिस ने यह जानकारी दी. एक पुलिस अधिकारी के अनुसार यह घटना सुबह करीब पांच बजे सीतानापल्ली में घटी. दोनों वाहनों के चालकों और तीन अन्य लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया.

'सिंघम अगेन' दिवाली पर होगी रिलीज

मुंबई। अजय देवगन की फिल्म ''सिंघम अगेन'' और फिल्म एक नवंबर को दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों में आएगी. देवगन ने एक दिन पहले ही पुष्टि की थी कि फिल्मकार रोहित शेट्टी द्वारा निर्मित 'सिंघम' की कड़ी की तीसरी फिल्म स्वतंत्रता दिवस के मौके पर नहीं आएगी. देवगन ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच 'इंस्टाग्राम' पर एक पोस्टर के साथ यह जानकारी दी. सिंघम अगेन अजय देवगन की सिंघम सीरीज़ की तीसरी फिल्म है.

छह करोड़ मूल्य की याबा गोलियां जब्त

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बताया कि कछार जिले में शुक्रवार को छह करोड़ रुपये मूल्य की नशीली दवाएं जब्त की गईं. इस सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है. मुख्यमंत्री शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, गुप्त सूचना के आधार पर कछार पुलिस ने अंतर-राज्यीय सीमा क्षेत्र में एक विशेष अभियान चलाया और तीन लोगों को पकड़ा, जिनके पास छह करोड़ रुपये मूल्य की 21 हजार याबा गोलियां थीं. यह खेप पड़ोसी राज्य से लाई जा रही थी.

दिल्ली में 50 से अधिक दुकानें जलकर खाक, राहत और बचाव कार्य जारी

कोलकाता के एक्रोपोलिस मॉल में भीषण आग, कई लोग अंदर फंसे

एजेंसी। नयी दिल्ली/कोलकाता

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में आज शुक्रवार को एक्रोपोलिस मॉल में भीषण आग लग गयी. आग लगने की वजह से कई लोग मॉल के अंदर फंस गये. फायर ब्रिगेड के लोग उन्हें निकालने की कोशिश में लगे हुए है. उधर दिल्ली के चांदनी चौक इलाके में गुरुवार शाम लगी आग में 50 से अधिक दुकानें जलकर खाक हो जाने की खबर है. कोलकाता की बात करें तो यहां आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने की कवायद में लग गयी.

आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार एक्रोपोलिस मॉल में आग लगने की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड ने कम से कम दस वाहन वहां भेजें, अग्निशमन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मॉल के अंदर से फंसे लोगों को बाहर निकालने में जुट गये. अधिकारियों ने कहा कि आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है. कई वीडियो में आग लगने के बाद लोगों को मॉल से बाहर भागते हुए देखा जा सकता है. इससे पहले मंगलवार को पार्क स्ट्रीट इलाके में एक रेस्तरां में भीषण आग लग गयी थी.

चांदनी चौक में आग से 50 से अधिक दुकानें जल कर खाक

दिल्ली के चांदनी चौक इलाके में गुरुवार शाम लगी आग में 50 से अधिक दुकानें जलकर खाक हो गयी. दमकल कर्मी रातभर आग पर काबू पाने की कोशिश करते रहे. अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि इमारतों के गिरे हुए कुछ हिस्सों में अब भी लपटें उठ रही हैं और अभियान जारी है. चांदनी चौक के पुराने कटरा मारवाड़ी मार्केट में गुरुवार शाम लगभग पांच बजे आग लग गयी. इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ.

आग पर सुबह साढ़े चार बजे काबू पा लिया गया : दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया कि आग पर सुबह साढे चार बजे काबू पा लिया गया. आग बुझाने के लिए आठ दमकल गाड़ियां तैनात की गयी. पचास से अधिक दमकल गाड़ियों और 200 कर्मचारियों ने रात भर आग पर काबू पाने का प्रयास किया. उन्होंने बताया कि आग लगने से दो इमारतें ढह गयी, जिनमें कई दुकानें थीं. अधिकारियों ने बताया कि ये दुकानें साड़ियों, दुपट्टे तथा ऐसे ही अन्य तेजी से आग पकड़ने वाले सामान की थीं.

जी-7 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए इटली पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी

प्रवासन, हिंद-प्रशांत, आर्थिक सुरक्षा पर चर्चा

भाषा। बारी (इटली)

दुनिया के सात प्रमुख औद्योगिक देशों के समूह (जी7) ने शुक्रवार को दक्षिणी इतालवी क्षेत्र अपुलिया में तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन प्रवासन (माइग्रेशन) के साथ ही हिंद-प्रशांत और आर्थिक सुरक्षा जैसे मुद्दों पर चर्चा की. सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कृत्रिम मेधा (एआई), ऊर्जा, अफ्रीका और भूमध्यसागरीय क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करने वाले एक सत्र को संबोधित करेंगे. तीसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा पर मोदी इटली पहुंचे, जहां भारतीय राजदूत वाणी राव ने उनका स्वागत किया. वह जी7 की पारंपरिक "फोटो" से पहले विश्व नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे.

इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी द्वारा आयोजित जी7 के प्रतिभागियों - अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो, जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़, फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जापानी प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा, यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल के अलावा प्रधानमंत्री मोदी के साथ शिखर सम्मेलन में आमंत्रित 10 अन्य 'आउटरीच' देशों के नेता भी शामिल होंगे। मेलोनी ने कहा, हम हिंद-प्रशांत पर अपने बढ़ते फोकस के महत्व पर चर्चा करेंगे. उन्होंने कहा, इटली ने जिस एक और महत्वपूर्ण मुद्दे को प्राथमिकता दी है, वह अफ्रीका से जुड़ा है, और केवल अफ्रीका ही नहीं... प्रवास का मुद्दा और मानव तस्करी में शामिल संगठनों की बढ़ती भूमिका जो परेशान लोगों का शोषण कर रहे हैं. इतालवी नेता ने जी7 की तुलना अपुलिया क्षेत्र में फैले जैतून के पेड़ों की पत्तियों से भी की, "जिनकी जड़ें मजबूत हैं और शाखाएं भविष्य की ओर फैली हुई हैं. अपनी बैठक से पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले साल मेलोनी की दो भारत यात्राओं को द्विपक्षीय एजेंडे में गति और गहराई लाने, भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी को मजबूत बनाने और हिंद-प्रशांत तथा भूमध्यसागरीय क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण बताया.

इटली पहुंचने के बाद मोदी ने कहा, विश्व नेताओं के साथ सार्थक चर्चाओं में शामिल होने के लिए उत्सुक हूं. साथ मिलकर, हमारा लक्ष्य वैश्विक चुनौतियों का समाधान करना और एक उज्ज्वल भविष्य के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना है.

पोप फ्रांसिस शिखर सम्मेलन को संबोधित करने वाले पहले पादरी होंगे. उनके प्रधानमंत्री मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता करने की भी उम्मीद है. अल्जीरिया, अर्जेंटीना, ब्राजील, जॉर्डन, केन्या और मॉरिटानिया के अलावा ट्यूनीशिया, तुर्किये और संयुक्त अरब अमीरात कृत्रिम बुद्धिमत्ता सत्र में भारत के साथ शामिल होंगे. शिखर सम्मेलन के पहले दिन रूस-यूक्रेन युद्ध का मुद्दा हावी रहा और नेताओं ने कीव को 50 अरब अमेरिकी डालर के ऋण का समर्थन करने के अमेरिकी प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की. बाइडन ने संवाददाताओं से कहा, पुतिन को फिर एक बार याद दिलाया गयाः हम पीछे नहीं हट रहे हैं. वास्तव में, हम इस अवैध आक्रमण के खिलाफ एक साथ खड़े हैं.

मैक्रों, सुनक, जेलेंस्की से मिले मोदी

बारी (इटली)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात की और माना जा रहा है कि उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर तथा वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया. दोनों नेताओं की मुलाकात इटली के दक्षिणी शहर बारी में जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर हुई. इस महीने तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद यह मोदी की पहली विदेश यात्रा है. वहीं, पीएम मोदी ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से भी मुलाकात की. ऐसा माना जा रहा है कि दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों और साझा हितों के मुद्दों पर चर्चा की. सुनक और मोदी की पिछली मुलाकात पिछले साल सितंबर में नई दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन में हुई थी. प्रधानमंत्री मोदी ने इटली के अपुलिया क्षेत्र में इतर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से भी बातचीत की. ऐसा समझा जाता है कि जेलेंस्की ने मोदी को रूस-यूक्रेन संघर्ष के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी. मोदी ने पिछले साल मई में भी हिरोशिमा में आयोजित जी7 शिखर सम्मेलन से इतर जेलेंस्की से मुलाकात की थी. भारत यह कहता रहा है कि यूक्रेन में जारी संघर्ष को बातचीत और कूटनीति के जरिये सुलझाया जाना चाहिए.

नदियों व पुराने तालाबों के किनारे अतिक्रमण को तत्काल हटाएं : सीएम

भाषा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य की नदियों और पुराने तालाबों के किनारे अतिक्रमण को फौरन हटाने के निर्देश दिए हैं. मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर आदित्यनाथ के हवाले से इस सिलसिले में निर्देश जारी किये गये हैं. मुख्यमंत्री ने कहा, मुरादाबाद में रामगंगा नदी के किनारे अतिक्रमण की स्थिति है. ऐसी ही स्थिति काशी, सहारनपुर आदि जनपदों में भी देखी जा सकती है. इसी संदेश में आगे कहा गया, अभी लखनऊ में कुकरैल नदी के पुनरुद्धार की कार्रवाई हो रही है. अवैध बसावट को हटाकर उन्हें अन्यत्र पुनर्वासित कराया गया है. इसी प्रकार, अन्य जिलों में भी स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप कार्य किया जाना चाहिए. मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा, यह सुनिश्चित कराया जाए कि नदी बेसिन में कोई बसावट न हो. पुराने तालाबों/पोखरों व अन्य जलाशयों को संरक्षित किया जाए.अतिक्रमण हो तो तत्काल हटाया जाए. राजधानी लखनऊ में कुकरैल नदी और बंधे के बीच बसाए गए अकबरनगर प्रथम और द्वितीय के अवैध निर्माण तोड़ने की कार्रवाई का नया चरण सोमवार से शुरू कर दिया गया है.

यूक्रेन सैनिकों को हटाए, नाटो में न जाए, तो संघर्ष विराम होगाः पुतिन

एजेंसी। मॉस्को

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को वादा किया कि यदि यूक्रेन अपने कब्जे वाले चार क्षेत्रों से सैनिकों की वापसी शुरू कर देता है और नाटो में शामिल होने की योजना छोड़ देता है तो वह तत्काल यूक्रेन में संघर्ष विराम का आदेश देंगे और बातचीत शुरू करेंगे. कीव के लिए इस तरह का प्रस्ताव अनुपयोगी ही लगता है, क्योंकि वह नाटो सैन्य गठबंधन में शामिल होना चाहता है. वहीं, यूक्रेन ने यह मांग भी की है कि रूस उसके सभी क्षेत्रों से अपने सैनिक हटा ले. पुतिन ने मॉस्को में रूस के विदेश मंत्रालय में एक भाषण में कहा, हम ऐसा तत्काल कर देंगे. रूसी राष्ट्रपति का बयान ऐसे समय आया है जब जी-7 के सदस्य देशों समेत कई वैश्विक नेता इटली में जुटे हैं और यूक्रेन में शांति लाने के प्रयासों के तहत स्विट्जरलैंड इस सप्ताहांत में कई वैश्विक नेताओं के सम्मेलन की मेजबानी करने वाला है, जिसमें रूस शामिल नहीं होगा. उनके प्रस्ताव का उद्देश्य यूक्रेन में संघर्ष का आखिरी समाधान निकालना है. उन्होंने कहा कि रूस बिना देरी के बातचीत शुरू करने को तैयार है.

मुंबई के अधिकतर हिस्सों में बारिश, गर्मी से लोगों को मिली राहत

मुंबई। मुंबई में दो दिन के बाद शुक्रवार को अधिकांश हिस्सों में एक बार फिर बारिश हुई जिससे लोगों को तपिश और उमस से राहत मिली. नगर निगम के एक अधिकारी ने बताया कि गरज के साथ बारिश शुरू हुई लेकिन इससे शहर में कहीं भी बड़ी मात्रा में जलभराव की कोई खबर नहीं है. अधिकारी ने बताया कि रेलवे और बृहन्मुंबई विद्युत आपूर्ति एवं परिवहन (बीईएसटी) बस की सार्वजनिक परिवहन सेवाएं काफी हद तक सामान्य हैं. हालांकि कुछ स्थानों से सेवाओं में कुछ विलंब की सूचना है. भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले 24 घंटे में शहर और उपनगरों में बादल छाए रहने के साथ हल्की से मध्यम बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया

नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री तमांग ने सोरेंग-चाकुंग सीट छोड़ी

भाषा। गंगटोक

सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने शुक्रवार को कहा कि वह सोरेंग-चाकुंग विधानसभा सीट छोड़ रहे हैं और रेनॉक सीट का प्रतिनिधित्व करेंगे. राज्य में विधानसभा चुनाव में सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा के अध्यक्ष तमांग ने दोनों सीट पर जीत हासिल की थी. साथ ही उनकी पार्टी ने राज्य की 32 में से 31 सीट जीतते हुए प्रचंड बहुमत से सरकार बनाई. तमांग ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा, मैं सोरेंग-चाकुंग विधानसभा क्षेत्र के लोगों से क्षमा मांगता हूं क्योंकि मैंने उसे छोड़ने का निर्णय लिया है, ताकि एक ईमानदार और वफादार पार्टी

पदाधिकारी को विधायक के रूप में आपकी सेवा करने का अवसर मिल सके. तमांग ने इस फैसले का एलान ऐसे समय में किया जब उन्हें चुनाव नियम 1961 की धारा 67/ए के तहत चुनाव परिणाम जारी होने के 14 दिनों के भीतर दो निर्वाचन क्षेत्रों में से एक को छोड़ने पर फैसला लेना था. सिक्किम विधानसभा में लगातार सातवीं बार विधायक बने तमांग ने कहा, कल 15 जून को इस निर्णय का अंतिम दिन है.

केजरीवाल की जमानत याचिका पर सुनवाई 19 को

नयी दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी घोटाले से संबंधित धन शोधन के एक मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका पर सुनवाई शुक्रवार को 19 जून के लिए निर्धारित कर दी. अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मुकेश कुमार ने मामले में जवाब दाखिल करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय द्वारा और समय देने के अनुरोध के बाद सुनवाई को स्थगित कर दिया. न्यायाधीश ने केजरीवाल की ओर से दाखिल एक अर्जी पर सुनवाई शनिवार के लिए निर्धारित कर दी. अर्जी में केजरीवाल की स्वास्थ्य स्थिति और उपचार का निर्धारण करने के लिए गठित मेडिकल बोर्ड की कार्यवाही में उनकी पत्नी को वीसी से शामिल होने की अनुमति देने के निर्देश देने का अनुरोध किया गया था.

कुवैत अग्निकांड : 45 भारतीयों का शव कोच्चि पहुंचा

कोच्चि। कुवैत अग्निकांड में मारे गये 45 भारतीयों के शव लेकर भारतीय वायुसेना का विमान शुक्रवार को केरल के कोच्चि एयरपोर्ट पर उतरा. जान लें कि कुवैत के मंगाफ शहर में बहुमंजिली इमारत में लगी भीषण आग में 45 भारतीय नागरिकों की मौत हो गयी थी. भारतीय वायुसेना का सी-130जे सुपर हरक्यूलिस विमान भारतीयों के शवों को अपने देश लाने के लिए भेजा गया था. केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कोच्चि इंटरनेशनल हवाई अड्डे पर मृतकों को श्रद्धांजलि दी. देने के लिए पहुंचे. जानकारी के अनुसार कुवैत अग्निकांड में मृत लोगों में सबसे ज्यादा 23 लोग केरल के नागरिक हैं. तमिलनाडु के सात, उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश के 3-3 नागरिक, ओडिशा दो, महाराष्ट्र, कर्नाटक, बिहार, झारखंड, बंगाल, पंजाब और हरियाणा के भी एक-एक नागरिक की मौत हुई है.

प्रेरणा नरसिंह का इरादा प्रथम श्रेणी का अधिकारी बनने का है, तैयारी जारी रख रहे हैं

दर्जी के बेटे ने 24 की उम्र में चार प्रतियोगी परीक्षाएं पास कीं

भाषा। लातूर

महाराष्ट्र के लातूर में एक दर्जी के 24 वर्षीय बेटे ने प्रतिभा और दृढ़ निश्चय का असाधारण उदाहरण पेश करते हुए बहुत कम समय के भीतर चार प्रतियोगी परीक्षाएं उत्तीर्ण कीं, हालांकि उनका इरादा यहीं रुकने का नहीं बल्कि प्रथम श्रेणी का अधिकारी बनने के अपने सपने को पूरा करने का है.

महाराष्ट्र के लातूर जिले के निलंगा कस्बे में रहने वाले नरसिंह विश्वनाथ जाधव एक गरीब परिवार से ताल्लुक रखते हैं. नरसिंह के पिता विश्वनाथ जाधव पेशे से दर्जी हैं. नरसिंह जाधव अपने पहले ही प्रयास में सिविल इंजीनियर सहायक (सीईए) की परीक्षा उत्तीर्ण कर परभणी जिले के सेलु में लोक निर्माण विभाग में सीईए के पद पर तैनात हुए हैं. परीक्षा के परिणाम की घोषणा 16 मार्च 2024 को हुई थी. उनकी अन्य उपलब्धियों में पालघर जिला परिषद में कनिष्ठ अभियंता और जल संसाधन विभाग में सीईए के परीक्षा उत्तीर्ण करना है. नरसिंह ने कनिष्ठ अभियंता की परीक्षा में प्रथम स्थान हासिल किया था, जिसके नतीजों को घोषणा मार्च में ही हुई थी.

नरसिंह जाधव ने पालघर जिला परिषद में सीईए की परीक्षा भी पास की, जिसका परिणाम बुधवार को घोषित किया गया.



पढ़ाई जारी का लिया है संकल्प

नरसिंह के अभी जो परीक्षाएं पास की, वे सभी पद प्रथम श्रेणी में नहीं आते इसलिए नरसिंह ने राजपत्रित अधिकारी बनने के अपने सपने को पूरा करने के लिए पढ़ाई जारी रखने और अधिक परीक्षाएं देने का संकल्प लिया है. नरसिंह जाधव ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, मैंने प्रथम श्रेणी अधिकारी का पद हासिल करने की महत्वाकांक्षा के साथ अपना सफर शुरू किया और इस दिशा में लगातार कड़ी मेहनत की. हालांकि मैं लोक निर्माण विभाग में सीईए के रूप में शामिल हो गया हूं लेकिन मैं अपनी पढ़ाई यहां नहीं रोकूंगा और प्रथम श्रेणी का अधिकारी बनने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास जारी रखूंगा. मुझे अपने चाचा डॉ. सतीश जाधव से प्रेरणा मिली. नरसिंह के चाचा शिक्षक हैं. नरसिंह जाधव ने अपनी स्कूली शिक्षा निलंगा के महाराष्ट्र विद्यालय से पूरी की. इसके बाद उन्होंने लातूर के पूरनमल लाहोटी पॉलिटेक्निक से पढ़ाई की और फिर पुणे के सिंहगढ़ कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से इंजीनियरिंग की पढ़ाई की. नरसिंह ने कई चुनौतियों और वित्तीय समस्याओं का सामना करते हुए कड़ी मेहनत की है. नरसिंह जाधव प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए एक आदर्श बन गए हैं.

हूती विद्रोहियों ने अदन की खाड़ी में दो क्रूज मिसाइलें दागीं

- जहाज पर भी हमला किया : अमेरिका

एजेंसी। दुबई

अमेरिका ने कहा कि ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने अदन की खाड़ी में जहाज रोधी दो क्रूज मिसाइल दागीं और एक वाणिज्यिक जहाज को निशाना बनाया, जिससे जहाज में आग लग गयी व एक व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गया. अमेरिकी मध्य कमान ने बताया कि एम/वी वर्बेना में अब भी आग लगी हुई है और घटना में झुलसे व्यक्ति को चिकित्सा उपचार के लिए अमेरिकी हेलीकॉप्टर से निकटवर्ती एक अन्य जहाज पर ले जाया गया. मध्य कमान ने एक बयान में कहा कि यूक्रेन के स्वामित्व वाले वर्बेना जहाज पर पलाउ का झंडा लगा था. पौलेंड द्वार संचालित विशाल मालवाहक जहाज मलेशिया से चला था और लकड़ी लेकर इटली की ओर जा रहा था. बयान के मुताबिक, एम/वी वर्बेना क्षतिग्रस्त हुआ और उसमें आग लग गयी. चालक दल आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहा है.

इजराइल-हमास युद्ध को लेकर हूती विद्रोही इस तरह के हमले कर रहे हैं और गुरुवार को हुआ हमला उनके अभियान का हिस्सा है. ब्रिटेन की सेना के ब्रिटेन समुद्री व्यापार संगठन केंद्र ने गुरुवार को कहा कि एक जहाज पर हमला किया गया जिससे जहाज में आग लग गयी. निजी सुरक्षा कंपनी एम्ब्रे ने कहा कि एक मालवाहक जहाज ने सूचना दी कि जहाज पर मिसाइल से हमला किया गया.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)